


राष्ट्रीय

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 ट्रंप के टैरिफ वार के बीच रूस में डोभाल की...

कहीं अमेरिका पर ही भारी न पड़ जाए... 10



वर्ष : 13 ■ अंक : 122 ■ पटना, रविवार, 10 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# सीएम नीतीश ने रक्षाबंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस पर वृक्ष को बांधा रक्षा सूत्र बांधा

## महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के मौके पर आज पटना स्थित राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। ज्ञात हो कि 13 अगस्त 2012 को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने



के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अति आवश्यक है। जल-जीवन-हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर भी उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार एवं स्नेह का त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। आज के दिन हम सभी को महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण का संकल्प लेना चाहिए।

## स्कूली छात्राओं ने पीएम मोदी को बांधी राखी

प्रात : किरण

नई दिल्ली। देश भर में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भाई-बहन के रिश्ते को समर्पित इस त्योहार पर दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर एक भावनात्मक आयोजन हुआ, जहां विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। प्रधानमंत्री मोदी के आवास पर दिल्ली के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। इन छात्राओं ने पीएम मोदी की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी बड़ी ही आत्मीयता के



साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया और उनके साथ समय बिताया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की अनेकानेक शुभकामनाएं। इससे पहले, भारतीय सेना की दक्षिणी कमान के जवानों को भी बच्चियों ने राखी बांधी। दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, संस्कृति फाउंडेशन के स्वयंसेवकों और बच्चों ने बाइसन डिवीजन के सैनिकों को राखी बांधी और इस बात की पुष्टि की कि हमारे सैनिक कभी भी अपने परिवार से दूर नहीं होते। हम इस हार्दिक समर्पण, सम्मान और स्नेह के बंधन को बहुत महत्व देते हैं जो राष्ट्र निर्माण में सेवा और योगदान के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,995 |
| चांदी | 1,17,000 |
| सेंसेक्स | 79,857 |
| निफ्टी | 24,363 |

### कुलगाम मुठभेड़: दो जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये और अन्य दो घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि मुठभेड़ आज नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि कल रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया।

### भारत का रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 1.51 लाख करोड़ : राजनाथ सिंह

## रक्षा उत्पादन में भारत ने लगाई लंबी छलांग, 5 साल में 90 प्रतिशत की वृद्धि

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपए के साथ अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर रहा। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के 1.27 लाख करोड़ की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। साल 2019-20 में यह आंकड़ा 79,071 करोड़ था, यानी 5 साल में 90 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर वृद्धि भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन में काम करने वाली कंपनियों और निजी उद्योगों के सामूहिक प्रयास की सराहना की।





सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राजनाथ सिंह ने लिखा, मैं इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, यानी रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के निमाताओं और निजी उद्योग के सामूहिक प्रयासों की सराहना करता हूं। यह बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों का कुल उत्पादन में लगभग 77 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत रहा। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023-24 में 21 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23 प्रतिशत हो गई, जो देश के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में इस क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दशार्ती है। रक्षा मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत सरकार के रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता को दशार्ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता घटाने और देश में एक मजबूत रक्षा औद्योगिक ढांचा खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न सिर्फ घरेलू जरूरतों को पूरा करे, बल्कि निर्यात क्षमताओं को भी सशक्त बनाए। गौरतलब है कि रक्षा निर्यात में भी देश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात बढ़कर 23,622 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसमें वित्त वर्ष 2023-24 के 21,083 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात आंकड़ों की तुलना में 2,539 करोड़ रुपए या 12.04 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## भारत ने मार गिराए पाकिस्तान के 5 फाइटर जेट समेत 6 विमान

### ऑपरेशन सिंदूर: एयर चीफ मार्शल ने किया बड़ा खुलासा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए उसके छह विमान मार गिराए थे। भारत ने पाकिस्तान के जिन विमानों को मार गिराया, उनमें 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शामिल थे। इनमें अलावा एक इंटेलिजेंस कलेक्ट करने वाला विमान भी भारतीय सेना ने ढेर किया है। शनिवार को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने यह जानकारी दी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार बेंगलुरु में यह बड़ा खुलासा किया है। वह यहां आयोजित एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे व्याख्यान के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसके अलावा पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को भी भारत ने ढेर कर दिया। यह विमान हवाई निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने से जुड़े काम में मदद करता है। वायुसेना के मुताबिक पाकिस्तानी सेना के विमानों को लगभग 300



किलोमीटर की दूरी से मार गिराया गया। जानकारी के मुताबिक जैकोबाबाद एयरबेस पर खड़े कुछ विमानों को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने बोलारी एयरबेस पर सटीक हमलों में एक पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को ध्वस्त किया। वायुसेना के अनुसार यह जानकारी विश्वसनीय खुफिया इनपुट्स पर आधारित है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 सिस्टम का पहली बार इस्तेमाल हुआ था। माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व उसके तुरंत बाद यह वास्तविक जानकारी इसलिए बाहर नहीं आई क्योंकि तब भारतीय वायुसेना तकनीकी इनपुट्स का विश्लेषण कर रही थी। जानकारी के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने सभी पांच लड़ाकू विमान और पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को 7 मई को मार गिराया था। गौरतलब है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी, जिसके बाद भारत ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसके तहत पाकिस्तान के भीतर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारतीय सेना के इस हमले में सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत हुई। वहीं पाकिस्तान सेना ने भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों को अपना निशाना बनाने की कोशिश की। इसका करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिए। गौरतलब है कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सिद्ध करने में कामयाब रहा है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ही एक मुखौटा है।

## चुनाव आयोग ने 334 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण किया रद्द

- वर्तमान में छह राष्ट्रीय दल, 67 क्षेत्रीय दल और 2854 अवैमान्य पंजीकृत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश की चुनावी प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने 334 पंजीकृत अवैमान्य राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटा दिया है। यह कार्रवाई लगातार छह वर्षों तक चुनाव में हिस्सा न लेने और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्धारित नियमों का पालन न करने के आधार पर की गई है। इस कदम से अब देश में पंजीकृत दलों की संख्या 2854 से घटकर 2520 रह गई है। आयोग के अनुसार देश में वर्तमान में छह राष्ट्रीय दल, 67 क्षेत्रीय दल और 2854 अवैमान्य पंजीकृत हैं। इन दलों को पंजीकरण के समय नाम, पता, पदाधिकारियों के विवरण देने और किसी भी बदलाव की सूचना आयोग को तुरंत देने की बाध्यता होती है। साथ ही दिशा-निर्देशों के तहत यदि कोई दल छह साल तक चुनाव में भाग नहीं लेता, तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। जून 2025 में आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को 345 पंजीकृत की




जांच के निर्देश दिए थे। इन दलों को शोकॉज नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी दिया गया।

**345 में से 334 दलों ने नियमों का उल्लंघन किया:** मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर 345 में से 334 दलों को नियमों का उल्लंघन करने के लिए डीलिस्ट किया गया, जबकि शेष मामलों को पुनः सत्यापन के लिए भेजा गया है। आयोग ने इस प्रक्रिया को निर्वाचन प्रणाली की सफाई और सुदृढीकरण के लिए अपनी व्यापक रणनीति का हिस्सा बताया।

डीलिस्ट किए गए दलों को अब जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29इ और 29उ, आयकर अधिनियम 1961 और चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968 के तहत कोई लाभ जैसे कर छूट, मुफ्त मतदाता सूची, प्रसारण सुविधाएं या चुनाव चिह्न प्राप्त नहीं होंगे। प्रभावित दलों को आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर आयोग में अपील करने का अधिकार दिया गया है।




# रेलवे ने की राउंड ट्रिप पैकेज के लिए वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20 फिसदी की छूट की शुरूआत

## प्रायोगिक आधार पर आरंभ, राउंड ट्रिप पैकेज की बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी और आगे की यात्रा 13 से 26 अक्टूबर तक होगी

■ 17 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक बुक की गई रियायती वापसी यात्रा टिकटों पर वर्तमान 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारतीय रेल भीड़ से बचने, परेशानी मुक्त बुकिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयास कर रही है। त्योहारों के मौसम में भीड़भाड़ को कम करने और विशेष ट्रेनों सहित रेलगाड़ियों का दोनों तरफ से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रियायती किराए पर राउंड ट्रिप पैकेज नामक प्रायोगिक योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना उन यात्रियों पर लागू होगी जो नीचे दी गई निर्धारित अवधि के दौरान अपनी वापसी यात्रा भी चुनते हैं:इस योजना के तहत, समान यात्रियों के समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए बुकिंग करने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का यात्री विवरण आगे की यात्रा के समान होगा।एआरपी तिथि 13 अक्टूबर 2025 के लिए बुकिंग प्रारंभ तिथि 14 अगस्त होगी। आगे की टिकट पहले 13 अक्टूबर 2025 और 26 अक्टूबर 2025 के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए बुक की जाएगी और बाद में 17 नवंबर और 1 दिसंबर 2025 के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग करके वापसी यात्रा टिकट बुक की जाएगी। वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।उपरोक्त बुकिंग केवल दोनों दिशाओं के कन्फर्म टिकटों पर ही मान्य होगी।वापसी यात्रा के मूल किराए पर केवल 20% की कुल छूट दी जाएगी।इस योजना के अंतर्गत बुकिंग आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए समान श्रेणी और समान ओ-डी जोड़ी के लिए होगी।इस योजना के अंतर्गत बुक किए गए टिकटों के लिए किरया वापसी की अनुमति नहीं होगी।

उपर्युक्त योजना फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को छोड़कर सभी श्रेणियों और विशेष ट्रेनों (मांग पर ट्रेनें) सहित सभी रेलगाड़ियों में मान्य होगी।

किसी भी यात्रा में इन टिकटों में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा।

रियायती किराए पर वापसी यात्रा बुकिंग के दौरान कोई छूट, रेल यात्रा कूपन, वाउचर आधारित बुकिंग, पास या पीटीओ आदि स्वीकार्य नहीं होंगे।

आगे और वापसी यात्रा के टिकट एक ही माध्यम से बुक किए जाने चाहिए:इंटरनेट (ऑनलाइन) बुकिंग, या आरक्षण कार्यालयों में काउंटर बुकिंग) इन पीएनआर के लिए चार्टिंग के दौरान यदि कोई अतिरिक्त किराया वसूली होती है, तो कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# बिहार के समृद्ध लोकसंगीत परंपरा को जीवंत करेगी फोक स्टार बिहार

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर फोक स्टार बिहार की शुरूआत की गई। इस उपलक्ष्य पर प्रेस वार्ता सम्मेलन को आईपीएस विकास वैभव, निमार्ता अनिल बालानी, निर्देशक ऋतु श्रीवास्तव व जज सतेंद्र संगीत, मनीषा श्रीवास्तव व अभिषेक मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधित किया।

आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि फोक स्टार बिहार का उद्देश्य बिहार की समृद्ध लोकसंगीत परंपरा को संरक्षित करना, उसका सम्मान बढ़ाना और उसे नई पहचान देने है। हमारे यहां गांव-गांव में ऐसे बेहतरीन कलाकार हैं, जिनकी आवाज में मिट्टी की महक है, पर उन्हें मंच और मौके नहीं मिलते। यह सिर्फ एक रिएलिटी शो नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है, जिसके जरिए हम बिहार की लोक-आवाजों को दुनिया तक पहुँचाना चाहते हैं और उन्हें वह पहचान दिलाना चाहते हैं जिसके वे असली हकदार हैं।

वहीं निमार्ता अनिल बालानी ने कहा कि इस कार्यक्रम की बड़ी खासियत यह है कि शो भोजपुरी, मैथिली, मगही, अंगिका और बज्जिका जैसी भाषाओं में गाए जा रहे लोकगीतों को एक आधुनिक मंच पर प्रस्तुत करता है, जिससे इन भाषाओं और संस्कृतियों को नया जीवन मिलता है। यह शो सिर्फ एक टैलेंट हंट नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है, जो गांव-गांव की आवाज को पहचान दिलाने और बिहार की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। यह शो क्षेत्रीय गायकों के लिए एक ऐतिहासिक मंच बन सकता है, जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, संगीत उद्योग में अवसर और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के रास्ते खोल सकता है। ब्रांड्स और प्रायोजकों के लिए यह कार्यक्रम जनमानस, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों से भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बन सकता है, जो दीर्घकालिक विश्वास और दृश्यता प्रदान करेगा।

# डॉ. सुनील दूबे ने परिवार संग बहनों से बंधायी राखी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। वर्ल्ड फेमस आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज परिवार संग अपनी बहनों अंजनी झा, डॉ. जूली पाण्डेय एवं पार्वती तिवारी से राखी बंधवायी। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रेशम से बनी राखी बाँधकर उनकी आरती उतारी, चंदन टीका किया एवं मिठाई खिलाई। डॉ. दूबे ने बहनों को आशीर्वाद देते हुए पूरी जिन्दगी उनकी रक्षा का वचन दिया। इसके अतिरिक्त डॉ. दूबे के पुत्र एवं आरोग्य वेलनेस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे, सागर दूबे, भतीजा साहिल दूबे एवं राज दूबे को उनकी दो बहनों पूजा दूबे एवं शालू सुनील दूबे ने राखी बाँधी एवं उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। डॉ. दूबे की भावज रिंकी दूबे ने भी अपने भाई अमर प्रकाश तिवारी को राखी बांधी। इस अवसर पर डॉ. दूबे की पत्नी उषा दूबे एवं बहनोई भोला झा भी मौजूद थे।इस अवसर पर डॉ. दूबे ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह 9 अगस्त को मनाया जा रहा है। यह एक पर्व मात्र नहीं है, बल्कि यह भाई और बहन के अटूट प्रेम और बंधन का प्रतीक है। यही वजह है कि प्रतीक के तौर पर बहने अपने भाई की कलाई पर कच्चा धागा बाँध कर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। मैंने भी अपनी बहनों को आजीवन रक्षा का वचन दिया है एवं नेग स्वरूप उपहार भी दिया।

# आज निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

## स्वर्गीय कन्हैया साह के स्मृति में लगाया जाएगा कैंप

अभय आर्या



पटना/ आरा। कोईलवर प्रखंड के धनडीहा गांव में समाजसेवी स्वर्गीय कन्हैया साह के स्मृति में दौलतिया सदन के प्रांगण में आज निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन।शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ दोपहर 2 बजे से आरंभ होगा और संध्या को समापन किया जाएगा।पटना के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, अस्पताल के पूर्व प्राचार्य और बिहार के प्रतिष्ठित वैध (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद ने बताया कि गांव के लोगों को आयुर्वेद का लाभ मिले इसके के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में किडनी, हार्ट, श्वास, ब्लडप्रेशर, उदर रोग, शुगर, मोटापा, से संबन्धित रोगों सहित जरूरतमंद लोगों का जांच कर परामर्श दिया जाएगा। साथ ही आवश्यक दवाई निःशुल्क दी जाएगी।

रोगों का संबंध विकृत खान-पान एवं जीवन शैली और आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार ऋतुओं के अनुकूल खानपान एवं आध्यात्मिक जीवन शैली कैसे बनाए रखे ताकि रोगग्रस्त होने की संभावना बहुत कम हो इस विषय पर चर्चा और जागरूक किया जाएगा। खास कर बुजुर्ग महिलाओं एवं शिशुओं के लिए विशेष उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही पोषण, जीवनशैली, घरेलू औषधियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही रोगों से बचाव के लिए भी बताया जाएगा।

कार्यक्रम में अशोक कुमार प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद, विजय प्रसाद, अमित राज, नागेंद्र प्रसाद उर्फ पिंटू इस स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से रहेंगे उपस्थित।

# ब्रह्मकुमारी व भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने वीर सैनिकों के कलाई पर रक्षा बांध शुभकामना दी

दानापुर। नगर के अंतर्गत रक्षाबंधन पर ब्रह्मकुमाब्रह्मकुमारी की बहने व भाजपा महिला मोर्चा की बहनो ने वीर सैनिको के कलाई पर रक्षा बांध शुभकामना दी झारखंड बिहार सब एरिया में शनिवार को ब्रहमकुमारी व भाजपा महिला मोर्चा की बहने पहुंची। बहनो ने सेना के वीर जवानों व सैन्य अधिकारियो को रक्षा सुत्र बांध उनकी हमेशा विजय होने व लम्बी उम्र की कामना की। रूबी बहन एव गुडिया बहन ने कहा कि देश की रक्षा को लेकर हमारे सेना के जवान परिवार से दुर रहते है। उनके कारण हम सभी सुरक्षित रहते है। सरहद पर हर परिस्थिति में हमारे जवान डटे रहते है। हमारे वीर जवानो को कलाई सुनी न हो इसके लिए आज हम लोगो ने अपने देश रक्षक भाईयो को रक्षा सुत्र बांधी। अपने वीर जवानो को राखी बांध अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। कार्यक्रम में कर्नल एस के सिन्हा, कर्नल एस के प्रसाद, औनरी कैप्टन दिलीप कुमार, हवलदार अमित कुमार, उपेन्द्र सिंह, सेना के जवान व छावनी परिषद के नामित सदस्य आशा देबी, बहन सिवानी, बहन प्रतिमा, बहन बेबी समेत आदि उपस्थित थे।

# बारिश से कई इलाकों में जल जमाव की समस्या से लोगों को हो रही है परेशानी

दानापुर। नगर के अंतर्गत बीते रात हुई बारिश ने कई इलाके में जल जमाव की समस्या उत्पन्न कर दी। नगर परिषद द्वारा जल निकासी को लेकर पानी निकासी का कार्य चलता रहा। बारिश के कारण के आर्यसमाज रोड, नयाटोला नेहरूपथ मार्ग, प्रियदर्शीनगर मोड़, वरूण कालोनी समेत कई इलाके में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गया। लोगो को वारिश के साथ नाले के गंदे पानी से होकर आने जाने को विवश होना पडा। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि जल निकासी के लिए इलाके में करीब सवा सौ से अधिक छोटे बड़े पंप लगाये गये है। कार्य तेजी से किया जा रहा है। जहां से जल निकासी का कार्य हो गया या फिर पानी कम हुआ। उन सब इलाके में ब्लीचिंग पाउडर व चूना आदि का छिडकाव कराया जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्मैकियरो द्वारा उत्पन्न कर दिया जा रहा है। मौका मिलते ही वे पैनल केबूल आदि सामान की चोरी कर ले रहे है। इलाके में जल निकासी को लगे पंप का केबूल की चोरी कर ले रहे है। जिससे परेशानी आ रही है। वही कालोनी में पानी निकासी को लेकर लगाये गये पाइप को उधर से गुजरने वाले वाहन चंद घंटे में ही तोड़ दे रहे है। कई बार पाइप लगाया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि कई जगह घर के सामने पानी निकासी को लगे पाईप पर लोग गाडिया चढा दे रहे है। जिससे बार बार पाइप फट जा रहा है। जिससे परेशानी आ रही है।

# दरधा नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत

मसौढ़ी। थाना क्षेत्र के पिपला गांव स्थित दरधा नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई है।जानकारी के अनुसार शनिवार को वह नदी के किनारे पैर धोने गया था।इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।आसपास के लोगों ने उसे डूबते हुए देखा और तुरंत ग्रामीण को सूचना दी।मृतक की पहचान पिपला गांव निवासी मोहम्मद मुन्ना के रूप में हुई है।मौके पर एसडीआरएफ लोगों ने नदी में कूदकर उसे बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# शराब बिक्री से जुड़े पूर्व के मामले का अभियुक्त पकड़ाया

मसौढ़ी।थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात पूर्व के एक शराब मामले में संलिप्त अभियुक्त को पकड़ा है।पकड़ाया अभियुक्त बदरोई गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव है।जिसे पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिंदेश्वरी यादव पूर्व में शराब बिक्री से संबंधित एक मामले में आरोपी था। जिसकी तलाश पुलिस को थी। लेकिन,गिरफ्तारी के डर से वह फरार चल रहा था।इसी बीच शुक्रवार की देर रात उसके घर पर मौजूद होने की गुप्त सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# भारत की अंडर-20 महिला टीम शानदार वापसी के साथ सेमीफाइनल में

राजगीर । गोपाल विद्यार्थी बिहार के दर्शकों के उत्साहपूर्ण समर्थन के बीच, भारत की अंडर-20 महिला टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स रग्बी अंडर-20 चैम्पियनशिप में शानदार अंदाज में वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, पुरुष टीम ने इस स्तर पर पहली बार यूएई को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कोच कियानो फोरी और कप्तान भूमिका शुक्ला के नेतृत्व में महिला टीम ने कजाखस्तान पर कड़े मुकाबले में 17झ10 से जीत दर्ज करते हुए शानदार शुरूआत की। बिहार की गुरिया कुमारी, अंशु कुमारी और अल्पना कुमारी ने एक-एक ट्राय कर मेजबान टीम को बेहतरीन शुरूआत दिलाई। दोपहर में टीम का प्रदर्शन और दमदार हो गया, जब उन्होंने यूएई को 31झ7 से मात दी। कप्तान भूमिका ने दो ट्राय किए, उप-कप्तान तनुश्री भोसल ने एक, जबकि मुस्कान पिपलोड़ा और अंशु ने भी स्कोर किया। इस जीत के साथ ही टीम ने दिन के आखिरी पूल मैच (हांगकांग चीन के खिलाफ) से पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। पुरुष वर्ग में, कोच पाको हर्नांदेज की टीम ने यूएई को 24झ17 से हराकर इतिहास रच दिया। यह भारत की अंडर-20 स्तर पर यूएई पर पहली जीत थी और अंडर-18 व अंडर-20 वर्ग के बीच पांच मुकाबलों में पहली बार उनके खिलाफ स्कोर भी किया। चरण हेम्ब्रम ने एक ट्राय और कन्वर्ज़न से खाता खोला, गोल्डन कुमार और डेविड मुंडा ने भी ट्राय किए। डेविड के दूसरे ट्राय ने यूएई की मजबूत वापसी के बावजूद भारत की जीत पक्की कर दी। हालाँकि पुरुष टीम आगे के पूल ए मैचों में इस लय को बरकरार नहीं रख सकी और श्रीलंका व हांगकांग चीन से 5झ24 के समान अंतर से हार गई। पूल ए में श्रीलंका और हांगकांग चीन शीर्ष पर रहे, जबकि पूल बी में चीन और मलेशिया ने शीर्ष स्थान हासिल किया। अब भारत की अंडर-20 महिला टीम कल सेमीफाइनल खेलेगी, जबकि पुरुष टीम घरेलू दर्शकों के सामने कजाखस्तान के खिलाफ पाँचवें स्थान के लिए अपने अभियान का समापन करेगी।

# वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी से मिले रालोजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल

पटना । रालोजपा एवं दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने शनिवार को पटना एक होटल में विकासशील इंसान पार्टी सुप्रीमो पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद शनिवार को पटना के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अग्रवाल ने कहा कि वीआईपी सुप्रीमों मुकेश सहनी से मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से राज्य में निर्वाचन आयोग के द्वारा कराये गए मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के उपरांत प्रकाशित प्रारूप में से बड़ी संख्या गड़बड़ी मिल रही है।

# रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस पर वृक्षबंधन कार्यक्रम का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वाधान में रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को एनवायरनमेंट वॉरियर्स, छात्रों तथा स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्षों को राखी बांधा कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयोजक संजय कुमार और निशांत रंजन ने कहा कि कई कारणों से पेड़ों को काटा जा रहा है. पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम है ऐसे में वृक्षों की रक्षा के लिए राखी बांधा कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना हमारा कर्तव्य बनता है।मौके पर एनवायरनमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने बताया कि आज रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस एक ही दिन है, पेड़ हमारे सबसे बड़े रक्षक है, इसलिए आज के अवसर पर आम लोगों को उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वृक्षबंधन का आयोजन किया गया है।वहीँ, सभ्यता कुमारी ने बताया कि पेड़-पौधों से हमारा जीवन संभव हो पाया है, इसलिए सर्वप्रथम इन्हें धन्यवाद देने तथा इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। पेड़ों को राखी बांधना एक सांकेतिक पहल है, जो मनुष्य और वृक्षों की हजारों साल पुरानी अंतसर्बंध को प्रदर्शित है। इस मौके पर अंकित राज, प्रियांशु रंजन, मासूम रंजन, निश्चल कुमार, राजकुमार, संजन कुमार, आकाश राज आदि लोग उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन के अवसर पर बिहारशरीफ में मेरा विधायक मेरा परिवार के तहत मंत्री डॉ. सुनील कुमार को 600 से अधिक महिलाओं ने बांधी राखी




प्रातः किरण संवाददाता

पटना ।रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहारशरीफ में ह्लमेरा विधायक, मेरा परिवारह्व कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर 600 से अधिक महिलाओं ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार को राखी बांधी।

भावनाओं से भरे इस समारोह में महिलाओं ने मंत्री को राखी बांधकर न सिर्फ भाई का स्नेह जताया, बल्कि अपने सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा भी उनसे पाया। जवाब में डॉ. सुनील कुमार ने सभी बहनों का आशीर्वाद और प्रेम स्वीकार करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र की हर महिला की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बहनों को प्रेम और सम्मान के प्रतीक स्वरूप सुंदर घड़ियां भेंट कीं। इस मौके पर मंत्री ने कहा, ह्लरक्षाबंधन सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सुरक्षा का प्रतीक है। मेरे क्षेत्र की हर महिलाओं की रक्षा एवं सम्मान मेरा कर्तव्य है।ह्व उन्होंने कहा कि आज देश हो या राज्य हर जगह महिलाओं को एनडीए सरकार पर भरोसा है। क्योंकि जो काम कई दशकों में विपक्षी पार्टी की सरकारों ने नहीं किया, वो महिलाओं के हितार्थ वो सभी कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में सुशासन के प्रतीक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार ने कर दिखाया। इसका लाभ बिहारशरीफ में भी माताओं एवं बहनों को मिला। इसलिए आगे भी माताओं एवं बहनों का आशीर्वाद हमें मिलेगा, यह आज इस पावन अवसर पर साफ जाहिर हो रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के इस अनोखे उत्सव ने न केवल रिश्तों को मजबूत किया बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास की डोर को भी और सुदृढ़ बना दिया।

# आयुक्त के निर्देश पर पटना शहर में लगातार छठे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार छठे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10 बजे पूर्वाह्न से 02 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ गाँधी मैदान गेट नं. 12 से गेट नं. 5 तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 500/- जुमार्ना वसूल किया गया।पाटलिपुत्र अंचल में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यहाँ ज्ञान भवन से कारगिल चौक डीएम ऑफिस होते हुए पुनः बिस्कोमान भवन से ज्ञान भवन तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 1,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

कंकड़बाग अंचल में 10 बजे पूर्वाह्न से 02 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यहाँ ओल्ड बाईपास भूतनाथ रोड से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 11,600/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद् दानापुर निजामत में 12.30 बजे अपराह्न से 02.30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ रूपसपुर नहर से गोला रोड तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 12 अवैध पोस्टर/बैनर हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 2,500/- जुमार्ना वसूल किया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 15,600/- जुमार्ना वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।आयुक्त डॉ. सिंह ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह निम्नवत हैः-

(क) पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना(ख) अपर जिला दण्डाधिकारी, नगर व्यवस्था, पटना

(ग) पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, पटना (घ) अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम(च) सिटी मजिस्ट्रेट-सह-प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना आयुक्त डॉ. सिंह ने निदेश दिया कि मल्टी एजेंसी अभियान में मॉनिटरिंग सेल के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से क्रियाशील रहकर विशेष निगरानी रखेंगे।गौरतलब है कि आयुक्त द्वारा सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु पटना में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निदेश दिया गया था।

उनके निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री कार्तिकेय के. शर्मा तथा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर/संबंधित नगर निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नगर निकायों के क्षेत्र में विशेष टीम का गठन कर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाने का निदेश दिया है।

आयुक्त ने विशेष अभियान में शामिल सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान को तार्किक परिणति तक पहुँचाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात व्यवधान, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत पर काम करता है। निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उपमुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने दी रक्षाबंधन पर शुभकामनाएं

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का महापर्व बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की बहनों के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, उन्होंने राखी के धागों में नारी सम्मान और समर्पण की भावना को रेखांकित किया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी रक्षाबंधन को भाई-बहन के अगाध स्नेह और विश्वास का प्रतीक बताते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कामना की कि यह पर्व समाज में सद्भाव, सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करे। वहीं, मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस पर्व को प्रेम और विश्वास का अनमोल बंधन बताते हुए सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट बंधन की मिसाल बताया और समरसता व भाईचारे को बढ़ाने का आह्वान किया। मंत्री रेणु देवी ने इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि रक्षा सूत्र से लेकर उपहार तक, स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर देश को मजबूत करें। उन्होंने इस त्योहार को स्नेह, सुरक्षा और संस्कार का प्रतीक बताया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भी भाई-बहन के प्रेम और विश्वास के इस पवित्र पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### सदाकत आश्रम में मना युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस

पटना। भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम पटना में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष विकास कुमार झा के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस ने शपथ लिया कि हम सभी प्रतिज्ञान लेते हैं कि सच्ची निष्ठा एवं लगन के साथ कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायेंगे। बिना डरे, बिना झुके सदैव संविधान की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि गांधी और नेहरू जी के बताए रास्तों पर चलकर एक सदभावनापूर्ण, समावेशी एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सदैव संघर्ष करेंगे। युवा, महिला, वंचित, शोषित सभी के हक की लड़ाई लडेंगे। समाज में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुरितियों के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। पूर्ण रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि बिहार के गौरव, सम्मान और पहचान को बनाये रखने के लिए एकजुटता के साथ संघर्ष करते रहेंगे। टी.वी, पोलियो, कैंसर और कोरोना जैसी घातक बीमारियों से पीड़ित लोगों की निःस्वार्थ मदद करते रहेंगे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजदेव यादव, असफर अहमद, राजनन्दन कुमार, अमित सिकन्दर, राहुल पासवान सहित दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकत्र्ता उपस्थित थे।

### बिहार कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक 13 और 14 अगस्त को

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें 13 और 14 अगस्त 2025 सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएँगी। इन बैठकों में विभिन्न जिलों के संभावित प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, सदस्य प्रणीति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी के साथ बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, डॉ शकील अहमद खान , डॉ मदन मोहन झा एवं तीनों प्रभारी सचिव भी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि तीनों प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों से आए प्रत्याशियों से विस्तृत जानकारी लेंगे और फिर उसे स्क्रीनिंग कमेटी के सामने रखेंगे। तीनों प्रभारी अपने जिले के प्रत्याशियों से निम्नानुसार मिलेंगेः 13 अगस्त 2025 को प्रभारी सचिव सुशील पासी और देवेंद्र यादव : पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, नालंदा, पटना नगर, पटना ग्रामीण 1 और 2, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, गया जी जिलों से आए संभावित प्रत्याशियों से विचार विमर्श करेंगे। 14 अगस्त 2025 प्रभारी सचिव देवेंद्र यादव और शहनवाज आलम जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, जमुई, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया। पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया जिलों से आए संभावित प्रत्याशियों से मिलेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी संभावित प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना पक्ष स्क्रीनिंग कमेटी के सामने रखें।

# पटना और अन्य जिलों में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है गंगा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लगातार बारिश और कई नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण शनिवार को राज्य के कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, भोजपुर, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा और कटिहार जिलों के कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति देखी गई। जल संसाधन विभाग के ताजा बुलेटिन के अनुसार, गंगा नदी मनेर, दानापुर, दीघा घाट, गांधी घाट, बांका घाट और हथीदह जैसे स्थानों पर (शनिवार सुबह नौ बजे तक) खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पिछले दो-तीन दिन से लगातार बारिश के बाद राज्यभर की अन्य नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को पटना जिले में 89,000 से अधिक लोगों को निचले इलाकों से निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया, जबकि भोजपुर जिले में 21,700 लोगों को निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग के बुलेटिन में कहा गया है, पटना, भोजपुर, वैशाली, लखीसराय और भागलपुर सहित गंगा के किनारे बसे जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है और मूसलाधार बारिश के बाद गंगा और कोसी नदी का जलस्तर बढ़ते से निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हुए हैं। इसने कहा, भोजपुर जिले की 11 पंचायतों के 21,700 प्रभावित लोगों को निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है, जबकि पटना में शुक्रवार को 89,250 लोगों को शिविरों में पहुंचाया गया। आपदा प्रबंधन विभाग ने संबंधित जिलों के प्रशासन को अलर्ट रहने और एहतियाती कदम उठाने को कहा है। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के कारण राज्य में गंगा, गंडक, कोसी, बूढ़ी गंडक, महानंदा और कमला नदियों का जलस्तर बढ़ गया है।

# मतदाता प्रारूप प्रकाशन के नौ दिन राजनीतिक दल ने नहीं दर्ज कराई आपत्तिः चुनाव आयोग

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बिहार मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के 9 दिन हो गए हैं। चुनाव आयोग ने शनिवार को दावा किया कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने इसे लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। बिहार मतदाता सूची के प्रारूप को 1 अगस्त को जारी किया गया था। अब इसे 9 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने इस पर आपत्ति नहीं जताई है। चुनाव आयोग बार-बार कह रहा है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में कोई भी योग्य मतदाता छूटने ना पाए और कोई भी अयोग्य मतदाता जुड़ने न पाए। 1 अगस्त को जारी की गई बिहार की प्रारूप मतदाता सूची में कोई भी त्रुटि दूर करने के लिए अपने दावे और आपत्ति दर्ज करें। हालांकि, अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की है। विपक्ष लगातार एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहा है। बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची से बाहर करके उनके अधिकार छीनने का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन मसौदा मतदाता सूची में नाम हटाने या सुधारों को लेकर किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई। चुनाव आयोग ने बूथ-वार मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की थी, जो सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा भी की गई। चुनाव आयोग ने यह भी जानकारी दी कि बिहार के सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने भी अपने बीएलए की संख्या 1,38,680 से बढ़ाकर 1,60,813 कर दी है। उल्लेखनीय है कि बिहार लंबी कतारों से बचने के लिए प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1,200 तक सीमित करने वाला पहला राज्य बन गया है। मतदान केंद्रों की संख्या 77,895 से बढ़ाकर 90,712 कर दी गई। इसी तरह, बीएलओ की संख्या भी 77,895 से बढ़ाकर 90,712 कर दी गई। बिहार के मतदाताओं की सहायता के लिए, स्वयंसेवकों की संख्या भी 1 लाख की जा रही है।

**एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 चैम्पियनशिप 2025**

# भारत की अंडर-20 महिला टीम शानदार वापसी के साथ सेमीफाइनल में



- पुरुष टीम ने यूएई को हराकर रचा इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता

राजगीर, 9 अगस्त 2025 : बिहार के दर्शकों के उत्साहपूर्ण समर्थन के बीच, भारत की अंडर-20 महिला टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स रग्बी 72 अंडर-20 चैम्पियनशिप में शानदार अंदाज में वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, पुरुष टीम ने इस स्तर पर पहली बार यूएई को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कोच कियानो फोरी और कप्तान भूमिका शुक्ला के नेतृत्व में महिला टीम ने कजाखस्तान पर कड़े मुकाबले में 17-10 से जीत दर्ज करते हुए शानदार शुरूआत की। बिहार की गुरिया कुमारी, अंशु कुमारी और अल्पना कुमारी ने एक-एक ट्राय कर मेजबान टीम को बेहतरीन शुरूआत दिलाई। दोपहर में टीम का प्रदर्शन और दमदार हो गया, जब उन्होंने यूएई को 31-7 से मात दी। कप्तान भूमिका ने दो ट्राय किए, उप-कप्तान तनुश्री भोसल ने एक, जबकि मुस्कान पिपलोड़ा और अंशु ने भी स्कोर किया। इस जीत के साथ ही टीम ने दिन के आखिरी पूल मैच (हांगकांग चीन के खिलाफ) से पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। पुरुष वर्ग में, कोच पाको हर्नांदेज की टीम ने यूएई को 24-17 से हराकर इतिहास रच दिया। यह भारत की अंडर-20 स्तर पर यूएई पर पहली जीत थी और अंडर-18 व अंडर-20 वर्ग के बीच पांच मुकाबलों में पहली बार उनके खिलाफ स्कोर भी किया। चरण हेम्ब्रम ने एक ट्राय और कन्वर्जन से खाता खोला, गोल्डन कुमार और डेविड मुंडा ने भी ट्राय किए। डेविड के दूसरे ट्राय ने यूएई की मजबूत वापसी के बावजूद भारत की जीत पक्की कर दी। हालाँकि पुरुष टीम आगे के पूल ए मैचों में इस लय को बरकरार नहीं रख सकी और श्रीलंका व हांगकांग चीन से 5-24 के समान अंतर से हार गई। पूल ए में श्रीलंका और हांगकांग चीन शीर्ष पर रहे, जबकि पूल बी में चीन और मलेशिया ने शीर्ष स्थान हासिल किया। अब भारत की अंडर-20 महिला टीम कल सेमीफाइनल खेलेगी, जबकि पुरुष टीम घरेलू दर्शकों के सामने कजाखस्तान के खिलाफ पाँचवें स्थान के लिए अपने अभियान का समापन करेगी।

# तेजस्वी-राहुल में अभी झूठ बोलने का चल रहा है कंपटीशन : सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता



पटना/नई दिल्ली। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दोनों नेताओं में झूठ बोलने का कंपटीशन चल रहा है। दरअसल, बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं, चुनाव आयोग ने प्रदेश की मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करवाई है। इस दौरान मतदाता सूची से 60 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को हटाया गया है। विपक्ष इस प्रक्रिया पर आयोग और भाजपा पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा रही है। इसी बीच बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, तेजस्वी-राहुल में अभी झूठ का कंपटीशन चल रहा है। एक झूठ राहुल गांधी लेकर आते हैं तो दूसरा झूठ तेजस्वी लेकर आते हैं। कौन झूठा नंबर-1 है, अभी तय करना बहुत कठिन है। सिर्फ इतना है कि एक स्टेट लेवल का झूठा है तो दूसरा नेशनल लेवल का। उल्लेखनीय है कि चुनावी वर्ष में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध को लेकर अधिकतर विपक्षी पार्टियां लामबंद होते दिख रही हैं। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी नेता मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका जता रहे हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी की बात दोहराई। हालांकि, चुनाव आयोग एसआईआर को एक सामान्य प्रक्रिया बता रहा है, ताकि फर्जी वोटर्स को लिस्ट से बाहर किया जा सके। वहीं, भाजपा विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं होने की बात कर रही है और जानबूझकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगा रही है।

# राखी पर तेजस्वी का बड़ा ऐलान :500 में सिलेंडर, 200 यूनिट बिजली मुफ्त

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। रक्षाबंधन के मौके पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार की महिलाओं के नाम भावनात्मक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने नीतीश सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार के 70 हजार करोड़ वापस लौटाने और महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया। तेजस्वी ने यह पत्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक पर साझा किया है। तेजस्वी यादव ने पत्र में बताया कि महागठबंधन की सरकार बनी, तो महिलाओं के लिए माई-बहन योजना के तहत हर माह 2500 भत्ता, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बेटियों की पढ़ाई-खेल और रोजगार के लिए विशेष प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। रक्षाबंधन पर तेजस्वी यादव ने क्या किए वादे? तेजस्वी यादव ने बिहार की सभी महिलाओं से अपील की है कि इस रक्षाबंधन एक राखी तेजस्वी भैया के नाम की भी बांधें और चुनाव में राजद को वोट दें। ताकि, पिछले 20 साल में सरकार में बैठे लोगों ने जो भ्रष्टाचार किया है, उसे वापस लाया जा सके। तेजस्वी ने सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोप लगाते हुए कहा, सत्ता में आते ही हम लोग 70 हजार करोड़ की कथित लूट वापस लाकर महिलाओं को रक्षाबंधन शगुन के रूप में बांटेंगे। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उनकी सरकार आने पर हर घर में रोजगार, बेटियों को मुफ्त कोचिंग, मुफ्त परीक्षा फॉर्म और परीक्षा केंद्र तक मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तेजस्वी यादव ने पत्र में यह भी लिखा कि बिहार को 20 वर्षों से नकारात्मक राजनीति का शिकार बनाया गया है, लेकिन अब बदलाव का समय आ गया है।

# कांग्रेस ने अगस्त क्रांति दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को किया नमन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत छोड़ो आन्दोलन के 83 वीं वर्षगांठ पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आज शहीद स्मारक में अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाएं रखने की प्रतिज्ञान ली गई तथा कांग्रेस सेवादल के द्वारा सदाकत आश्रम से शहीद स्मारक तक तिरंगा मार्च निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से निकले तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम , सेवादल बिहार के प्रभारी अफरोज खान, सेवादल के मुख्य संघटक डॉ संजय यादव कर रहे थे। सेवादल के द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा सदाकत आश्रम से होकर एलसीटी घाट ,राजापुर ,बोरिंग रोड चौराहा ,हाईकोर्ट मोड़ ,वीरचंद पटेल पथ होते हुए विधान सभा गेट के सामने स्थित शहीद स्मारक पर आकर श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिज्ञान कार्यक्रम में तब्दील हो गई। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी कांग्रेसजन को प्रतिज्ञा दिलाई। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह देश त्याग, समर्पण और बलिदानियों का देश रहा है। इस देश को अखंड बनाने में कई कुर्बानियां हुई हैं और कालांतर में हमने गांधीवादी नीतियों से इसे और बुलंद किया । हम कांग्रेसजन इस बात का संकल्प लेते हैं कि आखिरी सांस तक इस देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। हमारा इतिहास बलिदान का रहा है और हमने इस देश को सींचा है। अमर शहीद हमें प्रेरणा देते हैं कि देश के तिरंगा को हमेशा कांग्रेसजन बुलंदी देंगे। देश में तानाशाही सरकार को समझना होगा कि आम जनता के विकास के लिए उन्हें काम करना होगा तभी सच्चे मायनों में हम आजादी की जीती हुई लड़ाई को स्थापित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि 1942 का यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है, जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की गूंज देशभर में फैल गई थी। श्री राम ने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आजादी का अमूल्य उपहार हमें दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलें और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामजतन सिन्हा, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधायक अजय कुमार सिंह, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहें।

# बिहार में एनडीए का सीट बंटवारा लगभग तय : मांझी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एनडीए के सीट बंटवारे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि एनडीए में सीटों का बंटवारा लगभग तय हो चुका है। जिसे जितनी सीटें मिलेंगी, उसी से संतुष्ट होना होगा। जीतन राम मांझी ने शनिवार को पटना में उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, यहां कोई टकराव नहीं है। किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, यह सब कमोबेश तय है। जिसे भी सीटें मिलेंगी, उसे आवंटन से संतुष्ट होना होगा, इसमें विवाद का कोई सवाल ही नहीं है। मांझी ने कहा कि बिहार को एनडीए सरकार की जरूरत है। विपक्षी दल जिस तरह से झूठे बयान और गलत सूचनाएं फैला रहे हैं, उसे देखते हुए इसका मुकाबला करने का एकमात्र तरीका 2025 में एनडीए सरकार का गठन सुनिश्चित करना है। इस बीच, जीतन राम मांझी ने मतदाता सूची को लेकर विपक्षी दलों के नेता, खासकर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, वे (विपक्षी नेता) खुद ही अपनी पोल खोल रहे हैं। तेजस्वी प्रसाद यादव दो एपिक (ईपीआईसी) कार्ड पेश कर रहे हैं, दूसरा कार्ड कहां से आया? उन्होंने आगे कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि वे, फजीवाड़ा, छल-कपट और चालाकी का सहारा ले रहे हैं। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया होता, तो वे आज विपक्ष के नेता की कुर्सी पर नहीं होते। बल्कि, वे इसके लायक भी नहीं होते। जीतन राम मांझी ने सम्राट चौधरी से मुलाकात पर भी जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी बिहार दौरे से पहले पटना में उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी और जीतन राम मांझी की यह मुलाकात हुई। इस दौरान मंत्री संतोष कुमार सुमन भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बताया, ह्लगयाजी से सांसद होने के नाते मुझसे सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुझाव लिए। हमने सुझाव दिया है कि मगध यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम रखा जाए, जहां 3-4 लाख लोगों के पहुंचने पर भी व्यवस्था सही रहेगी।

# एसआईआर को सिर्फ जनता के बीच मुद्दा बनाना चाहता विपक्ष : उपेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर सियासत जारी है। इसी बीच, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सबसे आपत्ति मांग रहा है, उनको वहां गड़बड़ी की शिकायत देनी चाहिए। लेकिन यह लोग एसआईआर को सिर्फ राजनीतिक मुद्दा बनाकर लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शनिवार को पटना में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। सीतामढ़ी में सीता माता मंदिर के शिलान्यास पर विपक्ष के आरोपों को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, यह अच्छा काम है कि सीता माता मंदिर का शिलान्यास हुआ है। इस बात के लिए खुशी मनानी चाहिए, लेकिन कुछ लोगों का काम विरोध करने का है। चुनाव तो हमेशा कहीं ना कहीं होता है। जनता से जुड़ा हुआ काम नहीं रुकना चाहिए। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की तरफ से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराने पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, इन लोगों का मकसद समाधान नहीं, बल्कि सवाल खड़ा करना है।

# रक्षाबंधन पर रोहिणी आचार्य ने भाई तेजस्वी से हमेशा साथ रहने का किया वादा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। देशभर में रक्षाबंधन का उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं राजद विधायक तेजस्वी यादव की बहन रोहिणी आचार्य ने भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। रोहिणी आचार्य ने अपने भाई तेजस्वी यादव को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए हमेशा साथ रहने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हर अच्छे-बुरे वक्त में हम एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। इस राखी पर, मैं वादा करती हूं कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगी। रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भाई। इससे पहले तेजस्वी ने बिहार की महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मेरी प्रिय बिहार की बहनों, आप सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं, ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको यह रक्षाबंधन सुख, समृद्धि, शांति और प्रगति प्रदान करे। राजद नेता ने बिहार की आधी आबादी को खुला पत्र लिखा, जिसमें कई तरह के वादे किए।

उन्होंने बिहार की सभी महिलाओं और छात्राओं को अपनी बहन बताते हुए उनसे तेजस्वी के नाम की भी एक राखी बांधने को कहा। राजद नेता ने दो पन्नों का खुला पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए अपने चुनावी वादे गिनाकर दावा किया है कि उनके तेजस्वी भैया हर घर की हर बहन की समृद्धि के बारे में सोच रहे हैं और नीतियां बना रहे हैं।

# हिन्दी के लिए अस्थि गलाने वाले साहित्य-ऋषि थे आचार्य शिवपूजन सहाय

- कथाकार रमेशचंद्र की कथाओं में है जीवन के प्रति साधु आकांक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। फकीरी की ज़िंदगी जीने वाले हिन्दी के महान साहित्य सेवी आचार्य शिव पूजन सहाय राष्ट्रभाषा के लिए अपना देह गलाने वाले दधीचि के समान साहित्य-ऋषि थे। उनकी विद्वता, विनम्रता और बहशा-सिद्धि की ख्याति संपूर्ण भारत वर्ष में थी। प्रेमचंद जैसे महान कथाकार और जयशंकर प्रसाद जैसे महाकवि अपनी पुस्तकों का परिशोधन आचार्य शिव जी से कराया करते थे। साहित्य की एक जीवंत-कार्यशाला और शब्द-कोश थे शिवजी। यह गौरव का विषय है कि वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष और सम्मेलन पत्रिका साहित्य के वर्षों तक प्रधान-संपादक रहे। यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आचार्य सहाय की जयंती पर आयोजित एकल-काव्य-पाठ की ऋंखला कथयामि कथा के दूसरे अंक की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। इस अंक के कथाकार और शिक्षा विभाग में उपनिदेशक रमेश चंद्र ने अपनी दो कथाओं ह्यपा-पा-पापा तथा लछमिनिया का पाठ किया, जिन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डा सुलभ ने कहा कि श्री रमेश की कथाओं में यथार्थ और काव्य-कल्पनाओं का मणि-कांचन संयोग दिखाई देता है। इनमे जीवन के प्रति नैराश्य का भाव नहीं, अपितु जीवन को गति देने वाली साधु आकांक्षाएँ हैं। इसके पूर्व वरिष्ठ हिन्दी सेवी और सम्मेलन की कार्यसमिति के सदस्य आचार्य विजय गुंजन ने कथाकार रमेश चंद्र का परिचय पढ़ा। कथाओं पर त्वरित समीक्षा करते हुए डा समरेंद्र आर्य ने कहा कि लेखक की दोनों कहानियाँ मर्म-स्पर्शी हैं। इन्हें सुनते हुए लगता है मानो प्रेमचंद और फणीश्वरनाथ रेणु को पढ़ रहा हूँ।

अपनी कहानी के माध्यम से लेखक ने एक शिक्षक के कर्तव्यों को भी रेखांकित किया है। शिक्षक का कर्तव्य केवल पाठ पढ़ा देना भर नहीं है। उसे छात्र-छात्राओं के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखकर शिक्षा देने की चेष्टा करनी चाहिए।

अपनी समीक्षात्मक टिप्पणी में सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि लेखक ने अपनी कहानी पा-पा पापा में एक मानसिक रूप से अविकसित विशेष बच्चे की माँ के ममत्त्व और उसकी अंतर्वेदना की अभिव्यक्ति की है। इस कथा में विशेष बच्चों के माता-पिता की व्यथा और उसके कठिन दायित्व की ओर ध्यान खींचा है और बताया है कि यदि माता-पिता तपस्या जारी रखते हैं तो विशेष बच्चों में भी चमत्कारी परिवर्तन आ सकता है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि, शिवजी एक महान संपादक और भाषा-विद थे। उन्होंने अनेक नवोदित साहित्यकारों को परिमार्जित कर चमकता हीरा बनाया। वे भोजपुर की रत्नगर्भा भूमि के गौरव-पुत्र थे। वरिष्ठ लेखिका विभा रानी श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डा निगम प्रकाश नारायण, इन्दुभूषण सहाय और शायर मोइन गिरीडीहवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डा चन्द्रशेखर आजाद, विजय कुमार सिन्हा, कवि पुरुषोत्तम मिश्र, मोहम्मद फहीम, आनन्द किशोर शर्मा, अमन वर्मा, दुःख दमन सिंह, अशोक कुमार, नन्दन कुमार मीत, कुमारी मेनका, डौली कुमारी, रवींद्र कुमार सिंह आदि सुधी श्रोता उपस्थित थे।

# लोजपा आर मुख्यालय में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का पर्व

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राज्य मुख्यालय पटना में अपने पूरे परिवार के साथ तथा पार्टी के पदाधिकारीयों के साथ रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम से मनाई। आगे श्री चिराग ने रक्षाबंधन का पर्व मनाते हुए पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जहां एक तरफ बहनों का तो एक विश्वास दिलाता है कि उनका भाई हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। वही भाइयों को भी, यह विश्वास मिलता है कि ,उनकी हिम्मत बढ़ती है, उनकी शक्ति बढ़ती है कि उनकी बहन शक्ति स्वरुप में उनके साथ खड़ी है। मेरे लिए पिछले कुछ साल मेरे पिताजी के जाने के बाद कतई आसान नहीं थे, ऐसे में मुझे याद है कि उन परिस्थितियों में भी राखी के इस त्यौहार ने, बहनों के साथ ने और खुशकिस्मत हूं कि इतनी सारी बहनों है मेरी। सबके साथ ने मेरी हिम्मत बांधी, उन परिस्थितियों से बाहर निकालने की, और मैं यह मानता हूं और यह विश्वास रखता हूं, देश का हर भाई बहन, जिस विश्वास के साथ इस रिश्ते को निभाते हैं। मेरे बिहार की हर एक बहन को ढेर सारी शुभकामनाएं तथा बहुत सारी आशीर्वाद देता हूं।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# डीएम ने राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया आपत्ति की सूची

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025, दावा,आपत्ति की सूची साझा करने एवं विचार विमर्श हेतु मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिन निर्वाचकों का गणना प्रपत्र निर्धारित अवधि 26 जुलाई 2025 तक प्राप्त हुआ है,उन्हें प्रारूप निर्वाचक सूची में समाहित कर प्रारूप सूची का प्रकाशन 01अगस्त 2025 को करते हुए प्रत्येक बूथ की मतदाता सूचि की मुद्रित और डिजिटल प्रतियों सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जा चुकी है।प्रारूप निर्वाचक सूची सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ, प्रखंड कार्यालय एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है,जिसे कोई भी व्यक्ति देख सकता है। प्रारूप निर्वाचक सूची निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है,जहाँ कोई भी इसे देख एवं डाउनलोड कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 14 लाख 73 हजार 817 पुरुष मतदाता, 13 लाख 25 हजार 991 महिला मतदाता एवं 44 थर्ड जेंडर कुल 27 लाख 99 हजार 852 मतदाता प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल हुआ है।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा।प्रारूप निर्वाचक सूची के विरुद्ध कोई भी व्यक्ति 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा-आपत्ति दे सकते हैं। दावा आपत्ति अवधि में ऐसे सभी मतदाता,जो 1 जुलाई 2025 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हैं या 1 अक्टूबर 2025 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेंगे,वे निर्धारित घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 में अपना आवेदन दाखिल कर सकते है।दावा आपत्ति सम्बन्धित मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में दिया जा सकता है।इसके अतिरिक्त दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिले के सभी प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय एवं नगर निकायों के कार्यालयों में विशेष कैंप स्थापित किया गया है, जहा 2 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक दावा आपति प्राप्त किया जायेगा। प्रत्येक कैम्प में जिले का कोई भी मतदाता किसी भी प्रकार के दावा,आपत्ति आवेदन पत्र यथा प्ररूप 6, प्ररूप 7 प्ररूप 8, घोषणा पत्र एवं अन्य दस्तावेज समर्पित कर सकते है।निर्वाचक सूची में नाम शामिल करने हेतु प्ररूप 6, किसी भी व्यक्ति के नाम पर आक्षेप के लिए प्ररूप 7 एवं किसी भी प्रविष्टी में सुधार या एक जगह से दुसरे जगह स्थानांतरण के लिए प्ररूप 8 में आवेदन देना होगा।नए प्रावधान के अनुसार प्ररूप-06 एवं बिहार राज्य से बाहर के निर्वाचक के बिहार राज्य के निर्वाचक सूची में नाम दर्ज करने के लिए, प्ररूप-08 साथ एनेक्सर-डी जमा करना अनिवार्य होगा।इसके अतिरिक्त प्ररूप 06 के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 दस्तेवाज में से कोई दस्तवेज संलग्न करना होगा।बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा फार्म 6 उपलब्ध कराने को लेकर अनुरोध किया।बैठक में सहायक समाहर्ता के परीक्षित, अपर समाहर्ता विभागीय जांच से राकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।राजनीतिक दलों की ओर से गोपाल ठाकुर, सत्यनारायण पासवान, उदय शंकर यादव, राणा चंदन सिंह, मुकुंद चौधरी, प्रदीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## विश्व कल्याण की कामना से 55 वां चरण पादुका पदयात्रा आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। साधना स्थल खजुरी अंचल सिमरी बख्तियारपुर उद्भव स्थल, बैकुंठ धाम परसरमा, सुपौल तक आचार्य प्रभाकर के द्वारा समाजिक सद्भाव एवं विश्व कल्याण की कामना से प्रत्येक पूर्णिमा को 32 किलोमीटर तक चरण पादुका पदयात्रा निकाली जाती है। आचार्य प्रभाकर ने कहा कि चरण पादुका धारण करने के दो लाभ हैं आध्यात्मिक और शारीरिक। किसी भी शुभ कार्य में धार्मिक अनुष्ठान में खराऊं का हमारे सनातन धर्म में विशेष महत्व है खासकर यज्ञोपवीत संस्कार में बरुवा धारण करते हैं।भक्तजन भगवान को खराऊं चढाते है। खराउं धारण करने से मन एकाग्र होता है याददाश्त में वृद्धि होती है अनिंद्र, दुस्वप्न से छुटकारा मिलता है नाकारात्मक विचार के साथ हीं अनेकानेक बिमारी से निजात मिलती है। बिना ईश्वर के इसारा के पत्ता भी नहीं हिलता है, ये यात्रा गोसाईं जी के प्रेरणा उन्हीं के आशीर्वाद से आज 55 कांवर स्वरुप खराऊं का भार चढ़ाया गया। ये यात्रा साधना स्थल खजुरी, अंचल सिमरी बख्तियारपुर सहरसा से बैकुंठ धाम परसरमा सुपौल 32 किलोमीटर की दूरी 7 घंटे का समय लगता है। रास्ते में गोसाईं जी द्वारा रचित भजन कीर्तन गाते सभी भक्त पूजा अर्चना के बाद मुख्य पुजारी दिनेश बाबा को पादुका अर्पण करते हैं। इस दौरान मुख्य पूजारी दिनेश ओझा, टहलू नथुनी कामत, राजो झा गूरुजी आदि थे।

## महिला मोर्चा के अध्यक्ष ने राष्ट्र सेवकों को बांधी राखी, दिया संरक्षण का संदेश



प्रातः किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।भाई-बहन के अटूट प्रेम और संरक्षण के पर्व रक्षाबंधन को दरभंगा पूर्वी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निभा देवी ने बेनीपुर विधानसभा में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विकास में कार्यरत विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को राखी बांधी।जिनमें प्रशासनिक अधिकारी, वकील, डॉक्टर, अस्पतालकर्मी, सफाईकर्मी, व्यवसायी और सब्जी विक्रेता शामिल थे।निभा देवी ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जहां बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं और भाई अपनी बहन की आजीवन रक्षा का वचन लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो भाई राष्ट्र सेवा के कारण अपनी बहनों से दूर हैं, उन सभी की बहनें भारतीय जनता पार्टी की मातृशक्ति हैं।

इस मौके पर निभा देवी के साथ प्रभारी मुन्नी देवी, विजय लक्ष्मी देवी, फूल कुमारी, चांदनी कुमारी और हिरन देवी समेत कई बहनें उपस्थित थीं।

# मिथिला में रक्षाबंधन का उल्लास—सीमा पार से आई बहनों ने सजाया रिश्तों का तिलक

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर में पर्व की रौनक, बेटी-रोटी संबंध ने बढ़ाई भारत-नेपाल की सांस्कृतिक मिठास

श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर मिथिलांचल में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। तड़के से ही गांव-गांव और शहर की गलियों में रौनक देखी गई। घरों में पूजा की थालियाँ सज रही थीं, जिनमें रोली, चावल, दीपक, मिठाई और रंग-बिरंगी राखियाँ रखी गई थीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधते हुए तिलक किया, आरती उतारी और दीघार्यु व सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा का वचन दिया।सीमा से सटे मधुबनी जिले के जयनगर में रक्षाबंधन को लेकर विशेष चहल-पहल रही। बाजारों में सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। राखी, मिठाई, सूखे मेवे और पारंपरिक उपहारों की दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जयनगर की गलियों में रंगीन दुकानों और मिठाइयों की खुशबू ने त्योहार का रंग और गहरा कर दिया।नेपाल के धनुषा और महोत्तरी जिलों से कई बहनें अपने भाइयों से मिलने जयनगर पहुचीं। इन बहनों ने राखी बांधकर न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत किया, बल्कि भारत-नेपाल के बीच पीढ़ियों से चले आ रहे ह्यबेटी-रोटीह्न के रिश्ते को भी जीवंत कर दिया। सीमावर्ती इलाकों में बसे परिवारों के लिए यह दिन केवल पर्व नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और रिश्तो से जुड़ने का भावनात्मक अवसर होता है।महिला विकास मंच की जिला अध्यक्ष दीपशिखा ने कहा, ह्लरक्षाबंधन केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच अटूट विश्वास, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। राखी का धागा चाहे कितना ही पतला क्यों न हो, इसमें भावनाओं की इतनी गहराई होती है कि यह हर परिस्थिति में रिश्तों को मजबूत बनाए रखता है।मिथिला की एक प्रचलित कहावत है – राखी के धागा में ईमान, सम्मान आ विश्वास के गांठ बंधल रहै छै। यानी, यह धागा केवल सजावट का नहीं, बल्कि जीवनभर के लिए निभाए जाने वाले वचनों और भावनाओं का बंधन है। यही कारण है कि रक्षाबंधन सीमाओ, भाषाओं और दूरी की दीवारों को पार कर, दिलों को जोड़ने का कार्य करता है।दिनभर रक्षाबंधन के गीत और लोकधुनें गलियों में गूंजती रहीं। कहीं बहनें भाइयों के लिए पकवान बना रही थीं, तो कहीं बच्चे भी उत्सव में शामिल होकर एक-दूसरे को मिठाई खिला रहे थे। जयनगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक, हर घर में आज प्रेम, अपनापन और सांस्कृतिक एकता का माहौल रहा।

## राखी सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास का प्रतीक है : पप्पू सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



अलीनगर(दरभंगा)।रक्षाबंधन पावन पर्व के अवसर पर, दरभंगा पूर्वी जिला बीजेपी के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह के आवास पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दरभंगा पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान शामिल हुए। कार्यक्रम में अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से पहुंची सैकड़ों बहनों ने महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह को राखी बांधी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये श्री सिंह ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बहन की राखी सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। हमारे लिए, हमारी बहनें ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं और उनकी सुरक्षा और सम्मान हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। महासचिव श्री सिंह ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा बहनों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है, जिसमें उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और विभिन्न सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसी योजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर कई स्थानीय बीजेपी नेता सुधा देवी,रिंकू देवी,जीवछि देवी,शांति देवी,रंजीत देवी,लक्ष्मी देवी,पूनम देवी आदि सैकड़ों की संख्या में बहने और कार्यकर्ता भी शामिल रही। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रमोशन के बाद घर आए आईजी का भव्य स्वागत



➤ परिजन व दोस्तों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया

प्रातः किरण संवाददाता

लखीसराय।शहर के पुरानी बाजार नया टोला निवासी 2006 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार राज के पुलिस महानिरीक्षक नागरिक सुरक्षा आईजी बिहार,पटना बनने के बाद शनिवार को घर आने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। बेतिया, नवगछिया, मुंगेर सारण एवं सुपौल के एसपी रह चुके तेज तर्रार आईपीएस का उनके घर के निकट अभिमन्यु चौक पर परिजन व दोस्तों ने ढोल बाजा के साथ गुलदस्ता व फूल का माला पहनकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय लोगों के बीच मिठाई बताकर खुशी का इजहार किया गया। ज्ञात हो आईपीएस पंकज राज नियमित अंतराल पर छुट्टी मिलने के बाद अपने पैतृक घर नया टोला आते रहते हैं। जहां अपने समर्थक व दोस्तों के बीच सामान्य नागरिक की तरह समय व्यतीत करते हैं। जिसके कारण लखीसराय आने पर आसपास के लोगों का उनके घर जमावड़ा लगा रहता है। ज्ञात हो दो अगस्त को राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर उनके प्रमोशन को सार्वजनिक किया था। जिसकी जानकारी के बाद से ही उनके परिजन व आसपास के लोगों में खुशी का माहौल था। उनके घर आने का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे थे। पंकज ने स्वागत करने वालों को धन्यवाद दिया। मौके पर परमानंद केसरी, कन्हैया यादव, मुरारी यादव, सुबोध रजक, वीरेंद्र यादव, संजीत वर्मा, चंदन केसरी, प्रमोद केसरी, संजय वर्मा, पंकज यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजीव कुमार उर्फ सोनी, हरि कुमार, राकेश कुमार, बंटी केशरी, एवं पिंटू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अगले14अगस्त तक उत्तर बिहार में हल्की बारिश की संभावना

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 14 अगस्त तक उत्तर बिहार के जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में अच्छी बारिश हो सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत। मौसम विज्ञान विभाग ने 9 से 14 अगस्त तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.4 एवं 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इस अवधि में 17.8 मि०मी० वर्षा हुई।9से14 अगस्त तक के पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रह सकते हैं। अगले 24 से 72 घंटो तक अनेक स्थानों पर हलकी से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 12 से 15 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से अगले तीन दिनो तक पछिया उसके बाद पूर्व हवा चलने का अनुमान है।

विगत दिनों में उत्तर बिहार में बर्षा होने से खेतों में जल जमाव की स्थिति बन गई है। इस स्थिति में किसानों को सलाह दी गई है कि अरहर, हल्दी, ओल, सुर्यमुखी एवं मक्का की खड़ी फसलों तथा सब्जियों की नर्सरी में जमा हुए अधिक वर्षा जल के निकासी की व्यवस्था करें। कद्दू सब्जियों को उपर चढ़ाने की व्यवस्था करें ताकि वर्षा से सब्जियों की लत्तर को गलने से बचाया जा सके। किसान

बैगन की फसल में तना एवं फल छेदक कीट की शुरूआती रोकथाम के लिए बैगन की रोपाई के 10 दिनों बाद 1 ग्राम फ्युराडान 3 जी० दानेदार दवा प्रति पौधा की दर से जड़ के पास मिट्टी में मिला दें।फूलगोभी की अगात किस्में कुँआरी, पटना अर्ली, पूसा कतकी, हाजीपुर अगात, पूसा दिपाली की रोपाई करें। खेत की तैयारी के समय 20 से 25 टन सड़ी गोबर की खाद, 30 किलोग्राम नेत्रजन, 60 से 80 किलोग्राम फॉस्फोरस, 40 से 60 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। बोरान तथा मॉलिब्डेनम तत्व की कमी वाले खेत में 10-15 किलो ग्राम बोरेक्स तथा 1-2 किलोग्राम अमोनियम मालिब्डेट का व्यवहार करे।

## यह रक्षाबंधन कार्यक्रम उन्हें आजीवन याद रहेगा : कर्नल डीके सिंह



प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। रक्षा बंधन के पावन अवसर पर दधीचि देहदान समिति एवं मारवाड़ी महिला मंच की बहनों ने 8 बिहार बटालियन और 2 बिहार बटालियन एनसीसी के फौजी भाइयों को राखी बांधकर उनके साहस, समर्पण और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर बहनों ने न केवल फौजी भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की, बल्कि देहदान और अंगदान के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मारवाड़ी महिला मंच की अध्यक्षा नीलम बजाज, सुलोचना केडिया, नीलम जैन, दधीचि देहदान समिति की बंदना बोहरा, प्रतिभा सरावगी, ज्योति प्रकाश, आद्या सरावगी, नव्या सरावगी और जैसवी मिश्रा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का संचालन दधीचि देहदान समिति के क्षेत्रीय मंत्री मनमोहन सरावगी द्वारा किया गया।वहीं, दधीचि देहदान समिति दरभंगा से कुमार आदर्श और राजेश बोहरा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय योगदान दिया।

आठ बिहार एनसीसी के कमान अधिकारी ले. कर्नल डी के सिंह बहनों की भावनाओं से बहुत अभिभूत हुए एवं उन्होंने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि आज का रक्षाबंधन कार्यक्रम उन्हें आजीवन याद रहेगा। तो वहीं दूसरे कार्यक्रम में 2 बिहार मेडिकल एनसीसी के समादेष्टा मेजर डॉ गौरव भदाना ने कहा कि वे और उनके सहयोगी फौजी आज अपनी बहनों की राखी की प्रतीक्षा ही कर रहे थे और अपनी बहनों को याद कर रहे थे कि इन बहनों का आना जैसे किसी को कोई दौलत मिल गई हो। सूबेदार मेजर मदन तमांग ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभी बहनों को फौजी भाइयों की तरफ से उपहार देकर धन्यवाद के साथ घर विदा किया गया।

## धूम-धाम के साथ मनाया गया भाई-बहन का अनोखा त्योहार रक्षाबंधन

विभूतिपुर/समस्तीपुर । रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम और बंधन का प्रतीक है।प्रखंड क्षेत्र सहित पूरे देश में 9 अगस्त शनिवार को धूमधाम के साथ भाई-बहन का यह अनोखा त्योहार बनाया गया।बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी एवं मिठाई खिलाकर दीघार्यु की कामना की। वहीं भाई अपने बहन को उपहार स्वरूप भेंटकर जीवन भर रक्षा करने का संकल्प लिया।बता दें कि रक्षाबंधन का त्योहार सावन माह के पूर्णिया तिथि को मनाया जाता है।इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त शनिवार को मनाया गया। रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर एक सप्ताह पहले से ही बाजारों से लेकर चौक चौराहों के दुकानें अनेकों किस्म के मिठाईयां एवं रंग बिरंगी राखियों से सजी थी। शनिवार की सुबह से ही सड़कों व चौक चौराहों पर काफी भीड़ देखी गई।बता दें कि रक्षाबंधन पौराणिक कथाओं पर भी आधारित है।इसकी शुरूआत माता लक्ष्मी ने की थी।माना जाता है कि राखी सुरक्षा की भावना का प्रतीक है।

## दुग्ध समिति संचालक ने मारपीट व लूट-पाट को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर । थाना क्षेत्र के डीह टभका वार्ड 02 निवासी राम लखन यादव के पुत्र सह नंद डेयरी दुग्ध समिति के संचालक ललित कुमार ने मारपीट व लूट-पाट को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें गांव के ही कतिपय लोगों को आरोपित किया है। बताया है कि शनिवार की सुबह में अपने समिति पर दुग्ध नापी कर रहा था। तभी गांव के कतिपय लोगों ने आया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा व लोहा के रॉड से हमला कर जख्मी कर दिया।बीच बचाव करने मेरे चाचा-चाची आए तो उन लोगों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट किया। तथा गर्दन से सोना का चैन एवं रक्षाबंधन के अवसर पर किसानों के वितरण के लिए गल्ला में रखा एक लाख रुपया लूट लिया।

## शिक्षक की पुत्री ने कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर के परीक्षा में पायी सफलता

विभूतिपुर/समस्तीपुर । बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, समस्तीपुर के जिला उपाध्यक्ष और प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया वार्ड 1 के प्रधान शिक्षक राजा राम महतो की सुपुत्री अनुपम अंजन ने राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार द्वारा आयोजित कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद हेतु आयोजित परीक्षा में सफलता पाकर अपने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।अनुपम को स्टेट रैंक 2515 मिला है।इस सफलता से क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।अनुपम ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार,गुरुजनों और शिक्षाप्रेमियों का प्रोत्साहन, मार्गदर्शन तथा धैर्य के साथ मेहनत को दिया है।

## ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता केंद्र में आम मतदाता ले रहे हैंड्स-ऑन का अनुभव



मुजफ्फरपुर।आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम मतदाताओं में ईवीएम एवं वीवीपैट से जुड़ी जानकारी और विश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय के पास विशेष ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र संचालित किया जा रहा है।इस केंद्र में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट से मतदान की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अभ्यास कराया जा रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री धीरज कुमार एवं श्री नीरज कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो आम नागरिकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।प्रदर्शन केंद्र में प्रतिदिन लगभग 50 लोग पहुंचकर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां आने वाले लोगों को हैंड्स-ऑन अनुभव के माध्यम से वोट डालने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई जा रही है, जिससे मतदाताओं में विश्वास और सहजता का माहौल बन रहा है।

कोई भी व्यक्ति जो ईवीएम-वीवीपैट से वोटिंग करने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझना चाहते हैं, वह कार्यालय अवधि में प्रदर्शन केंद्र पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। साथ ही, प्रशिक्षण हेतु आने वाले सभी लोगों की जानकारी का पंजी भी संधारित किया जा रहा है, जिससे भविष्य में आंकलन एवं फॉलोअप किया जा सके।यह पहल मतदाताओं को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कामरेड भोगेंद्र झा हर दल व सर्वहारा वर्ग के नेता थे : राजीव चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। भोगेंद्र झा चौक पर कामरेड भोगेंद्र झा की 102 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।उपस्थित लोगों ने पहले उनके प्रतीमा पर माल्यार्पण कर उनके किए गए सभी कृत पर प्रकाश डालें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय मिथिला संघ, दरभंगा के अध्यक्ष विनय कुमार झा उर्फ संतोष झा ने किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने मैथिली में शपथ लिए थे और मिथिला और मैथिली के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील थे, और यहां बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान पर हर समय चर्चा करते थे।जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि कामरेड भोगेंद्र झा हर दल में और हर व्यक्ति के बीच हर समय रहते थे, और वे किसी एक जात की राजनीति नहीं करते थे वह जात-पात को मानते भी नहीं थे। वह हर समय सर्वहारा वर्ग की बात करते थे और सभी लोगों का कैसे विकास हो इस पर चिंतन और मंथन करते थे। आज अगर उनकी बातों पर केंद्र सरकार और बिहार सरकार अमल करती तो आज जो बाढ़ और सुखाड़ बिहार में एक अभिशाप है इसका स्थाई निदान हो चुका होता। उस समय के राष्ट्रपति श्री राजेंद्र प्रसाद जब दरभंगा के टाउन हॉल जो राजेंद्र प्रसाद के नाम पर है। वहां आए थे तो वह हमारे कामरेड झा से मुलाकात कर इस बाढ़ के और सुखाड़ के स्थाई निदान पर गहन चिंतन और मंथन किया और कामरेड भोगेंद्र झा कहे थे कि अगर आप लोग इस तीन जगह हाई डैमप का निर्माण करवा देते हैं तो बाढ़ और सूखाड़ का स्थाई निदान हो जाएगा और इससे जो बिजली उत्पन्न होगी उसे बिहार ही नहीं बिहार के अन्य राज्यों में भी बिजली की आपूर्ति की जाएगी। जिससे कि हमारा बिहार भी आर्थिक दृष्टिकोण से भी सशक्त और मजबूत हो जाएगा। इस अवसर पर दिनेश गंगानानी,मुखिया मोहम्मद तमन्ना,संघ के उपाध्यक्ष राम नाथ पंजियार, संयुक्त सचिव पवन कुमार चौधरी, संघ के प्रवक्ता रौशन कुमार झा, सुनील कुमार झा, बालेन्दु झा, आशीष झा, सदानंद झा, जितेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार राय, राजू मिश्रा ने सम्बोधित किया।

# एनडीए सरकार गरीबों के उत्थान व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध:अजीत

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार शनिवार को कांटी क्षेत्र के कई गांवों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। क्षेत्र के हरिचंदा, बंगड़ी , बरौना, वीरपुर, साइन छपरा देवानंद कुर्मी टोला खोखरांहा पासवान टोला कुशी हरपुर होरिली में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर श्री कुमार के समक्ष सामाजिक व व्यक्तिगत समस्याओं को रखा।

पूर्व मंत्री ने लोगों की समस्या सुनने के उपरांत मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर कई समस्याओं का निदान कराया।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार गांव के गरीबों का विकास एवं उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रही है। समाज के अधिकांश गरीब उन योजनाओं से लाभान्वित भी हो रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि आप चिंता न करें एन डी ए सरकार गरीबों के सम्मान व उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबध है। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही पेंशन योजना, 125 यूनिट मुक्त बिजली , 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज , प्रधानमंत्री आवास , विश्वकर्मा योजना , शिक्षक व महिलाओं के नौकरी में लागू डोमिसाइल नीति, किसान सम्मान निधि , मुफ्त का अनाज, अनाथ बच्चों के लिए परवरिश योजना का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया । जन संवाद कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता जोधा राय, विनोद राय, मुकेश गिरी, राहुल कुमार यादव , सुरेंद्र गिरी, पूर्व मुखिया रणजीत सिंह, चुनचुन सिंह ,पप्पू गुप्ता, सरपंच मनोज पंडित , नागेंद्र पंडित,नीरज साह , दिनकर सिंह, मो मैनुद्दीन , डॉक्टर अली अहमद ,मो नईम, मो अब्बास, मो हमीद, मो मुस्लिम, मो नसरुद्दीन, मो मंसूर, पंचू राय, शंभू राय , अमरेंद्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, पवन कुमार साह , कौशल किशोर ठाकुर , शिवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, लड्डू साह, बंटी शाही, चंदन साह ,डॉ अमरेश ,अरविंद पटेल, लक्ष्मण पटेल, गजाधर पटेल , सुबोध पासवान, चंदन पासवान ,संजीव कुमार पटेल , टुन्नी शाही आदि ने सक्रिय भूमिका निभाया।

## भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, 8 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर ।बिहार मद्यनिषेध इकाई, पटना द्वारा मिली सूचना के आधार पर अहियापुर थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिठनपुरा चौक स्थित बसंत पैलेस के पास गोडाउन से एक कंटेनर सहित दो पिकअप पर लदे कुल विदेशी शराब-3546 लीटर के साथ आठ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। गिरफ्तार शराब तस्करों में विकाश कुमार मुहल्ला मेवालाल चौक थाना अहियापुर,सिकंदर कुमार ग्राम बहुआरा जिला पूर्वी चम्पारण ,विजय कुमार ग्राम डुमरावा थाना चकमहेशी जिला समस्तीपुर ,अजीत कुमार राय ग्राम बलहाॅ थाना चकमहेशी जिला समस्तीपुर,राजेश कुमार ग्राम पैगम्बरपुर थाना सिवाईपट्टी, जिला मुजफ्फरपुर रंजीत कुमार रामपुरहरी,सिंधेस कुमार ग्राम मोधोपुर सुस्ता थाना मनीयारी और धर्मेन्द्र कुमार ग्राम अली नेंउरा थाना मीनापुर, चारो जिला मुजफ्फरपुर के बताए गये हैं। तीन वाहनो को भी जब्त किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 10 अगस्त, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### 29 वां श्रावणी मटेश्वर महोत्सव व 216 फीट कांवर पद यात्रा पर की गई बैठक आहूत

सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के कांठो पंचायत स्थित मुखिया भोलेन्द्र राय के आवास पर 29वें श्रावणी मटेश्वर महोत्सव सह 216 फीट कांवर पद यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया भोलेन्द्र राय ने की। बैठक में डाक कांवरिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सचिन शिवेंद्र पोद्दार, चुनचुन रजक, टुनटुन सिंह, उप मुखिया अमित पोद्दार, धीरेंद्र राय, चंद किशोर राय, अनिल यादव, हक्कू पासवान समेत कई स्थानीय समाजसेवी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि कांवर पद यात्रा का शुभारंभ 14 अगस्त 2025 को राजघाट छर्रा पट्टी, मुंगेर घाट से होगा। 15 अगस्त को मानसी रेलवे मैदान, 16 अगस्त को सिमरी बख्तियारपुर में रात्रि विश्राम रहेगा। 17 अगस्त को बाबा मटेश्वर धाम में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। संघ ने बताया कि सभी विश्राम स्थलों पर निःशुल्क भंडारा एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई।

### मतदाता पुनरिक्षण सूची में नाम नहीं जूटने और मृत घोषित करने पर पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

भागलपुर। जिले में चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता पुर्ण निरक्षण मामले में एक नये बात सामने आया है/ इस मामले में पुर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं राजद नेता नट बिहारी मंडल ने कहा कि मतदाता पुर्ण निरक्षण में महेशी पंचायत के वार्ड एक के बूथ नम्बर 110 में लक्ष्मी कुमारी जो जीवित है उसका मतदाता पुर्ण निरक्षण सूची में मृत घोषित कर दिया और महेशी पंचायत के मोतीचक गांव वार्ड पांच के बूथ नम्बर 108,109 में मतदाता सूची में नये और पुराने लोगों का नाम भी नहीं जुट पाया है जो चुनाव आयोग भाजपा के इसारे पर चलने का आरोप लगाकर गरीब लोगों का नाम छुटने की बात सामने आ रही है कि बात कही/ इस दौरान दर्जनों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे

### बाढ़ प्रभावित लोगों को सरकार के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं :पूर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी

भागलपुर। सुल्तानगंज के अजगैवीनाथ धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर शनिवार को पूर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं महागठबंधन के नेता नट बिहारी मंडल ने बाढ़ प्रभावित इलाका गनगनिया पंचायत,तिलकपुर पंचायत, महेश पंचायत, इंग्लिश चिचरौन, अकबरनगर, किशनपुर पंचायत का जायजा लेने पहुंचे/ इस दौरान पुर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं महागठबंधन के संभावित विधायक प्रत्याशी नट बिहारी मंडल एवं राजद के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद यादव ने मिडिया को बताया कि लगातार दस दिन से भी अधिक दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ने पर घोरघट से लेकर किशनपुर तक दस से एग्यारह पंचायत बाढ़ के चपेट में हैं लेकिन सरकार के द्वारा अबतक कोई भी व्यवस्था बाढ़ प्रभावित लोगों के नहीं कि गई सीर्फ अस्वाशन ही दिया गया है,और प्रशासन पानी घटने का इंतजार कर रही है कि बात कही।

### एसपी समेत कई हस्तियों ने दी रक्षा बंधन की शुभकामना

# महिलाओं की सुरक्षा का लें संकल्प : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई। भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षा बंधन का महा-महोत्सव आज पूरे देश में उल्लास और उमंग के माहौल में मनाया जा रहा है। जिलाधीश नवीन , पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल , उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल , जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी , जानी- मानी समाजसेविका डॉ. स्मृति पासवान समेत अन्य कई हस्तियों ने जिलावासियों को रक्षा बंधन के महापर्व पर अपनी शुभकामना दी है।

जिलाधीश श्री नवीन ने कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं जिलवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामना देता हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और आपसी विश्वास की भावना पर आधारित यह त्यौहार सभी बहन-बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना का संचार करता है। मैं चाहता हूं कि इस पर्व के दिन सभी जिलावासी हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें। साथ ही नारी शक्ति की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने और इसके लिए एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हों। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार हमें सुरक्षा और सम्मान का बोध कराता है। भाई और बहन के बीच यह पवित्र बंधन का उत्सव है। यह एक ऐसा पावन अवसर भी है जो एक-दूसरे का समर्थन करने और उसे संजोने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वजन को बेझिझक आगे बढ़ने का मौका दें ताकि वह अपनी क्षमता का पूरी तरह से एहसास और इस्तेमाल कर सकें। उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल ने कहा कि समस्त जिलावासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक का पर्व रक्षा बंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख , समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए। श्री मंडल ने समस्त जिलावासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का यह पर्व सभी के सुख व समृद्धि की प्रार्थना करता हूं।

जानी-मानी समाजसेविका सह विदुषी महिला डॉ. स्मृति पासवान ने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व है। रक्षा का यह सूत्र आपके इस पावन रिश्ते को सदैव मजबूती के साथ जोड़े रहे। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि हमारी पावन संस्कृति का यह उत्सव सभी के जीवन को सुख-सौभाग्य व समृद्धि से परिपूर्ण रखे। उन्होंने आगे कहा कि भाई-बहन के असीम प्रेम , अटूट स्नेह एवं अनमोल रिश्ते का प्रतीक रक्षा बंधन का यह पावन पर्व जाति , धर्म , पंथ से ऊपर उठकर परस्पर बंधुत्व और मेलजोल को बढ़ावा देने वाला अनोखा त्यौहार है। यह उत्सव भारतीय समाज में महिलाओं को बराबरी का हक देता है। मुझे आशा है कि राखी का यह त्यौहार सभी देशवासियों के जीवन में प्रेम , सौहार्द , एकजुटता और आपसी सद्भावना के रिश्तों को और ज्यादा संबल देगा।

जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी ने कहा कि बहन प्राण हैं , प्रेरणा हैं , मां हैं , ममता हैं , मंगल हैं साथ ही जीवन की आस और उल्लास हैं।

सभी बहनों को भाई-बहन के अप्रतिम प्रेम और अटल विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामना।

## सहरसा में आधी रात चोरी की वारदात, मुठभेड़ में गृहस्वामी घायल, एक आरोपी पकड़ाया

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसनपुर गांव में शुक्रवार की रात करीब 2 बजे चोरी की बड़ी वारदात हुई।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीण मंजय साह के घर की खिड़की तोड़कर तीन चोर अंदर घुसे और घर में रखे जेवरात व नगदी लेकर फरार होने लगे। इसी दौरान, आरोपी पुनः मोबाइल चोरी करने के इरादे से वापस आया, तभी मंजय साह की बड़ी पुत्री की नींद खुल गई। उसने शोर मचाया, जिससे परिजन और ग्रामीण जग गए। मौके पर तीनों चोरों में से दो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, जबकि एक आरोपी नासो मियां को ग्रामीणों और परिजनों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। परिजन ने बताया कि चोर धारदार हथियार से लैस थे।

हाथापाई के दौरान नासो मियां ने गृहस्वामी मंजय साह पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पकड़े गए आरोपी नासो मियां ने खुलासा किया कि उसके दो साथी भोपन कुमार साह और नारद साह चोरी का सामान लेकर भागने में सफल रहे। गृहस्वामी के मुताबिक, जेवरात और नगदी मिलाकर करीब 5 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने सुबह करीब 4 बजे सोनवर्षा कचहरी थाने को दी, लेकिन पुलिस 4 घंटे देरी से मौके पर पहुंची, जबकि घटना स्थल थाने से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर है।

पुलिस की देरी से नाराज ग्रामीणों ने थाने की गाड़ी को घेर लिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी अंजली भारती को स्थिति संभालना मुश्किल पड़ी। इस बीच, जनप्रतिनिधि अरुण मुखिया भी वहां पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर गाड़ी को जाने दिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चाकू बरामद किया गया है।

## किसी भी शुभ कार्य व धार्मिक अनुष्ठान में खराऊं का सनातन धर्म में विशेष महत्व : आचार्य प्रभाकर

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। साधना स्थल खजुरी अंचल सिमरी बख्तियारपुर उद्भव स्थल, बैकुंठ धाम परसरमा, सुपौल तक आचार्य प्रभाकर के द्वारा समाजिक सद्भाव एवं विश्व कल्याण की कामना से प्रत्येक पूर्णिमा को 32 किलोमीटर तक चरण पादुका पदयात्रा निकाली जाती है। आचार्य प्रभाकर ने कहा कि चरण पादुका धारण करने के दो लाभ हैं आध्यात्मिक और शारीरिक। किसी भी शुभ कार्य में धार्मिक अनुष्ठान में खराऊं का हमारे सनातन धर्म में विशेष महत्व है।खासकर यज्ञोपवीत संस्कार में बरुवा धारण करते हैं।भक्तजन भगवान को खराऊं चढाते है। खराउं धारण करने से मन एकाग्र होता है याददाश्त में वृद्धि होती है अनिंद्य, दुस्स्वप्न से छुटकारा मिलता है नाकारात्मक विचार के साथ हीं अनेकानेक बिमारी से निजात मिलती है। बिना ईश्वर के इसारा के पत्ता भी नहीं हिलता है, ये यात्रा गोसांई जी के प्रेरणा उन्हीं के आशीर्वाद से आज 55 कांवर स्वरुप खराऊं का भार चढ़ाया गया। ये यात्रा साधना स्थल खजुरी, अंचल सिमरी बख्तियारपुर सहरसा से बैकुंठ धाम परसरमा सुपौल 32 किलोमीटर की दूरी 7 घंटे का समय लगता है। रास्ते में गोसांई जी द्वारा रचित भजन कीर्तन गाते सभी भक्त पूजा अर्चना के बाद मूख्य पूजारी दिनेश बाबा को पादूका अर्पण करते हैं। इस दौरान मुख्य पूजारी दिनेश ओझा, टहलू नथूनी कामत, राजो झा गूरुजी, मोहर देवी, जीवन कुमार सिंह, मनतोष राय, बच्चन दास, किशन कुमार, नीरज कुमार, गोलू कुमार राय, प्रिंस कुमार, कुणाल, अभिमन्यु कुमार राय, गुड्डू सहित अन्य लोगों ने पदयात्रा में सराहनीय योगदान दिया।

## नरेन्द्र मोदी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा बिहार, जिला स्तर पर निकालेगी जुलूस

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के तत्वावधान में 13 अगस्त को जिला स्तर पर जुलूस निकाला जाएगा। इसकी जानकारी भाकपा जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सह खाड़ा के भूतपूर्व मुखिया दिगंबर झा ने दी। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त 2025 को बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार द्वारा कॉम्प्रिहेंसिव इकोनोमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट की प्रतियां जलाए जाएंगे तथा ट्रेक्टर व मोटर वाहन रैलियां भी निकाली जाएगी। जिला उपाध्यक्ष श्री दिगंबर झा ने कहा कि इस दिन विशेषकर डोनाल्ड ट्रम्प व नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम 13 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने किसान मोर्चा द्वारा किसानों और मजदूरों के नाम छपी एक पर्ची दिखाते हुए कहा कि कार्यक्रम में पूरे जिले के किसान एवं मजदूर आएंगे। वितरित पर्ची में सरकारी खरीद में विदेशी कंपनियों को प्रवेश, बड़े एग्री-बिजनेस को फायदा, छोटे किसानों को नुकसान, भारतीय कृषि की अनुरक्षित स्थिति, पिछले एफटीए से सबक नहीं लेना, संसदीय निगरानी का पूर्ण अभाव जैसे कई मुद्दों का उल्लेख किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के इस जुलूस में अखिल भारतीय किसान महासभा, बिहार राज्य किसान सभा, क्रांतिकारी किसान युनियन सहित दर्जनों युनियन के भाग लेने की बातें बताई जा रही है।आगामी रैली व कार्यक्रम को सफल बनाने में भाकपा जिला उपाध्यक्ष दिगंबर झा, भाकपा अंचल मंत्री प्रमोद सिंह, उमाकांत सिंह, अरुण तांती, लूरी राम, लालकुन राम, सच्चिदानंद शर्मा, सुभाषचन्द्र झा सहित दर्जनों कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटे हैं।

## मधेपुरा की टीम ने सेमी फाइनल में वैशाली जिला को 2 - 0 से हराया ,फाइनल में अपनी जगह बनाई

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । 6 अगस्त 2025 से बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता में लगातार मधेपुरा टीम ने गोपालगंज को 4 - 0 से, किशनगंज को 2 - 0 से एवं शिवहर को 1 - 0 से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची गई। वही सेमी फाइनल में वैशाली जिला को 2 - 0 से हराया फाइनल में अपनी जगह बनाई। तत्पश्चात 8 अगस्त को फाइनल मुकाबला मधेपुरा और पूर्णिया फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमें मधेपुरा टीम ने पूर्णिया को फ्रेंड पेनल्टी शूटआउट में 3 - 1 से हराकर अपना परचम लहराया है। शारीरिक शिक्षा उपाधीक्षक सुश्री आम्रपाली कुमारी ने सभी फुटबॉल खिलाड़ियों जो शिवनंदन प्रसाद मंडल उच्च विद्यालय के छात्र हैं, उन्हें जीत की बहुत बधाई दी है। आगे उन्होंने कहा कि यह मधेपुरा के लिए गौरव का क्षण है अरसों बाद हमारी टीम ने इंटरनेशनल सुब्रतो कप अंडर 17 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी खिलाड़ी के साथ-साथ टीम के कोच को भी बधाई देती हूँ। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता जीत कर टीम अब इंटरनेशनल सुब्रतों कप अंडर -17 पर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है, जहाँ वे विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ खेलेगी। वहीं फुटबॉल अंडर 17 टीम में संजीव कुमार, ऋतिक कुमार, प्रकाश सोरेन, अंकित कुमार, सोनल कुमार राय, सत्या कुमार, इशांत कुमार, आदित्य धनराज्य, ऋशू कुमार, प्रेम कुमार, बिट्टू कुमार, केशान्त कुमार, आयुष राज, शिव शंकर कुमार, करण कुमार, सूरज कुमार एवं दल प्रभारी लूसी कुमारी शामिल हैं।

## एकदिवसीय धरना का आयोजन

मुंगेर।ग्राम पंचायत हरिण मार एवं झौआ बहियार के ग्रामीणों के लिए आवागमन की वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने सहित बाढ़ पीड़ितों की अन्य मांग को लेकर दोनों पंचायत के ग्रामीणों की ओर से किला स्थित शहीद स्मारक के सामने एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया।धरना की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद डॉ गणेश सिंह एवं संचालन जिला राजद मुंगेर के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर देवकीनंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव ने कहा कि 2024 में ही हरिणमार्ग एवमं झौआ बहियार पंचायत को गोगरी जमालपुर बाजार से जोड़ने वाला सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विकल स्वरूप डायवर्सन के माध्यम से पंचायत के लोगों का आवागमन किसी तरह हो रहा था परंतु गंगा का जलस्तर एट अधिक बढ़ने के कारण पानी के दबाव से वह डायवर्सन भी टूट कर बह गया।

## रक्षाबंधन पर भव्य मेले का आयोजन, पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

प्रातः किरण संवाददाता । सहरसा

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जिले के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल आदि शक्ति मां बिशहरा भगवती दीवारी स्थान में चार दिवसीय विशाल मेले का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व जदयू नेता एवं सिमरी बख्तियारपुर के पूर्व विधायक अरुण यादव ने किया। उन्होंने विधिवत दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इलाके में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। मेला अध्यक्ष रामबहादुर यादव की देखरेख में इस आयोजन को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। आयोजन में अनिल ठाकुर, संजीव यादव, इंदल यादव, पुजारी चंदन भगत एवं उपेंद्र भगत, राजेश भगत, बुधन भगत, राजेंद्र भगत , मोहम्मद कमरुल झूला मलिक सहित कई प्रमुख लोगों की सक्रिय भूमिका रही।मोहनपुर पंचायत के मुखिया अरुण यादव भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए और मां भगवती से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खेल सामग्री, मिठाइयों की दुकानें और विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी लगी हुई है। सुरक्षा के खाश इंतजाम किया गया है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पीने के पानी, रात्रि विश्राम, चिकित्सा सहायता और भोजन प्रसाद की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

आयोजकों ने बताया कि चारों दिन तक पूजा, जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि मां बिशहरा भगवती की कृपा से यह स्थान आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। मेले में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु मां का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन में शांति और मंगल की कामना करते हैं।

## गंगा के पानी के दबाव से अस्थायी बांध टूटा

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर)। गंगा में आए बाढ़ के कारण सिंचाई के लिए बन रहे डकरा नाला पंप नहर के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी घुस गया और पानी के दबाव से निर्माण एजेंसी द्वारा बनाया गया अस्थायी बांध टूट गया है। अब इसके कारण कई घर अब कटवा के जद में आ गए है । अब ग्रामीण इससे काफी दहशत में है । मुंगेर जिला अंतर्गत जमालपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत इंद्ररुख पश्चिमी में डकरा सत खजुरिया के पास गंगा में आए बाढ़ के कारण डकरा नाला पंप नहर के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी घुस गया। पानी के दबाव से निर्माण एजेंसी द्वारा बनाया गया अस्थायी बांध टूट गया, जिससे वहां कटाव होना शुरू हो गया । अब इस कटाव के जद वहां बने कई घरों को गंगा में विलीन होने का खतरा बन गया है । कटाव की जद में स्थानीय दुर्गा स्थान भी शामिल है। गंगा का पानी गड्ढे में घुसने की सूचना पर जिलाधिकारी निखिल धनराज निपनिकर, सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत चारों ओर बांस-बल्ला लगाकर बैरिकेडिंग करवाई।

## स्वयंभू अंकुरित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में श्रावण समापन समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



सहरसा। स्वयंभू अंकुरित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में श्रावण समापन समारोह के अवसर पर बाबा के भव्य महाकाल श्रृंगार, 108 भोग एवं भजन संध्या के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सौर बाजार प्रखंड अंतर्गत तिलावे नदी के पावन तट पर रामपुर गांव अवस्थित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में शैलेश कुमार झा कि अध्यक्षता एवं पुजारी गौरीशंकर ठाकुर, रामशरण ठाकुर के संचालन में श्रावण समापन समारोह संपन्न किया गया। महाकाल बाबा जालंधर नाथ के भव्य श्रृंगार पूजन, 108 भोग के साथ साथ भजन संध्या का रंगारंग कार्यक्रम दीक्षा झा, कन्हैया सिंह कन्हैया एवं ब्रजेश बिहारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी श्रद्धालु झूम उठे। बाबा जालंधर नाथ सेवा समिति के शैलेश कुमार झा ने कहा कि, बाबा जालंधर नाथ का शिवलिंग स्वयंभू अंकुरित है। जो आसपास के सैकड़ों गांव में रह रहे शिवभक्तों के आस्था के केंद्र है। यहां हजारों डाक कांवरिया, पांव पैदल बम, बाइक सवार बम मुंगेर छर्रा पट्टी एवं अगुवानी से जल लेकर श्रावण के पवित्र महीने में बाबा को जलार्पण करते हैं। वही प्रत्येक वर्ष सेवा समिति द्वारा श्रावण महोत्सव बाबा दरबार में आयोजित किया जाता है। जिसका समापन बाबा भक्तों के सहयोग से श्रावण पूर्णिमा को भव्यता पूर्वक बाबा दरबार में किया जाता है। श्रृंगार पूजा को सफल बनाने में नंदू दास, रंजय ठाकुर, श्यामल ठाकुर, अमित कुमार रमन, अंशु झा, मनाय मिश्रा, पं० कैलाश मिश्रा, राम गुलाम तांती, संजीव कुमार झा, भजन साह, सुरज कुमार झा, नटबर कुमार, छोटी कुमारी, स्वेता कुमारी, सत्यम ठाकुर, राजा कुमार, कन्हैया मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बहना ने जुड़वा भाई की कलाई पर बांधी राखी

जमुई । जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत मटिया निवासी संजय कुमार के नतनी एनांशी राज एवं प्रियांशी राज ने अपने नन्हे भाई तांविक के हाथों में राखी बांधी और आशीर्वाद दी। ज्ञात हो कि द्वय बहन को 03 अगस्त को परमेश्वर ने भाई को घर में खुशियां देकर भेजा जिसे हर्षोल्लास पूर्वक भाई की कलाई पर राखी बांधी। वहीं द्वय बहन ने अपने चचेरे जुड़वा भाई रूद्रांश और प्रियांश के हाथों में राखी बांध कर ह्लतुम जीयो हजारों सालह्व का आशीष दिया।ऐसे मौके पर दादा बिनोद साव,दादी उषा देवी,नानी नीरु देवी, पिता पंकज कुमार,माता पूजा भारती, अंकल बिट्टू कुमार, आंटी प्रीति एवं छोटे मामा सूर्य प्रकाश राज उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी द्वारा बैजनाथपुर फ्लाईओवर की समस्या को निष्पादित करने का दिया गया निर्देश

सहरसा। जिलांतर्गत सौर बाजार प्रखंड से संबंधित बैजनाथपुर में निमार्णाधीन फ्लाईओवर के निरीक्षण क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा इसके तकनीकी पक्षों के साथ साथ संदर्भित क्षेत्र में यातायात के समुचित प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। अतिक्रमण की समस्या निवारण हेतु उक्त अवसर पर उपस्थित अंचलाधिकारी को यथाशीघ्र आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। यातायात के सुचारु प्रबंधन के उद्देश्य से संदर्भित क्षेत्र में गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश संबंधित तकनीकी पदाधिकारियों को दिया गया है। साथ ही साथ जल जमाव की समस्या निवारण हेतु वर्णित क्षेत्र में नालों के सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संदर्भित क्षेत्र से छोटे वाहनों का परिचालन आज से ही सुनिश्चित हो इस हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक सदर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर, कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जिले में गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर जिला प्रशासन की है पूरी नजर

मुंगेर। जिले में गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर जिला प्रशासन द्वारा पूरी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सहित बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए बने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस परिपेक्ष्य में जिलाधिकारी द्वारा आज कुतलुपुर के बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए लखीसराय जिले के अमरपुर में बने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ सामुदायिक रसोई में बन रहे भोजन को स्वयं खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की बल्कि वहां की पूरी व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आमजन के बीच पॉलीथीन सीट का भी वितरण किया तथा लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहें। जिले में गंगा के रौद्र रूप से गंगा से सटे एवं दियारा क्षेत्र के लोग काफी प्रभावित हुए हैं। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों अथवा आश्रय स्थल पर रहने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में आज कुतलुपुर के बाढ़ प्रभावित विस्थापित लोगों से मिलने जिलाधिकारी लखीसराय जिले के मध्य विद्यालय अमरपुर में बने आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जहां विस्थापित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया वहीं आमजन की समस्याओं को भी सुने। उनके द्वारा आश्रय स्थल पर विस्थापित लोगों के लिए किए गए सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सामुदायिक रसोई संचालक द्वारा विस्थापितों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का जांच स्वयं भोजन खाकर किया। इसके अलावे साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, पेयजल, मेडिकल टीम आदि की समुचित व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित विस्थापित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी चिंतित न हों, जिला प्रशासन आपके साथ है। जिला प्रशासन की ओर से आप सबों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। आप सबों से भी अपील है कि व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

### बाढ़ से परेशान है ग्रामीण

बरियारपुर (मुंगेर)। हाल वैहाल है बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पुर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 5 के जगली टोला गांव का यहां 100 घरों के आबादी गंगा नदी के बाढ से परेशान हो खड़िया पीपरा मुख्य मार्ग पर खुले आकाश के निचे अपने पशुओं के साथ जीवन आपन करने पर मशगूल हो रहे है। कहते है ग्रामीण बच्चु मंडल दश वर्ष पुर्व गंगा नदी के कटाव से बाढ बिस्थापित हो जमीन खरीद कर अपना झौपड़ी निर्माण किया। जमीन पर जमावन्दी करवाया हु। परन्तु बिहार सरकार के नुमायदे आज तक झाकने नही आये।गौडतलव बात है कि सरकार के आदेशों के बाद भी हमारी शुधी लेने बाला कोई नहीं इस सम्बंध मे कई बार अंचल कार्यालय को लिखित आबेदन भी दिये कोई सुनवाई नहीं करते हैं।

## छात्र-छात्राओं ने थाना अध्यक्ष एवं सीओ को राखी बांध लिया अपनी सुरक्षा का आश्वासन

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के बैनर तले शनिवार को छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष पहल की। बच्चे अपने चौसा थाना पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तिलक लगाया, आरती उतारी और राखी बांधकर अपनी सुरक्षा का आश्वासन लिया। अंचल अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अधिकारियों ने भी बच्चियों को आशीर्वाद एवं उपहार देकर उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में कन्या मध्य विद्यालय चौसा एवं जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने उन पुलिसकर्मियों को राखी बांधी जो अपनी ड्यूटी के कारण अपनी बहनों से दूर हैं और राखी के अवसर पर घर नहीं जा पा रहे हैं। जब छात्राओं ने थाना अध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी की कलाई पर राखी बांधी, तो वहां का माहौल भावुक और आनंददायक हो गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने संस्था द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से गांव के बच्चों को यह संदेश गया है कि पुलिस उनका मित्र है। अब डर नहीं, संवाद और सहयोग का समय है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी समय बेझिझक उन्हें अपनी समस्या बता सकते हैं। अंचल अधिकारी शशिकांत यादव ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि, खूब पढ़ो, लिखो और जीवन में आगे बढ़ो। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद सिर्फ रक्षाबंधन मनाना ही नहीं था, बल्कि पुलिस और समाज के बीच में आपसी विश्वास एवं सम्मान को भी मजबूत करना था। छात्राओं की इस पहल से यह संदेश चौसा तथा हर जगह दिया गया है कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं निभाती है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ भावनात्मक रूप से भी जुड़ी भी होती है। संघ के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी एवं सचिव सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने कहा कि इस दिन हमने पुलिस कर्मियों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए राखी का त्योहार मनाया। पुलिसकर्मी चौसा एवं देश की सीमा की रक्षा करने वाले सिपाहियों के समान देश की आंतरिक सुरक्षा की रखवाली करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल के साहस, निष्ठा और सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त करना था। उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और भाईचारे की भावना को प्रबल करते हैं। कार्यक्रम में अवर निरीक्षक सद्दू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विक्रम कुमार, श्रीकांत शर्मा, ग्रामीण पुलिस मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी की धर्मपत्नी प्रियंका देवी, माँ दुर्गा मेला समिति अध्यक्ष आदि थे

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण हेतु कल होगा आम जनसभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

अलौली। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण संघर्ष अभियान का बैठक श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय में समाजसेवी किरण देव यादव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सर्व सम्मति से देवघट्टा चौक निकट अवस्थित 62 बीघा सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु जन समर्थन जुताने हेतु आम जनसभा का आयोजन 11 अगस्त 2025 को 12:00 बजे दिन में श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय में करने का निर्णय लिया गया। तथा सघन जनसंपर्क अभियान चलने का फैसला लिया गया।देश बचाओ अभियान के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि जब उपमुख्यमंत्री का अनुशंसा पत्र देवघट्टा चौक निकट अवस्थित जमीन के संबंध में आ चुका है तो जिला प्रशासन रिपोर्ट क्यों नहीं भेज रहे हैं? देवघट्टा चौक के निकट सरकारी जमीन का रिपोर्ट सरकार को भेजने हेतु उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आदेश आलोक में वित्त विभाग के आप्त सचिव मुरली प्रसाद सिंह द्वारा जिलाधिकारी को अनुशंसा पत्र भेजा गया है, लगभग महीना गुजर चुका है, बावजूद इसके जिलाधिकारी एवं सीओ द्वारा जमीन का निरीक्षण कर रिपोर्ट नहीं भेजा जा रहा है। उक्त परिस्थिति में चरणबद्ध आंदोलन के तहत संघर्ष तेज किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार जिला एवं प्रखंड अंचल प्रशासन की होगी

। श्री यादव ने आम जनता से आमसभा में अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया। श्री यादव ने माननीय मुख्यमंत्री, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, माननीय उपमुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु देवघट्टा चौक के जमीन का जल्द घोषणा करने एवं शिलान्यास करने की मांग किया है। आम जनसभा में देश बचाओ अभियान के राष्ट्रीय महासचिव उमेश ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता गुड्डू ठाकुर, राष्ट्रीय संयोजक मधुबाला, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र कुमार एवं फरकिया मिशन के महासचिव दिनेश शाह, सचिव लालमणि सदा, सहित दर्जनों समाजसेवी मुख्य वक्ता भाग लेंगे।

## हर्षोल्लास व श्रद्धा से मनाया गया रक्षाबंधन त्योहार

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंजः- बहन-भाई के अमर प्रेम व स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पावन त्योहर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों में भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना ,इसे समझो न रेशम का तार भैया मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया,जैसे गीतों के बीच शनिवार को हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया।नन्हीं बहनों व भाइयों में रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह दिखा।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर अलीगंज बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गयी। भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए जहां बहनें आकर्षक राखी की खरीदारी में एक दिन पूर्व से ही व्यस्त दिखीं। वहीं, भाइयों में भी इस पावन त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखा गया। भाई-बहन के प्यार के प्रतीक माने जाने वाले इस त्योहार को लेकर ग्रामीण इलाकों की मिठाई दुकानें एक दिन पहले ही सज गई थी।

भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर रक्षासूत्र बांध उनके स्वस्थ व दीघार्यू जीवन की कामना की। त्योहार को ले क्षेत्र के विभिन्न गांवों में काफी चहल-पहल रही। इससे पूर्व घरों में पकवान बना मंदिरों में पूजा-अर्चना की गयी, मौके पर बहनों ने अपने भाईयों के हाथों पर राखी बांधकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। वहीं, भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान सुबह से गांव में बहनों द्वारा राखी बांधने का कार्यक्रम शुरू हो गया। वहीं, दूर रह रही बहनों ने भी भाई के प्यार को खींच उनके पास लाने का काम किया। पूरे दिन क्षेत्र के सभी गांवों में उत्सवी माहौल बना रहा।छोटे-छोटे बच्चे, नवविवाहित महिलाएं, युवतियां आकर्षक परिधानों में सज संवरकर रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर रोली, अक्षत, चंदन का बहनों ने भाई के माथे पर पहले तिलक किया। फिर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर व मुंह मीठा करवाते हुए भगवान से अपने भाई की सुख समृद्धि, खुशहाली और तरक्की की कामना की। सभी बहनों ने रक्षाबंधन के मौके पर भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई की आरती उतारते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना कर मिठाई खिलाई आशीर्वाद लिया। भाइ ने बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा की वचन दिया। सुबह से ही राखी बंधवाने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रह। भाइयों के घर जाने के लिए नवविवाहित महिलाओं में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। वहीं अलीगंज बाजार में राखी दुकान एवं मिठाई की दुकानों पर सुबह से ग्राहकों का तांता लगा रहा। रक्षाबधन त्योहार की अगर बात करें तो इस बार महिलाओं व लड़कियों के चेहरों पर राखी का खुमार देखते ही बनता था। इस बार महिलाओं व लड़कियों के द्वारा राखी का त्योहार बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया।

## आदिवासी महिलाओं ने बकरी के दूध से बनाया केमिकल फ्री साबुन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



आज के दौर में जब बाजारों में रासायनिक उत्पादों की भरमार है, ऐसे में प्राकृतिक और केमिकल-फ्री उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। त्वचा से जुड़ी समस्याएं, एलर्जी, खुजली, एक्जिमा और दाग-धब्बों की वजह से लोग अब जैविक और आयुर्वेदिक विकल्पों की ओर झुकाव दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में बांसवाड़ा जिला की आदिवासी महिलाओं ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया है, जिसे लोगों ने त्वचा के लिए लाभकारी बताया है। यह पहल न केवल महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, बल्कि समाज को केमिकल-फ्री सौंदर्य उत्पादों की ओर भी प्रेरित कर रही है। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले की महिलाएं सदियों से पारंपरिक ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करती रही हैं। लेकिन अब ये महिलाएं, राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन) जैसे सरकारी कार्यक्रमों की मदद से अपने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक उद्यमिता से जोड़ रही हैं। डूंगरपुर और बांसवाड़ा जैसे जनजातीय बहुल जिलों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा हैं, बल्कि वे जैविक उत्पादों का निर्माण कर स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। विश्व माता वनधन केंद्र डडूका गढ़ी से जुड़ी रूप कांता डामोर और उनकी टीम ने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया है। यह साबुन पूरी तरह प्राकृतिक है, जिसमें किसी प्रकार का हानिकारक रसायन नहीं डाला गया है। त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, बकरी का दूध प्राचीन काल से औषधीय गुणों के लिए जाना जाता रहा है। इसमें मौजूद तत्व त्वचा के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। विटामिन ए त्वचा की मरम्मत और कोमलता बनाए रखने में सहायक होता है। विटामिन डी त्वचा की कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में मदद करता है। विटामिन ई एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करता है और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करता है। लैक्टिक एसिड त्वचा की गहराई से सफाई करता है और मृत कोशिकाओं को हटाता है। प्राकृतिक वसा त्वचा को नमी प्रदान करती है और उसे कोमल बनाती है। इन गुणों के कारण बकरी का दूध न केवल संवेदनशील त्वचा के लिए बल्कि सभी प्रकार की त्वचा के लिए एक उपयुक्त विकल्प माना जाता है। रूप कांता डामोर बताती हैं कि साबुन बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह स्वदेशी है, जिसमें पारंपरिक विधियों और प्राकृतिक सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में कोई सिंथेटिक रंग, कृत्रिम सुगंध या हानिकारक रसायन नहीं डाले जाते। इसके मुख्य घटक हैं बकरी का दूध (उबाल कर और छान कर प्रयोग किया जाता है), गुलाबजल (प्राकृतिक सुगंध के लिए), बेसन (स्क्रबिंग एजेंट के रूप में), वैसलीन और नारियल तेल (मॉइस्चराइजर के रूप में), नीम और तुलसी का अर्क (एंटीसेप्टिक गुणों के लिए) और आवश्यक तेल (जैसे लेवेंडर, टी-ट्री या चंदन)। इन सभी सामग्रियों को निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है, फिर उन्हें सांचे में डाल कर जमाया जाता है। दो से तीन दिनों में यह साबुन तैयार हो जाता है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) ने ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। बकरी दूध साबुन परियोजना इसी का एक उदाहरण है। महिलाएं अब अपने उत्पादों को मेलों, हाट बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बेच रही हैं।इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, पारंपरिक ज्ञान को आय का साधन बनाया गया है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है, महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास हुआ है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश शर्मा बताते हैं कि बकरी के दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को गहराई से साफ करता है और रोमछिद्रों को खोलता है। इसके अलावा, यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और उसे तरोताजा बनाए रखता है। रसायनयुक्त साबुन जहां त्वचा को रूखा और बेजान बना देता है, वहीं बकरी के दूध से बने साबुन त्वचा को पोषण देता है। यह साबुन बच्चों की त्वचा के लिए, एक्जिमा, सोरायसिस जैसे रोगों से ग्रसित लोगों के लिए, मुंहासों की समस्या से जूझ रहे युवाओं के लिए और अत्यधिक शुष्क या अत्यधिक तैलीय त्वचा के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। राजीविका के मेले में पहुंचे ग्राहक बताते हैं कि बकरी के दूध से बने इस साबुन का उपयोग करने के बाद उन्हें त्वचा में फर्क महसूस हुआ है। रेखा शर्मा, जो पहले एलर्जी और खुजली की समस्या से परेशान थीं, बताती हैं कि बाजार के साबुनों से उन्हें राहत नहीं मिली है, लेकिन इस साबुन ने असर दिखाया। ह्लसुगंध हल्की और प्राकृतिक है, जो मन को भाती है ह्व ह्लसाबुन लगाने के बाद त्वचा मुलायम और ताजगी से भरी लगती है ह्व ह्लयह साबुन बाजार के महंगे ऑर्गेनिक साबुनों से कम कीमत में ज्यादा असरदार है। बकरी के दूध से बना यह साबुन न केवल त्वचा के लिए लाभकारी है बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिरहित है। इसमें प्लास्टिक पैकेजिंग का प्रयोग नहीं किया जाता। इसे बायोडिग्रेडेबल सामग्री में पैक कर बेचा जाता है। इसका निर्माण स्थानीय स्तर पर होता है जिससे कार्बन फुटप्रिंट भी कम होता है। पहले जो महिलाएं घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वे आज एक सफल व्यवसाय चला रही हैं। रूप कांता डामोर और उनकी टीम हर महीने 300 से 500 साबुन बनाती हैं और 50 से 80 की कीमत में बेचती हैं। वे अब बकरी पालन को भी अपने व्यवसाय से जोड़ चुकी हैं। रूप कांता पहले एक गृहिणी थीं। राजीविका के प्रशिक्षण से जुड़ने के बाद उन्होंने बकरी पालन शुरू किया। फिर उन्होंने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया और आज वे अपने गांव की कई महिलाओं को रोजगार दे रही हैं।

## किशोरों में नींद की समस्या क्यों बढ़ रही है

अंकित श्रीवास्तव



आज के समय में किशोरों के बीच नींद से जुड़ी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। पर्याप्त नींद न मिलना उनके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। इसके पीछे कई कारण हैं।सबसे पहले, डिजिटल डिवाइस और सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग एक बड़ा कारण है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और वीडियो गेम का देर रात तक उपयोग नींद के प्राकृतिक चक्र को बाधित करता है। इनकी तेज रोशनी मस्तिष्क में मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को कम कर देती है, जिससे नींद आने में देर होती है।दूसरा, शैक्षणिक दबाव और परीक्षा का तनाव भी महत्वपूर्ण कारण है। पढ़ाई, प्रोजेक्ट और अतिरिक्त गतिविधियों के कारण किशोर देर रात तक जागते हैं, जिससे उनकी नींद का समय घट जाता है।तीसरा, अनियमित दिनचर्या और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी नींद की समस्या को बढ़ाती है। देर से सोना, देर से उठना, कैफीन युक्त पेय का सेवन और दिन में अधिक झपकी लेना नींद के पैटर्न को बिगाड़ देता है।चौथा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे चिंता, अवसाद और भावनात्मक अस्थिरता नींद में बाधा डाल सकती हैं। आज के समय में सामाजिक तुलना और भविष्य की चिंता भी किशोरों में अनिद्रा का कारण बन रही है।पाँचवाँ, शारीरिक गतिविधियों की कमी भी जिम्मेदार है। पर्याप्त व्यायाम न करने से शरीर थकता नहीं और नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है।इन सभी कारणों के चलते, किशोरों को समय पर नींद नहीं आती या नींद पूरी नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप उनकी पढ़ाई, मूड और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। समस्या से बचने के लिए डिजिटल समय को सीमित करना, नियमित दिनचर्या अपनाना, तनाव प्रबंधन और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक

**यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं।**





**ललित गर्ग**

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरूआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ह्लसंसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। ह्वचुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बबार्दी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए।

# आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें

**साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सरकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें!! का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी। साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे।**





**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

**लेखक**

वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सरकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें!! का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी। साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें। उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है। उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा। अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी सराहनीय सोच है।

## रक्षाबंधन के बाद राखी हमेशा सम्मानपूर्वक उतारना चाहिए



आभा सिन्हा

रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और भावनात्मक त्योहार है। यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर न केवल उसके जीवन में खुशहाली और सुरक्षा की कामना करती है, बल्कि भाई भी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। राखी एक छोटा-सा धागा, केवल रंग-बिरंगे रेशों का गुच्छा नहीं होता है, बल्कि यह रिश्तों की गरिमा और पवित्रता का संदेश देने वाला एक भावनात्मक प्रतीक है। लेकिन, रक्षाबंधन के बाद एक प्रश्न अक्सर लोगों के मन में आता है कि ह्लराखी को कब और कैसे उतारना चाहिए?ह्व यह प्रश्न केवल व्यवहारिक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि राखी को सम्मानपूर्वक विसर्जित करना भाई-बहन के रिश्ते और इस पवित्र धागे की गरिमा को बनाए रखने का हिस्सा है। रक्षाबंधन का उल्लेख महाभारत, पुराणों और कई ऐतिहासिक घटनाओं में मिलता है। द्रौपदी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहने पर अपनी साड़ी का टुकड़ा बांधना, या मेवाड़ की रानी कर्णावती द्वारा मुगल सम्राट हुमायूं को राखी भेजना, यह घटनाएं इस पर्व की गरिमा को दशार्ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राखी बांधने से भाई-बहन के रिश्ते में शुभता और दीघार्यु का आशीर्वाद मिलता है। यह धागा एक प्रकार का संरक्षण कवच होता है, जो नकारात्मक ऊर्जा और संकटों से रक्षा करता है। आज के समय में रक्षाबंधन का दायरा केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं रहा। कई जगह इसे मित्रता, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है। राखी उतारने के लिए कोई सार्वभौमिक समय-सीमा तय नहीं है। यह पूरी तरह परिवार की परंपरा और व्यक्तिगत इच्छा पर निर्भर करता है। कुछ लोग मानते हैं कि राखी तीन दिन तक पहनना शुभ होता है। सप्ताह भर पहनने का प्रचलन भी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। कई लोग मानते हैं कि 11वें दिन राखी उतारना शुभ और पूर्ण माना जाता है। शहरों में व्यस्त जीवन के कारण कुछ लोग इसे अगले दिन ही उतार देते हैं। कुछ लोग राखी उतारते समय भगवान के समक्ष प्रार्थना करते हैं कि भाई-बहन का रिश्ता हमेशा मजबूत रहे। राखी को कभी भी खींचकर या काटकर नही निकालना चाहिए। साफ हाथों से धीरे-धीरे खोलकर उतारना श्रेष्कर होता है। राखी उतारने से पहले भगवान या कुलदेवी-देवता के सामने कुछ क्षण ध्यान करके भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती के लिए आशीर्वाद मांगना चाहिए। राखी उतारकर उसे किसी साफ कपड़े या थाली में रखना चाहिए। राखी को घर के पूजा स्थल या मंदिर में रखा जा सकता है। इसे पवित्र बक्से या थाली में संभालकर रखा जा सकता है। गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों या घर के मंदिर में रखे जल में विसर्जन किया जा सकता है। यह विधि राखी के सम्मान को बनाए रखता है। पीपल, तुलसी या नीम के पेड़ पर राखी बांधना एक प्राचीन परंपरा है। यह प्रकृति के प्रति सम्मान और शुभता का प्रतीक है। राखी को कूड़े में नही फेंकना चाहिए। बाथरूम या अशुद्ध स्थान पर न रखना चाहिए। राखी को जलाने से बचना चाहिए क्योंकि यह एक पवित्र वस्तु है। उत्तर भारत में राखी को पूजा स्थल में रखकर अगले रक्षाबंधन पर विसर्जन करने की परंपरा है। पश्चिमी भारत में गुजरात और राजस्थान में राखी को तुलसी के पौधे पर बांधना शुभ माना जाता है। पूर्वी भारत में बंगाल में राखी को मिट्टी में गाड़कर या नदी में प्रवाहित किया जाता है। दक्षिण भारत में कई जगह राखी को घर की देवी के मंदिर में अर्पित किया जाता है। कई लोग राखी को डायरी, फोटो एलबम या विशेष बक्से में रखते हैं। यह भाई-बहन के रिश्ते की याद को संजोने का तरीका है। राखी बांधना भाई-बहन में भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाता है। यह एक प्रतीकात्मक सुरक्षा कवच के रूप में मन में आत्मविश्वास पैदा करता है। रक्षाबंधन का यह संदेश है कि ह्लरिश्ते केवल खून से नहीं, बल्कि प्रेम से बनते हैंह्व सामाजिक सद्भाव को मजबूत करता है। राखी केवल एक धागा नहींहै, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते का पवित्र बंधन है। रक्षाबंधन के बाद इसे कब और कैसे उतारना है, यह भले ही व्यक्ति की इच्छा या परिवार की परंपरा पर निर्भर करता हो, लेकिन इसे हमेशा सम्मानपूर्वक उतारना और संभालना चाहिए। चाहे इसे पूजा स्थल में रखें, पवित्र पेड़ पर बांधें, नदी में विसर्जित करें या स्मृति के रूप में संजोकर रखें, मुख्य बात यह है कि इस पवित्र धागे की गरिमा बनी रहे।

# नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षा और नागरिक सुविधा मेरी प्राथमिकताः गरिमा

- सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे आराम बैंचों का महापौर ने दल बल सहित किया निरीक्षण
- नगर निगम क्षेत्र के वार्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब तक करीब सवा दो सौ बैंच लगने की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र की पर्यावरण संरक्षा और नागरिक सुविधा बढ़ाना मेरी प्राथमिकता है। पर्यावरण संरक्षा को ही महत्व प्रदान करते हुए संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में अब लकड़ी की जगह कंक्रीट, बालू और सीमेंट से बने आराम बैंच लगाए जा रहे हैं। सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे कुल 20 आराम बैंचों का महापौर ने दल बल सहित किया निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों अब तक 82 और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब तक करीब सवा दो सौ बैंच लगवाने की जानकारी दी। इसमें शहीद पार्क में 18, टाउन हॉल परिसर व जोड़ा शिवाला मंदिर एवं उत्तर वाली पोखरा चिल्ड्रन पार्क और नजर बाग पार्क में दस-दस, महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय परिसर 20, दुर्गा बाग में 12, महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय परिसर में 25 के अलावा नगर निगम कैंपस, देवरहवा बाबा मंदिर और आनंद मार्ग मंदिर परिसर में भी नगर निगम प्रशासन द्वारा आराम बैंचों को लगवाए जाने की जानकारी दी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के लिए आम और खास लोगों का आह्वान करते हुए बताया कि पर्याप्त संख्या में पेड़ पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करते हुए समग्र शहरी क्षेत्र को हरा भरा बनाकर उसकी हरियाली के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षा को बढ़ावा देना सबसे जरूरी बताया। महापौर ने बताया कि नगर निगम प्रशासन संपूर्ण शहरी क्षेत्र हरियाली बढ़ा कर नगर निगम क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूम में विकसित करने की अपनी योजना में सुझाव और सहयोग देने की अपील अपने नगर निगम क्षेत्र के जागरूक जनता जनार्दन से की। महापौर ने बताया कि निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्र में भी आरामदायक बेंच लगाने हेतु कार्यदेश कनीय अभियंताओं को दे दिया गया है।

# लखीसराय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के प्रेम पर आधारित रक्षाबंधन का त्योहार

- छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों में रक्षाबंधन को लेकर दिखा गजब का उत्साह
- तेतरहाट थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पंडित ने महादलित बस्तियों में मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

प्रात : किरण संवाददाता





लखीसराय !भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है !रक्षाबंधन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्व है !रक्षाबंधन भाई- बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है !पूरे देश दुनिया की भांति लखीसराय जिले में भी रक्षाबंधन का त्योहार काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया !रक्षाबंधन को लेकर छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों में गजब का उत्साह दिखा !वहीं जिले के तेतरहाट थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पंडित ने थाना के पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर महादलित बस्ती में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया ! महादलित बच्चियों के हाथों अपने कलाई में राखी बंधवाई और एक दूसरे को मिठाई खिलाया !जिससे महादलित समाज के लोग काफी खुश दिखे !वहीं लखीसराय जिले का सुप्रसिद्ध किड जी विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे और विद्यालय की शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को राखी बांधकर धूमधाम से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई !रक्षाबंधन को लेकर राखी और मिठाइयों की दुकानों में भारी भीड़ देखी गई ! जिले के डीएम मिथिलेश मिश्र और एसपी अजय कुमार ने भी जिले वासियों को रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं व बधाइयां दी !

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में दो पक्षों में झड़प, दर्जनों घायल

छपरा ग्रामीण सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के पिठौरी नंदलाल टोला में आपसी विवाद में झड़प होने की खबर प्रकाश में आया है। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए है। बताया जाता है की किसी आपसी विवाद में शंकर राम एवं राजदेव राम के बीच कहा सुनी के साथ देखते ही देखते जमकर लाठीझडंडा एवं ईटझपत्थर से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक पक्ष के राजदेव राम और उनके पुत्र बीरेंद्र राम, अजय राम एवं दूसरे पक्ष के शंकर राम एवं उनके पुत्र अशोक राम गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनो पक्षों के घर वालो ने सभी घायल लोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बनियापुर में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने कुछ घायल लोगो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बच्चे, जवान, औरत सहित आपसी विवाद में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को गली गलौज करते लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर फेंक रहे है। घटना की खबर मिलते ही इस मामले में बनियापुर थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों पक्षों के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पक्षों से एक-एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया है।

### इंडो नेपाल सुरक्षा प्रहरी एसएसबी जवानों को नेपाल ओम शांति संस्था की बहनों ने राखी बांधी

बगहा। इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा प्रहरी एसएसबी के जवानों को नेपाल में शांति व्यवस्था एवं हिंदुत्व को आगे बढ़ाने वाली संस्था ओम शांति में भूमिका निभाने वाली और पूरा जीवन कुंवारी रहने का शपथ लेकर जीवन व्यतीत करने वाली नेपाली बहनों ने शनिवार की दोपहर रक्षाबंधन के त्योहार पर सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों एवं अधिकारियों को राखी बांध भाई बहन के रिश्ते के पवित्र त्योहार को मनाया। इस अवसर पर एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत सहायक कमांडेंट अवधेश कुमार, विवेक सिंह डांगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने वितरित किया राहत सामग्री

छपरा कार्यालय। सोनपुर विधानसभा 122 के सबलपुर दियारा छेत्र के सबलपुर नवल टोला सबलपुर माध्यवती पंचायत सबलपुर पूर्वी और उत्तरी पंचायत अतिपिछड़ा टोला मे बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच मे बाढ़ राहत सामग्री चिवरा मीठा बिस्कुट सोनपुर विधानसभा भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह द्वारा बड़ी संख्या में लोगो के बीच मे राहत सामग्री वितरण किया गया। जहां इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा कोषाध्यक्ष धनजय शर्मा युवा समाजसेवी अनुपम कुमार चन्दन पवन शर्मा सुमित शर्मा धीरज राय सिवम शर्मा बिरजू पासवान सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह जनसेवा की प्रेणा हमें सांसद राजीव प्रताप रूडी से मिली जो हमेशा जनहित के कार्य करते रहते है और उन्होंने सोनपुर सिविल रउ्ढ और सोनपुर अंचल अधिकारी से बात कर लोगो के साहयता और भोजन की बेवस्था के लिए कम्युनीटी किचेन खोलने की बात कही जिस पर रउ्ढ ने भरोसा दिलाया की आज शाम तक हर हाल मे खुल जायेगा और मौका पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष दिपक शर्मा एवं सैकड़ों लोगों ने स्थानीय विधायक पर भी कहा की उनको सोनपुर की जनता से कोई मतलब नहीं है लोग बाढ़ मे त्रस्त है वह अभी तक देखने तक नहीं आये जनता इसबार उनको भी सबक सीखलाये गी और सोनपुर मे इस बार जरूर परिवर्तन होगा जनता अपना मुंड बना लिया है । जहां रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सभी नेता अपने परिवार के साथ है वहीं राकेश सिंह सबलपुर में बढ़ा पीड़ित को साथ उनका दर्द को देखते हुए पूरे दिन राहत सामग्री के साथ वितरण हुआ और आगे भी जनता के सुख दुख में साथ रहूंगा।

# वीटीआर टी 37 से पातन एक गुल्ली के साथ एक वन तस्कर गिरफ्तार, एक मौके से फरार



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर वन क्षेत्र के वन कर्मियों ने गश्ती के दौरान 01 अदद सखुआ की गुल्ली के साथ एक वन अपराधी झोटिल कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि उसका साथी राजू भगत चकमा देकर मौके से भागने में सफल रहा।इस बात की जानकारी वाल्मीकिनगर रेंजर अमित कुमार ने देते हुए बताया कि वन कर्मियों की टीम गश्ती पर निकली थी। उसी दौरान कक्ष संख्या टी 37 में एक युवक सखुआ का पेड़ पातन कर गुल्ली तैयार कर रहा था। जिसे वन कर्मियों की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।घटना स्थल से एक अदद गुल्ली भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवक नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया का निवासी है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा जा रहा है।

# खैरा को मिले दो नए अध्यापक, नियोजन शिविर में हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा परिसर में एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सहायक निदेशक, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा, श्री भरत जी राम के निदेश में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन नियोजन पदाधिकारी, छपरा, सुश्री पिंकी भारती द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने उपस्थित युवाओं को सरकारी नियोजनालयों के माध्यम से मिलने वाले निःशुल्क रोजगार अवसरों की जानकारी दी एवं उन्हें सचेत किया कि वे किसी दलाल या फर्जी संस्था के बहकावे में न आएँ। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल और प्रयास से शीघ्र आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। इस नियोजन शिविर में फैन्सी इन्फैन्सी पब्लिक स्कूल, खैरा द्वारा कक्षा 1 से 7 तक के लिए अध्यापक पद हेतु चयन प्रक्रिया कराई गई। चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया, जिसमें उम्मीदवारों के शैक्षणिक ज्ञान, भाषा दक्षता और शिक्षण क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया में 2 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जिनकी कार्यस्थली खैरा निर्धारित की गई है। इस शिविर की सफलता में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# जंगली हाथियों का मूवमेंट कक्ष संख्या 38 और 40 में बढ़ा, ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरतः अभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर कक्ष संख्या 38 व 40 में जंगली हाथियों के झुंड की चहल कदमी एक बार फिर देखी जा रही है। जंगली हाथियों के झुंड की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और न्यूज संस्था के गजमित्र अलर्ट मोड में आ गए है। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि अभी जंगली हाथियों का मूवमेंट्स ऊपर की साइड की तरफ है इनका पूर्व कॉरिडोर से होते हुए पिछले मूवमेंट की जगह दोन क्षेत्र से होते हुए दरुआबारी और लक्ष्मीपुर के आसपास भी होगा।अगर ये जंगली हाथी आए तो लोगो को सतर्क रहते हुए हर 10 मीटर की दूरी पर गोयठे का अलाव जलाए और उसमें लालमिर्च डालकर धुआं करें, इसकी तीखी झांसा से हाथी दूर भाग जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि गजमित्रों द्वारा जंगली हाथियों पर लगातार बराबर नजर रखी जा रही हैं। बतातें चले की इन जंगली हाथियों से सबसे ज्यादा खतरा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के पालतू हाथी द्रोणा, बालाजी, राजा एवं मणिकांठा को है। हाथी सफारी के लिए वीटीआर में पाले गए इन चार हाथियों की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। रेंजर अमित आनंद ने बताया कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन कक्ष संख्या टी 38,40 के भालू थापा जंगल क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट हो रहा है। उन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके लिए गज मित्रों सहित टीटीपीपी को भी वन क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, परिजनों में कोहराम

## मृतक युवक घर का इकलौता पुत्र था, माता पिता का सहारा टूटा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा ग्रामीण। सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई है। घटना कमता पंचायत के रजौली गांव की बताई जाती है। मृतक उपेंद्र मांझी का 18 वर्षीय पुत्र अजित कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अजित अपने दोस्तों के साथ मिलकर घर के समीप ही एक नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान अधिक गहरे पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उसके साथ गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू किया। इस बीच घटना स्थल पर काफी संख्या मे ग्रामीण जूट गए। ग्रामीणों के काफी मसक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बनियापुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक कारवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि युवकों ने बगल के ही एक अर्द्धनिर्मित मकान के फर्श से छलांग लगाकर नहर में नहा रहे थे। तभी जब अजित ने छलांग लगाया तो उसके बाद बाहर नही निकल सका। अंदेशा जताया जा रहा है कि छलांग लगाने के दौरान नहर से सटे गहरे गड्ढे में गिरा गया होगा। जिस वजह से वह बाहर नही निकल सका और जिसे डूबने से उसकी नहर के पानी में ही मौत हो गई।

**परिजनों की चीख-पुकार से माहौल हुआ गमगीन**

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने परिवारवालों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि अजित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था एवं उसके तीन बहन भी है। मृतक के पिता परिवार का भरण-पोषण करने के लिये अन्य प्रदेश में रहकर मजदूरी करते है। मृत युवक से परिवार को काफी उम्मीदें थी। पीड़ित परिवार की स्थिति काफी दयनीय है। इस घटना से मृतक के मां बब्ली देवी बहन सरीता, संध्या एवं संगीता का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# विश्व हिंदू परिषद ने सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन का किया कार्यक्रम

- 61 वां स्थापना पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के अंतर्गत नई बाजार दलित सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन का हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। अरुण पुरोहित धर्म प्रसार जिला प्रमुख ने कहा विश्व हिंदू परिषद 61 वां स्थापना पखवाड़ा का शुभारंभ आज रक्षाबंधन के कार्यक्रम से किया गया। वहां उपस्थित सभी बच्चों एवं महिलाओं को सनातन धर्म में रक्षाबंधन के पवित्र बंधन के विषय में बताया जहां हम एक और भाई बहन की रक्षा करते हैं वही समाज के संपन्न लोग को कमजोर वर्ग की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। देश की रक्षा औरपर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों की रक्षा करनी है। वृक्ष में रक्षा सूत्र बांध के संकल्प कराया। अवध किशोर मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सारण विभाग प्रमुख ने बच्चों से भारत माता की जय ,सनातन धर्म की जय उद्घोष कराया। एक्टर वैष्णवी ने सभी बच्चों को राखी बांधी। इस अवसर पर समाज सेवी सुभाष राय उर्फ झरीमन राय, पारसनाथ अधिवक्ता, मनोज कुमार ,विकास यादव, कृष्ण कुमार वैष्णवी, अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक, एक्टर वैष्णवी,राजेश गुप्ता, संजय पुरोहित, संजय राम राजेश राम वगैरह उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया एवं मिठाई बाटकर उत्सव मनाया। अरुण पुरोहित ने वैष्णवी के साथ मिलकर राजेंद्र स्टेडियम के पास दलित बस्ती में जाकर राखी बांधी तथा शिशु पार्क में वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प कराया ।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में झड़प, दर्जनों घायल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण । सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के पिठौरी नंदलाल टोला में आपसी विवाद में झड़प होने की खबर प्रकाश में आया है। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए है। बताया जाता है की किसी आपसी विवाद में शंकर राम एवं राजदेव राम के बीच कहा सुनी के साथ देखते ही देखते जमकर लाठीझडंडा एवं ईटझपत्थर से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक पक्ष के राजदेव राम और उनके पुत्र बीरेंद्र राम,अजय राम एवं दूसरे पक्ष के शंकर राम एवं उनके पुत्र अशोक राम गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनो पक्षों के घर वालो ने सभी घायल लोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बनियापुर में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने कुछ घायल लोगो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बच्चे, जवान, औरत सहित आपसी विवाद में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को गली गलौज करते लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर फेंक रहे है। घटना की खबर मिलते ही इस मामले में बनियापुर थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों पक्षों के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पक्षों से एक-एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया है।

# अभिनेत्री वैष्णवी ने कुष्ठ आश्रम के बच्चों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



छपरा। शहर के राजेन्द स्टेडियम स्थित कुष्ठ आश्रम के बच्चों को राखी बांधकर अभिनेत्री सुश्री वैष्णवी ने रक्षा बंधन का पर्व मनाया. छोटे-छोटे गरीब अनाथ बच्चों को अभिनेत्री वैष्णवी ने राखी बांधकर बच्चों का बहन की कमी महसूस होने नही दी। वैष्णवी ने कुष्ट आश्रम के बच्चों को तिलक लगाकर मिष्टान खिलाते हुए ईश्वर से उनके सफल एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए कहा की वो बचपन से ही उन कलाइयों में राखी बांधती आ रही हैं जिनका अपना कोई नहीं है,कुष्ट आश्रम में राखी बांधने के उपरांत सुश्री वैष्णवी ने पेड़ पौधों को भी रक्षाकवच बांधा. वृक्षों के रक्षा सूत्र बांधने के महता पर प्रकाश डालते हुए सुश्री वैष्णवी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है. यह एक प्रतीकात्मक कार्य है जो लोगों को प्रकृति के करीब लाता है. इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी झरीमन राय अरुण पुरोहित राजेश डाबर आदि लोगों ने अभिनेत्री वैष्णवी के कार्यों की भूरी भूरी प्रंशसा की एवं इसे एक बेहतर और सार्थक पहल बताते हुए अभिनेत्री वैष्णवी को आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# रमपुरवा कैंप में सैकड़ो की संख्या में बहनो ने एसएसबी जवानों को बांधी राखी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रमपुरवा गांव में स्थित एसएसबी 21वीं बटालियन कैंप परिसर में शनिवार की सुबह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह मौजूद रहे। देश की सेवा में 24 घंटे अपना समय व्यतीत करने वाले जवानों के कलाइयों पर बहनों ने राखी बांध उनके लंबी उम्र की कामना की। मंत्री प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह ने उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाई-बहन के ये पवित्र रिश्वतों का त्यौहार प्रत्येक साल जवानों के साथ मनाया जाता है। अपने घरों से दूर सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों की कलाइयों पर बहनों द्वारा बांधी गई राखी, उनके आगामी जीवन में कवच का काम करेगा।समाजसेवी सुमन सिंह के साथ सहायक कमांडेंट विवेक सिंह डांगी,रणवीर कुमार शर्मा, मोहम्मद शरीफ,नेयाज हसन,कमलेश कुमार,मुकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित होने के लिए नई दिल्ली को लिए रवाना हो गए छपरा के वरिष्ठ पत्रकार डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं समाजसेवी कमल किशोर सहाय

- समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया 9 राज्यों की 70 हस्तियों को करेगा अलंकृत





छपरा कार्यालय। छपरा के वरिष्ठ पत्रकार एवं सारण जिला पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं समाजसेवी कमल किशोर सहाय रविवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित होने लिए नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए । शनिवार को देर संध्या पटना एयर पोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए डॉ.श्रीवास्तव को जहां उत्कृष्ट पत्रकारिता,समाज सेवा,शैक्षणिक , सांस्कृतिक रचनात्मक गतिविधि को बढ़ावा देने एवं युवाओं को पत्रकारित की प्रशिक्षण देने को लेकर यह सम्मान दिया जाएगा वहीं कमल किशोर सहाय को सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों के अतिरिक्त स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने को लेकर उन्हें अलंकृत किया जाएगा। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वेच्छिक ह्यसंगठन समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडियाह्ल ( एस के एफ आई ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन ने से दी। उन्होंने बताया कि देश की प्रतिभाओं को लगातार सम्मानित कर उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में रविवार को 7वां राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 9 राज्यों- दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा की 70 हस्तियों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने कहा कि इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनना एक महत्वपूर्ण अनुभूति है। जिन सम्मानित होने वाली हस्तियों को इस बार चुना गया है, वे भारत के विकास एवं उसे सशक्त बनने में उत्कृष्ट योगदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो सिर्फ उसका मनोबल नहीं बढ़ाते, बल्कि समाज के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने राष्ट्र गौरव अवार्ड की घोषणा करते हुए बताया कि यह भव्य समारोह ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क-3 स्थित पीआईआईटी कालेज की ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। इस अवसर पर संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. भरत सिंह, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार द्विवेदी, महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में समाज के लिए कार्य कर रही 70 हस्तियों को शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता, कला-संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अलंकृत किया जाएगा। एस के एफ आई के अनुसार, राष्ट्र गौरव अवार्ड से जो हस्तियों नवाजी जाएंगी, उनमें नयी दिल्ली की डॉ. इन्दुमति सरकार, डॉ. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव ,बिहार के डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव , राजस्थान के रामस्वरूप भटनागर, डॉ. रमेश वशिष्ठ, डॉ. धर्मराज छिछोलिया, श्रीमती वीणा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के डॉ सुनील कुमार तिवारी, पीयूष गोयल एवं सुनील कुमार खुराना शामिल हैं। दूसरे अलंकरणों में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान, प्रत्रकार गौरव, ह्यसाहित्य गौरव, समाज रत्न, शिक्षक गौरव एवं कला-संस्कृति रत्न अवार्ड प्रदान किए जाएंगे इनमें दीप शिखा,कृष्ण कुमार सैनी,कमल किशोर सहाय, ललित कुमार डॉ गीता ,पीयूष गोयल सहित कई लोग शामिल है इसके अलावा कई जिलों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि एसकेएफआई महज सामाजिक संस्थाओं का एक संघ ही नहीं है, बल्कि यह अनेक सामाजिक गतिविधियों का संचालन भी करता है। देश के अलग-अलग राज्यों में इसके पदाधिकारी ह्यविकसित समाज, सशक्त भारतह्ल की नीति पर लगाकार अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं।

# परसा में ई रिक्सा शो रूम का हुआ शुभारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता



छपराः-परसा स्थित हाई स्कूल चौक के समीप परसा सोनहो रोड हरपुर परसा में देश के अग्रणी ई रिक्शा निमार्ता कम्पनी स्काईबोल्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रचलित ब्रांड जेड फोर्स के ब्रांच एलएंडजी ऑटोमोटिव ई रिक्सा शो रूम का उद्घाटन समाजसेविका कृष्णकला देवी, भाग्यनारायण सिंह व पीईपीपीएल ग्रुप के निदेशक पंकज कुमार सिंह उर्फ बबलू ,राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस तरह के ब्रांड के शोरूम कि शुरूआत परसा में होने से एक तरफ जहाँ पर्यावरण पर सकारात्मक असर होगा वही यहाँ के लोगों के लिए रोजगार का भी सुअवसर प्राप्त होगा। स्थानीय लोगों ने इ रिक्शा के गुणवत्ता को जांच कर कहा कि ये ई रिक्शा बाकि इ रिक्शा से बिलकुल अलग है।पटना मेनिफैक्चरिंग यूनिट के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि यहाँ शोरुम खुलने के कारण पुरे सारण जिले एवं परसा के लोगो को बहुत ही किफायती कीमत पर इ रिक्शा उपलब्ध करवाया जायेगा।समाजसेविका कृष्णकला देवी ने शोरूम के संचालक ज्ञान एवं लव को शुभकामनायें दी एवं उनके इस पहल के लिए काफी सराहना कि ।कुल मिला कर ये पुरे परसा के लोगो के लिए एक अनूठा कदम है क्योंकि इससे बहुत कम निवेश में अच्छा लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा।यह शोरूम राज्य के लगभग सभी जिले में स्थित है ।पटना के बुद्धा कॉलोनी में पीईपीपीएल्स ऑटोमोटिव के नाम से स्थित है ।ग्राहकों को अभी शुरूआत में अतिरिक्त छुट का लाभ दिया जा रहा है ।साथ ही इस अवसर पर निदेशक बबलू सिंह ने ई-रिक्शा चालक से अपील करते हुए कहा कि परसा में इस तरह के ब्रांड जेड फोर्स के शोरूम शुरूआत होने से पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक असर दिखेगा। वही स्थानीय लोगो को स्वरोजगरक भी अवसर प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि बढ़ते पेट्रोल डीजल की कीमत और प्रदूषण को देखते परसा, दरियापुर,दिघवारा, मकेर व अमनौर जैसे शहर में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तथा ई-रिक्शा के चोरी होने की वजह से बचने के लिए जेड जेड फोर्स ई-रिक्शा में जीपीएस लगा हुआ उचित दामों में उपलब्ध कराया जाएगा।इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार सिंह,लव कुमार सिंह,ज्ञानशू कुमार,गया सिंह,उमेश सिंह,सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मुनिश्री विशल्य सागर के मार्गदर्शन में वात्सल्य दिवस मनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं वात्सल्य दिवस मनाया गया। प्रातः समय में श्रीजी का भव्य पंचामृत अभिषेक, वृहद शांतिधारा, भगवान श्रेयांसनाथ पूजन, निर्वाण लाडू समर्पण के पश्चात रक्षाबंधन पूजन, मुनिश्री का पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट के उपरांत वात्सल्य दिवस के अवसर पर गुरुवर के पिच्छिका में रक्षा सूत्र बंधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रथम निर्वाण लाडू समर्पण एवं प्रथम पिच्छिका में रक्षा सूत्र बंधन का सौभाग्य ब्र सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री विशल्य सागर जी महाराज ने धर्मसभा में बताया कि जैन धर्म में रक्षाबंधन का पर्व इसलिए मनाया जाता है कि आज ही के दिन हस्तिनापुर में 700 मुनिराजो पर आए उपसर्ग को आचार्य श्री विष्णु कुमार महामुनिराज जी ने दूर किया था उसी के उपलक्ष में रक्षाबंधन का त्यौहार जैन समुदाय में वात्सल्य दिवस के रूप मनाया जाता है। वात्सल्य दिवस सही माने में संकल्प दिवस का है जिसमें सिर्फ बहन द्वारा रक्षा के लिए भाई को रक्षा सूत्र बांधने का ही नहीं बल्कि इस त्यौहार को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए जिसमें सभी का रक्षा हो सके जैसे गुरु-शिष्य, भाई-बहन, पिता-पुत्र, माता-पिता, धर्म, संस्कृति, समाज की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधकर संकल्पित होना ही सही माने में ये दिवस मनाने का महत्व है। वात्सल्य का पर्व है ,धर्म धर्मात्मा की विपत्ति को टालने का पर्व है, तीर्थ रक्षा का पर्व है, तीर्थंकर की वाणी की रक्षा का पर्व है, संयम की रक्षा का पर्व है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि वात्सल्य दिवस के अवसर पर मुनिसंघ के आहारचर्या के लिए कई सौभाग्यशाली जोड़ो के साथ-साथ बच्चें, युवा, पुरुष एवं महिलाओं ने मुनिसंघ का पड़गाहन एवं आहारचर्या सम्पन्न कराया। ब्र अलका दीदी, ब्र भारती दीदी, ब्र अनीश भैया के द्वारा भाव भक्ति किया गया। वात्सल्य दिवस के मौके पर मुनिसंघ के सचिव अजय कुमार जैन, संयोजक डॉ शशांक जैन, अंशु जैन, छवि जैन, मनीष जैन, आलोक किशोर जैन, अभय कुमार जैन, शैलेश कुमार जैन, सुषमा जैन, उषा जैन, नेहा जैन, अलका जैन, रीना जैन, निर्मला जैन, ज्ञानी जैन, वंश जैन, प्रांजल जैन, मन्नू जैन, अशोक जैन, मृगांक जैन, लक्ष्य जैन, डॉ श्वेता जैन, अमूल बंसल, साहू जैन, अरिहंत जैन, रश्मि जैन, मीना जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

# बड़हरा विधायक ने नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों का हालचाल जाना एवं राहत कार्यो के व्यवस्था का जायजा लिया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बड़हरा । बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह लगातार दूसरे दिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ किया।

शनिवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने केशोपुर से एसडीआरएफ टीम, अंचल राजस्व अधिकारी,स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं के साथ मोटरवान नाव से नेकनाम टोला बाँध पर पहुंचे। वहाँ उन्होने नेकनाम टोला पंचायत के शालीग्राम एवं नेकनाम टोला गाँव के बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित अंचल राजस्व अधिकारी को जल्द उनकी समस्या दूर करने का निर्देश दिया। बाढ़ पीड़ित लोगो की मांग पर सामुदायिक किचेन शुरू करने का निर्देश विधायक द्वारा दिया गया। तदोपरांत अंचल राजस्व पदाधिकारी एवं नेकनाम टोला पंचायत मुखिया द्वारा लगभग साढ़े तीन सौ व्यक्तियो को प्लास्टिक सीट एवं राशन वितरण किया गया।तदोपरांत विधायक ने बखोरापुर, हाजीपुर, दूबे छपरा पहुंच कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी लोगो से लिया और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।बड़हरा विधायक ने कहा कि बड़हरा विधानसभा क्षेत्र मे आए बाढ से जनमाल की क्षति हो रही है। पशुओ के लिए आहार की व्यवस्था की गई है और राशन वितरण के साथ जरूरत मंद लोगो को प्लास्टिक सीट भी प्रदान किया जा रहा है।

भोजन की व्यवस्था को देखते हुए सामुदायिक किचेन के लिए भी कहा गया है। उन्होने कहा कि किसी का तबीयत खराब होने पर उन्हे तुरंत चिकित्सीय लाभ प्रदान किया जा रहा है।

एसडीआरएफ की टीम हमेशा तैनात है। प्रखंड,अंचल पदाधिकारी एवं मुझसे संपर्क करने पर कोई भी आवश्यक सुविधा तुरंत उपलब्ध कराया जा रहा है। मै लगातार क्षेत्र के लोगो से मिलता रहता हूँ ओर आगे भी मेरा दौरा जारी रहेगा।साथ मे अंचल राजस्व पदाधिकारी दीवाकर जी,नेकनाम पंचायत मुखिया परमा राय,भाजपा बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह,उज्जवल सिंह,पप्पू सिंह,जवाहिर केसरी, रामबाबु पांडेय आदि कार्यकर्ता थे।

# नाव की पूजा सदियों से होती आ रही है : राजू चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता



डेहरी ओन सोन, रोहतास । सावन की पूर्णिमा के दिन नाव की पूजा की जाती है। इस पूजा की परम्परा सदियों से चली आ रही है। उक्त बातें सोन नदी के किनारे रहने वाले शिवगंज निवासी वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी ने डेहरी स्थित शिवगंज मुहल्ले में सोन नदी के किनारे हो रही नावों की पूजा के दौरान कही। उन्होने कहा कि इस दिन सोन नदी की पूजा के साथ साथ कशीवां वीर बाबा की भी पूजा होती है। केवट, मल्लाह ,हों या अन्य किसी जाति के लोग जिनके पास नाव है, सभी पूर्णिमा के दिन अपनी नाव की पूजा करते है। उन्होंने बताया कि जब यातायात के साधन नहीं था तो नदी में नाव से ही सामग्री भेजी जाती थी। उस समय आवागमन का साधन नाव ही था। यहां सोन नदी में जब पुल नहीं था तो बड़े बड़े नावे चलतीं थी। बताया कि नाव की पूजा में चना, कचवनिया, लडडू, फूलमाला, सिन्दुर, रोडी, अगरबत्ती घी आदि का प्रयोग किया जाता है। नाव की पूजा के लिए जब घर से दऊरा लेकर महिलाएं निकलतीं है, तो बाजा बजाते घाट पर जाते है। पूजा महिलाएं पुरुष करते हैं।

वहीं बाबू चौधरी ने बताया कि जब मल्लाह, केवट अपनी नाव को लेकर बाढ तथा पानी से भरे हुए सोन में मछली मारने तथा सोन डीला पर खेती करने जाते है तो नाव ही उनकी रक्षा करती है। इसलिए ये परम्परा सदियों से चली आ रही है।

इस मौके बालदेव चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, किशोरी चौधरी, जगदीश चौधरी,धुरा चौधरी, रविन्द्र कुमार, चौधरी, बड़े चौधरी,सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

पीरो। रक्षाबंधन के मौके पर कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य लोगों को रक्षा सूत्र बांध कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का एक उपयुक्त संस्थान है। यहां नामांकित छात्राओं को सरकार की ओर से सभी आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौके पर बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी, संतोष कुमार, अनिल कुमार, सेराज खान, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन निभा कुमारी, कुमारी अर्चना तिवारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्यवाही में चांदी के जेवरात बरामद, दो गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के गया-डीडीयू रेल सेक्शन पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आरपीएफ पोस्ट के और जीआरपी की संयुक्त सर्च अभियान की कार्रवाई में काले रंग का पिटठु बैग एवं दो सफेद रंग का वजनी झोला के साथ पकड़े गए दो सन्दिग्ध व्यक्ति के पास से काफी मात्रा में चांदी का जेवरात बरामद की गई। पूर्व मध्य रेलवे के आफ आईजी अमरेश कुमार के मार्गदर्शन में डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज के नेतृत्व में आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत और टीम विशेष सर्च अभियान चला रही थी।

इसी दौरान पकड़े गए दोनों सन्दिग्ध से पूछताछ करने पर अपना नाम व पता दिलीप कुमार व चंदन कुमार वर्मा बताया। दोनों के पास से बरामद एक काले रंग का पिटठु बैग एवं दो सफेद रंग का वजनी झोला को चेक करने पर उसमें 19 छोटे-बड़े पैकेटो में सफेद धातु का निर्मित आभुषण पायल,बिछिया, अंगुठी इत्यादि पाया गया। इसका कुल वजन 18.889 किलो एवं मूल्य 10 लाख 95 हजार 562 रुपए बताया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त जेवरात को वाराणसी से लेकर बक्सर बिहार जा रहे है।परंतु इस संबंध में दोनों के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जा सका। उपरोक्त बरामद आभुषण के संबंध में आवश्यक कारवाई के लिए इसकी सूचना आयकर विभाग को दिया गया।

## बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

पटना। जिलाधिकारी, पटना ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़-प्रभावित व्यक्तियों के आवागमन के लिए कुल 98 नावों का परिचालन कराया जा रहा है। इसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारियों; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को नावों के परिचालन में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ताकि लोगों की सुरक्षा हर-हाल में सुनिश्चित रहे। जिलाधिकारी के निदेश पर अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर द्वारा आज पंजीकृत नाविकों के साथ बैठक की गई। सभी को एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। क्षमता से ज्यादा लोगों को किसी भी हालत में नहीं बैठाने का निर्देश दिया गया। अपराह्न 6 बजे के बाद किसी भी नाव का परिचालन नहीं होगा।

## राजद नेता मेराज खान ने मुंहबोली बहन से बंधवाई राखी

पीरो। मन में पवित्र भावना और बहन के प्रति सच्चा स्नेह हो तो फिर धर्म-मजहब को मायने नहीं रखता।इस बात को चरितार्थ करते हुए राजद के पीरो नगर अध्यक्ष मो. मेराज खान ने हर साल की तरह इस बार भी अपनी मुंहबोली बहन डा. ममता मिश्रा से रक्षा सूत्र बंधवा कर उन्हें हर सुख-दुख में सहयोग का वचन दिया। मो.जन्नत खान के अनुसार बचपन से ही वे ममता मिश्रा को अपनी बड़ी बहन मानते रहे हैं और हर साल रक्षाबंधन पर उनसे राखी बंधवाते हैं। ममता मिश्रा भी उन्हें अपना छोटे भाई मानकर बड़ी बहन का स्नेह व प्यार देती हैं। भाई-बहन का यह रिश्ता लंबे समय से कायम है। आगे भी हमारा अपनी बड़ी बहन से यह स्नेहिल रिश्ता कायम रहेगा।

## बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है



औरंगाबाद ।बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है.। जैसे मनभावन गीतों के बीच भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन औरंगाबाद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके सुखमय जीवन की कामना की और जन्म जन्मांतर तक अपनी रक्षा का वचन लिया। शादी शुदा बहनें भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुंची थी वहीं कई भाइयों ने बहन की ससुराल जाकर रक्षा सूत्र बंधवाए और बहन को मनमाफिक उपहार दिए । उपहार पाकर बहनें काफी खुश दिखाई दी। इधर सावन पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। औरंगाबाद के तहत आने वाली डुमरी गांव के देवी मंदिर और अन्य शहर के मंदिरों में शनिवार को अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी हुई थी।।

# आरा सदर प्रखंड के जमीरा गांव सहित 14 पंचायत को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करे जिला प्रशासन: क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के महागठबंधन समर्थित पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान में मांग की है कि आरा सदर प्रखंड के जमीरा गांव सहित अन्य 14 पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आज सनदियां, सारंगपुर, बभनौली, महुली,कड़ारी,धोबहां, मानपुर सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा प्रखंड के 14 पंचायत के प्रायः सभी गांव बाढ़ प्रभावित हैं.आरा आपदा की देखभाल करने वाले पदाधिकारी आरा सी. ओ.इलाके से फरार है इस लिए जिला पदाधिकारी के पास आरा प्रखंड का सही रिपोर्ट नहीं पहुंच रहा है यही वजह है कि आरा प्रखंड में बाढ़ राहत कार्य नहीं चल रहा है

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि जिला पदाधिकारी महोदय को एक बार आरा प्रखंड का दौरा करना चाहिए,ताकी बाढ़ का सही अनुमान लग सके.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि दौलतपुर,घुघुआं,बारा, बसंतपुर, सारंगपुर, बभनौली, महुली, कड़ारी धोबहां, मानपुर,देवढी, मोहनपुर, कड़रा, इंग्लिश, दुरौंधा,पीरौंटा जगवलिया,पिपरा जयपाल, नागोपुर, चौमुखा, जगवलिया,सभी डुमरा, निर्मलपुर, सैदपुर,बरजा, बाघा कोल, तेतरिया, अगरसंडा पुरुषोत्तमपुर,धमार यूं कहें कि पुरा आरा प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है इस लिए आरा सदर प्रखंड को जिला पदाधिकारी बाढ़ क्षेत्र घोषित करें. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बड़हरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुखा राशन वितरण का स्वागत करते हुए मांग कि है कि आरा प्रखंड के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुखा राशन वितरण कराई जाय.तथा गरीबों के बीच त्रिपाल और मवेशियों के लिए चारा का प्रबंध किया जाय.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के साथ सौतेले व्यवहार की कड़ी आलोचना की.तथा मांग कि है कि आरा प्रखंड के आपदा की देखभाल सी.ओ.आरा से हटा कर किसी दूसरे पदाधिकारी को सौंपी जाए.

# पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा जेएम इंटरनेशनल स्कूल पीरो के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों,कर्मियों, विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने परिसर में फलदार पौधे लगाकर उनकी पुत्रवत रक्षा करने का संकल्प लिया। मौके पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी दीपक कुमार पांडेय ने वनों के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन में पेड-पौधों की अहम भूमिका है।

ये वायुमंडल में आक्सीजन व कार्बन डाई आक्साइड का संतुलन बनाए रखने तथा वर्षानुपात को निर्धारित करने में योगदान करते हैं लेकिन मानव द्वारा पेड-पौधों के अविवेकपूर्ण उपयोग के कारण वन प्रभावित हो रहे हैं। मानक के अनुसार जितना वन अच्छादित होना चाहिए उतना नहीं है। खासकर सूबे बिहार में वनों का क्षेत्रफल काफी कम है। जो निश्चय ही चिंता का विषय है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से हर सीलअपने जन्मदिन, वर्षगांठ आदि अवसरों पर एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी दीपक कुमार पांडे वनपाल श्रीनिवास सिंह वनरक्षी सूर्य देव कुमार ,सुनील कुमार, सुष्मिता कुमारी ,पूनम कुमारी, रिंकी कुमारी एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## वृक्षों को राखी बांधकर डॉ. प्रेम कुमार ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गया जी।बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान, गया में पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश देते हुए वृक्षों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैसे बहनें अपने भाइयों से रक्षा का वचन लेती हैं, वैसे ही हमें भी वृक्षों की रक्षा और संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. कुमार ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितना प्राणवायु, और इनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए हैं। सभी ने वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हराभरा पर्यावरण मिल सके। रक्षाबंधन पर यह अनूठी पहल पर्यावरण जागरूकता का प्रेरक उदाहरण बनी है। इस अवसर पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक शर्मा, वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा, देवानंद पासवान दिलीप सिंह जितेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## भोजपुर उप विकास आयुक्त ने संदेश प्रखंड का किया भ्रमण

आरा । गुंजन सिंह, (भा0 प्रे0 से0) उप विकास आयुक्त भोजपुर द्वारा संदेश प्रखंड का भ्रमण किया गया, जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियानअंतर्गत संचालित, अपशिष्ट प्रबंधन इकाई संदेश, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, योजना धूसर जल प्रबंधन हेतु निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मनरेगा द्वारा निर्मित जीविका भवन का लोकार्पण किया गया। पुस्तकालय भवन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत प्रखंड मे चल रहे योजनाओं यथा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की गयी, जिसमें सभी आवास सहायक को निदेशित किया गया कि आवास पणजी मे दैनिक भ्रमण कर संधारण करेंगे।मनरेगा के चल रहे कार्य वृक्षारोपण, मानव दिवस सृजन, खेल मैदान आदि की समीक्षा की गयी।

# मां के बाद दूसरी मां होती है बहने: भाई

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना जैसे मनभावन गीतों के बीच भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन पीरो अनुमंडल क्षेत्र में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके सुखमय जीवन की कामना की और जन्म जन्मांतर तक अपनी रक्षा का वचन लिया। शादी शुदा बहनें भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुंची थी वहीं कई भाइयों ने बहन की ससुराल जाकर रक्षा सूत्र बंधवाए और बहन को मनमाफिक उपहार दिए । उपहार पाकर बहनें काफी खुश दिखाई दी। इधर सावन पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। अनुमंडल मुख्यालय स्थित मां पीटन देवी मंदिर में शनिवार को अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी हुई थी। दूसरी ओर इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने सेवा बस्तियों में जाकर वहां के लोगों को रक्षा सूत्र बांधा और उनका हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं संघ के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी सुरक्षा का संकल्प दोहराया।

## वरिष्ठ पत्रकार शिवबालक सिंह की मनी पुण्यतिथि

गया जी।बिहार स्तर पर अपने निर्भीक पत्रकारिता के लिए चर्चित रहे वरिष्ठ पत्रकार स्व शिवबालक सिंह का प्रथम पुण्यतिथि पर गया जी जिले के फतेहपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगो ने अश्रुपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया गया है। इस अवसर पर बीडीओ शशिभूषण साहू, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सिंह, फतेहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रवि कुमार, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, हरिमोहन मीणा, समाजसेवी मिथलेश शर्मा, शिक्षक राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता रंजीत कुमार, पत्रकार राजेश कुमार मिक्की, पत्रकार सुधीर कुमार, पत्रकार नीरज कुमार, फिल्म सह टीवी अभिनेता अनूप कुमार सिंह, अधिवक्ता रंजीत कुमार, पत्रकार हिमांशु गौतम, पत्रकार संतोष कुमार,यूटूबर मीडिया समर राठौर, उपेंद्र भारती,मनोज कुमार,पवन कुमार, अरुण कुमार मिडिको, रामदीप सिंह,ऋषि कुमार, भाजपा नेता कृष्णदेo सिंह, नवीन कुमार सिन्हा आदि लोगो ने वरिष्ठ पत्रकार शिवबालक सिंह के जीवना और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये अपने कर्तव्य निष्ठा के प्रति समर्पित रहकर काफी ईमानदारी के साथ पत्रकारिता का जीवन व्यक्तित किये। इनके कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा है। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालो में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक ज्योति मांझी, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के राजनीतिक सलाहकार मो दानिश इकबाल, भाजपा के वरीय नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा, बिहार प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य संतोष ठाकुर, भाजपा प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा आदि शामिल रहे हैं।

# एक राखी बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन :भाई दिनेश



प्रातः किरण संवाददाता

राजद नेता पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश के नेतृत्व मे

गंगाजल डिहरी में आयोजित एक कार्यक्रम में दर्जनों बहनों ने बिहार के भावी मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बहनों ने मांग की कि जब तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे, तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में काम करेंगे।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु में राखी बांधकर आशीर्वादः बहनों ने तेजस्वी यादव को राखी बांधकर बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का आशीर्वाद दिया।

- शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षाः बहनों ने मांग की कि तेजस्वी यादव जब मुख्यमंत्री बनेंगे, तो वे इन तीनों क्षेत्रों में काम करेंगे।- जनसमर्थनः कार्यक्रम में दर्जनों लोग, छात्र-छात्राएं और गाँव के सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे ।

महिला सुरक्षा और सम्मानः तेजस्वी यादव ने पहले कहा था कि उनकी सरकार में महिला सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

- रोजगार और शिक्षाः उन्होंने वादा किया था कि उनकी सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे।- माई-बहन मान योजनाः तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए माई-बहन मान योजना का वादा किया है, जिसमें महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। राखी बांधने वाली लड़की का नाम शीतल कुमारी, अंशु ,कुमारी, रिशु कुमारी छोटी कुमारी, अंजली कुमारी, ,अनीशा कुमारी,रागनी कुमारी,नंदनी कुमारी'

# विभिन्न क्षेत्रों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा-माले का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से मिलकर मांग-पत्र सौंपा

प्रातः किरण संवाददाता

शाहपुर,बड़हरा। आरा मुफ्फसिल,कोईलवर,बिहिया,आरा नगर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा-माले ने भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांग-पत्र सौंपा !प्रतिनिधिमंडल में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, शाहपुर प्रखंड कमेटी सदस्य जयशंकर प्रसाद,बड़हरा संतोष कुमार राम,आरा मुफ्फसिल प्रखंड कमेटी सदस्य व पंचायत समिति सदस्य जनार्दन गोड़ शामिल थे !विदित हो कि भोजपुर जिला के उतरी इलाके का प्रखंड जिसमें शाहपुर,बड़हरा,आरा मुफ्फसिल, कोईलवर व आरा नगर एक छोटा का हिस्सा बाढ़ से काफी प्रभावित हैं !इन प्रखंडों बाढ़ का पानी भरने से लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित हैं !बाढ़ पीडितों के बीच आवागमन खाने-पीने,मेडिकल,पशु-चारा,फसल की बरबादी, त्रिपाल नहीं होने काफी संकट का सामना करना पड़ा रहा है !इसलिए इन सभी बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ राहत अभियान करने की आवश्यकता है !1.इन सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को बाढ़ क्षेत्र घोषित की जाए !2.बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव की तत्काल व्यवस्था की जाए !

2.सामुदायिक किचेन की व्यवस्था की जाए !3.सफल क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा दी जाए !4.चलंत मेडिकल की व्यवस्था की जाए !5.पशु चारा की व्यवस्था की जाए !6.बच्चों के लिए दुध की व्यवस्था की जाए !7. बिजली के लिए जरनेटर की व्यवस्था की जाए !8.शौचालय की व्यवस्था की जाए !9.त्रिपाल की व्यवस्था की जाए !10.पेयजल की व्यवस्था की जाए !11.एनडीआरफ टीम की व्यवस्था की जाए !12.आपदा में मरणोपरांत तत्काल कबीर अंत्येष्टि, पारिवारिक लाभ देने की गारंटी की जाए !बडहरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित गांव पंचायत पंचायत सरैयाः-गांवः-घांघरबिंद टोलावा,दुर्ग टोला,इटहना, जहुराबाद,मुबारकपुर,सरैया वार्ड नंबर 4,5,8 दलित बस्ती !

*पंचायत पूर्वी गुंडीः-गांवः-शिवपुर,छोटका इटहना,रमई राय का टोलापंचायत पश्चिमी गुंडीः-गांवः-गल चौर,उदयमानपुर,बभनगांवा मुसहर टोली, वार्ड नंबर 6 बभनगावां पंचायत सोहरा-गांवः-सोहरा,महुली,पदमिनियां,हेतमपुर !पंचायत नरगदाः-गांवः-नूरपुर,पोरहा,मंझौली,नरगदा,जोकहरीपंचायत बलुआगांवः-केवटिया,अचरज का टोला,पिपरपाती, नया खवासपुर,बलुआ के डेरापंचायत नथमलपुरःगांवः-सेमारिया,ज्ञानपुर,महुदही,संजोइल,नथमलपुर बालू पर !

पंचायत सिन्हाः-गांवः-लफुसपुर,लक्ष्मीपुर,कान्हा, ल्याणपुर,कवल परा,पाण्डे टोला,सिन्हा !पंचायत ाकड़ीः-गांवः-मिल्की,चंदागांवपपंचायत बखोरापुरः-गांवः-ालपुर,हाजीपुर,दुबे छपरा,बखोरापुर,पैगा आदि हैं।

# थानाध्यक्ष ने महादलीत टोले में जाकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

प्रात : किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) भाई बहन के प्रेम को दशार्ता त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर एक तरफ जहां चारों ओर रक्षाबंधन त्यौहार की होड़ मची है ऐसे में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुर्था थाना क्षेत्र के सचई मठिया गांव स्थित महादलित टोले में शनिवार के अहले सुबह पहुंचकर टोले के दर्जनों महादलित बच्चियों से अपने कलाई पर राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया हालांकि कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुर्था थाना क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग के लिए तो जाने जाते ही हैं विभिन्न धर्मो के त्योहारों में भी अक्सर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने से भी गुरेज नहीं करते हैं चाहे मुस्लिम धर्म लंबियों का पर्व हो या फिर हिंदू धर्म लंबियों का त्योहार दोनों धर्म के त्योहारों में काफी दिलचस्पी लेते हैं और यही उनके कार्य कुशलता क्षेत्र के लोगों के लिए उन्हें बेहतर बनाती है एक तरफ जहां अपराधियों के लिए सख्त हैं तो दूसरी तरफ अमन पसंद लोगों के लिए भी एक सगे मित्र की तरह अपनी कार्य कुशलता का निर्वहन करते हैं और इसी वजह से थाना क्षेत्र के लोग उन्हें बड़े आदर के साथ नाम लेते हैं इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि विभिन्न धर्मो के पर्वों में हिस्सा लेना हमें काफी बेहतर लगता है चुकी हम उसे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं जहां विभिन्न धर्म के लोग इस भारत में समागम कर रहे हैं और ऐसे में मैं सभी धर्म का सम्मान करता हूं इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावे कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बभंडीह मोड़ के पास केशव फ्यूल स्टेशन पैट्रोल पंप का शुभारंभ

औरंगाबाद। औरंगाबाद के बभंडीह मोड़ के समीप केशव फयूल स्टेशन बीपीसीएल पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान के मालिक सुंदर प्रसाद,मुंद्रिका प्रसाद एवं लखन प्रसाद ने बताया कि इस पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से सभी तरह के ईंधन की सुविधा दी जाएगी।साथ ही साथ यह भी बताया कि यह पेट्रोल पंप सभी मानकों को पूरा करने वाला एवं उपभोक्ताओं के साथ व्यावहारिक रूप से मूर्त रूप प्रदान करने वाला है। मौके पर जयराम केसरी,सेल्स आफिसर मेहरा सर,शुभम प्रजापति, सतीश पांडेय, सूरज प्रसाद की गरिमामई उपस्थिति रही। भाजपा के जिला प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, प्रकाश कुमार,संजय गुप्ता अनुज गुप्ता,चुलबुल बाबू देवेंद्र यादव ने विशेष सहभागिता निभाई।

# पर्यावरण संरक्षण का अनूठा बंधन, अभाविप ने किया वृक्ष रक्षा बंधन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल के द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की मिसाल कायम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाने के उद्देश्य से,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई अरवल के द्वारा एक अभिनव पहल ह्ववृक्ष रक्षा बंधनह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम का नेतृत्व खेलो भारत जिला प्रमुख प्रिंस राज सोनी ने किया,यह अभियान रक्षाबंधन की परंपरा को एक नए आयाम तक ले जाता है। इसके तहत छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक पौधों को प्रतीकात्मक राखी बांधकर उन्हें अपना ह्ववृक्ष भाईह्व या ह्ववृक्ष बहनह्व स्वीकार करेंगे। राष्ट्रीय कला मंच के जिला प्रमुख गौरव कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि जिस प्रकार रक्षासूत्र भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के प्रति संकल्प का प्रतीक है, उसी प्रकार हम सभी का यह दायित्व है कि हम पेड़-पौधों, प्रकृति और समस्त पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें।प्रीति कुमारी ने बताया की रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन का ही नहीं, बल्कि समस्त जीवन और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का पर्व है। वृक्ष रक्षा बंधन के माध्यम से हम युवा पीढ़ी को यह संदेश देना चाहते हैं कि पेड़ हमारे असली रक्षक हैं। वे हमें छाया, फल, फूल, औषधि, स्वच्छ हवा देते हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं। इनकी रक्षा करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। यह अभियान पर्यावरण चेतना और सामाजिक सरोकार को जोड़ने की एक छोटी सी कोशिश है।इस मौके पे खेलो भारत जिला प्रमुख प्रिंस राज सोनी, राष्ट्रीय कला मंच जिला प्रमुख गौरव कुमार,प्रति कुमारी,सोनाली कुमारी,मुस्कान कुमारी,सुजाता कुमारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का हुआ आयोजन

संस्कृत भाषा को समस्त भारतीय भाषाओं की जननी माना जाता है।इतना ही नहीं यह भारत में बोली जाने वाली प्राचीन भाषाओं में पहले स्थान पर आती है इसलिए इस भाषा के महत्व को दर्शाने के लिए प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस मनाया जाता है।श्रावणी पूर्णिमा अर्थात रक्षा बन्धन ऋषियों के स्मरण तथा पूजा और समर्पण का पर्व माना जाता है।ऋषि ही संस्कृत साहित्य के आदि स्रोत हैं इसलिए श्रावणी पूर्णिमा को ऋषि पर्व और संस्कृत दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।संस्कृत दिवस मनाने की शुरूआत सन 1969 में भारत सरकार ने की थी।इसका मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना,उसके महत्व को स्थापित करना और उसे पुनर्जीवित करना था।यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि संस्कृत को सभी भारतीय भाषाओं की जननी माना जाता है जबकि संस्कृत भाषा पढ़ने-पढ़ाने वालों की संख्या में दिन प्रतिदिन कमी ही होती जा रही है।

### मशरक बीईओ के औचक निरीक्षण में स्कूल से शिक्षक गायब

मशरक प्रखंड के आधे दर्जन विद्यालय का औचक निरीक्षण शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुश्री रश्मि प्रकाश ने किया। बीईओ के निरीक्षण की खबर सुन इलाके के कई विद्यालयों में हड़कंप मच गया। बहरौली पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पहुंची तो स्कूल परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ था ।विद्यालय में ना कोई शिक्षक था और ना ही छात्र ।बगैर किसी अवकाश के यह स्थिति देख बीईओ भी हैरान रह गई। सूचना मिलते ही पड़ोस में रहने वाली रसोईया भागते हुए विद्यालय पहुंची और कार्यालय खोला। बीईओ ने स्कूल में किसी के नहीं होने को लेकर पूछा तो रसोईया ने बताया कि सर मशरक गए है, आज कोई बच्चा नहीं आया है ।यह सुन बीईओ टेबल पर पड़े शिक्षक उपस्थिति पंजी अपने साथ लेकर चली ।उसके बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनछपरा, प्राथमिक विद्यालय घोघिया उत्तर टोला पहुंची जहां शिक्षक थे किंतु बच्चों की उपस्थिति काफी कम थी ।

# अरवल के अनुसचिवीय कर्मचारी गए हड़ताल पर

- दस सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल जारी
- मांगो की पूर्ति तक जारी रहेगा हड़ताल: शैलेन्द्र

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल बिहार अनुसूचिवीय कर्मचारी संघ के राज्यस्तरीय आह्वान पर अरवल जिले के अरवल जिले के कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए।गौरतलब हो कि अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर ये कर्मी लगातार आंदोलनरत थे। दस सूत्री मांग नहीं माने जाने से नाराज थे।हड़ताल के समर्थन में अरवल जिले के लिपिकीय कर्मचारियों ने सदर प्रखंड परिसर में जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश भारती की अध्यक्षता में धरना दिया। इस धरना में कर्मचारियों के समर्थन में महासंघ गोप गुट के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में ही कला पट्टी बांध एवं एकदिवसीय धरना से सरकार से अपनी दस सूत्री मांगों को पूरा करने की बात संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा कही गई।पर अभी तक सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।बाध्य होकर कर्मचारियों को हड़ताल पर जाना पड़ा । यह हड़ताल तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नहीं लेती।साथ ही सभी साथी लगातार सदर प्रखंड परिसर में सुबह दस बजे से धरना पर बैठ कर सभा करेंगे।इस धरना को बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के जिला सचिव मनोज कुमार सहित शिवदयाल सिंह,राकेश कुमार, ललेंद्र सिंह,मोहम्मद तसउवर ने भी संबोधित किया।

# देव भाषा संस्कृत सभी भाषाओं की जननी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में संस्कृत दिवस के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन संस्कृत दिवस मनाए जाने की परंपरा सदियों से चलती आ रही है। वर्तमान समय में संस्कृत भाषा के व्याकरण के तह में भाषा वैज्ञानिक गए तो पता चला कि कंप्यूटर के विभिन्न आयामों की जो अंग्रेजी शैली के अक्षर एवं उनके मानक शब्द समायोजित थे।उनका सरल समायोजन संस्कृत भाषा में पाया गया। यह अत्यंत की प्राचीन साहित्य है विविधतापूर्ण आयाम को जोड़ने वाली संस्कृत भाषा भारत को एकता के सूत्र में बांधती है इस भाषा में अध्यात्म,दर्शन,ज्ञान विज्ञान और साहित्य का खजाना है। संस्कृत भाषा की विशेष शोध की आवश्यकता है। जिससे ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति को बढ़ावा मिलने की संभावना विस्तृत है।संस्कृत अति प्राचीन भाषा है लेकिन आधुनिक संस्कृत के पिता पाणिनी को माना जाता है जो संस्कृत भाषा के बहुत बड़े वैयाकरण हुए। व्याकरण के व्यापक और वैज्ञानिक सिद्धांत को पारंपरिक रूप से शास्त्रीय संस्कृत का शुरुआत माना जाता है। उन्होंने विभिन्न ग्रंथों की रचना की जिससे प्रेरित होकर वर्तमान परिदृश्य में संस्कृत की जानकारी के लिए लोगों में उत्सुकता बढ़ी है।

# रक्षा बंधन के मौके पर वृद्धाश्रम में आकर सेवा करने में बहुत सुकून मिलता है: कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

गयाजी। अपनी मां के बताए रास्ते पर चलते हुए लोगों की सेवा में तत्पर रहने वाले माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष और गयाजी के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार गौरव ने फतेहपुर रोड स्थित हासहरा वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ रक्षाबन्धन का त्योहार मनाया है। इस मौके पर अपनों से दूर, अपने अंदर समेटे कई दर्द उस वक्त उनकी आंखों से अश्रुधार फूट पड़े जब सिन्हा ने उनका कुशलक्षेम पूछा और उनलोगों के लिए कई उपयोगी सामग्री उनलोगों के बीच वितरण किया है। इसमें से एक वृद्ध समाजसेवी कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा से बोले कि तुम पराए होकर अपने निकले और जो अपने हैं उन्होंने रक्षा बंधन के मौके पर हालचाल तक नहीं पूछा। हमारा बचपन भी इस पर्व का पूरे साल इंतजार करता था कि बहन हमारी कलाई पर राखी बांधेगी, पर आज वो सिर्फ कहानी बनकर रह गई है। अब कोई नहीं आता, कोई नहीं पूछता, ऐसे शब्दों ने वहां मौजूद सारे लोगों की आंखों को गिला कर दिया।माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष और गयाजी के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार गौरव तथा उनके साथ गए अन्य समाजसेवियों ने आज के दिन यह संकल्प लिया कि हम अपने घर के किसी को ऐसे हालात में नहीं छोड़ेंगे। हम ताउम्र अपने फर्ज को निभाएंगे और ऐसे लोगों की सेवा करते रहेंगे। कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा, मेरी मां का निधन कोविडकाल में कोरोना से हो गया था। उस दर्द को हम आज तक नहीं भूल पाए हैं। वो अक्सर कहती थीं कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है।

# सावन पूर्णिमा के मौके पर विष्णु धाम में महाआरती का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत औरंगाबाद जिले की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम रढुआ के प्रांगण में प्रत्येक माह की पूर्णिमा को होने वाली महाआरती के निमित्त रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया।विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सुबह सवेरे विष्णु धाम परिसर स्थित भगवान विष्णु एवं अन्य सभी देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना किया गया।तत्पश्चात भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों से संबंधित आरती का गान किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सावन पूर्णिमा सनातनी परंपरा का महान पर्व है।इस दिन मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम में कोई भी व्यक्ति महाआरती एवं विशेष पूजा अर्चना में शामिल होता है तो उसे विशेष फल की प्राप्ति होती है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के उंगली में चोट लगने के बाद माता द्रौपदी द्वारा साड़ी के पल्लू फाड़ कर उन्हें बांधना और भगवान श्री कृष्ण का रक्षा का वचन दोहराना रक्षाबंधन की शुरूआत परंपरा माना जाता है। आज के महाआरती में रामकुमार त्रिवेदी,अजय कुमार त्रिवेदी,चंद्र मोहन तिवारी,चंदन सिंह,कमलेश कुमार,अनिल कुमार, शंभू मिश्रा,जम्होर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक नंद जी यादव विजय प्रसाद गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# 6 महीने तक स्तनपान कराने से बच्चों को मिलती है बीमारियों से छुटकारा: डॉ नंदकिशोर गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता



विशेषज्ञ डॉ नंदकिशोर गुप्ता

गया जी। स्तनपान शिशुओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बेहद लाभदायक है। मां को ब्रेस्टफीडिंग के साथ अच्छी डाइट लेना भी जरूरी है क्योंकि जो डाइट मां लेगी उसका सीधा फायदा शिशु को मिलेगा। साथ ही स्तनपान से मां को ब्रेस्ट कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। उक्त बातें केबी मेमोरियल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक एवं गया शहर के जाने-माने चर्चित नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नंदकिशोर गुप्ता ने 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह को मनाने का मकसद महिलाओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही इससे जच्चा-बच्चा दोनों को होने वाले स्वास्थ्य लाभ के प्रति जागरूक करना है। मां का दूध नवजात शिशुओं के लिए संपूर्ण आहार है। जिसमें बच्चों को सेहतमंद रखने और उनके उचित विकास के लिए सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। जब बच्चा जन्म लेता है तो उसके जन्म के 1 घंटे के अंदर ही मां का दूध पिलाना चाहिए क्योंकि यह दूध उनके बच्चों के लिए अमृत के समान है। यह दूध इतना अच्छा होता है,जो बच्चों के विकास के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि बच्चों को कम से कम 6 महीने तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। मां के दूध में कैल्शियम, विटामिन, काबोर्हाइड्रेट, फैट्स, मिनरल्स समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं,जो बच्चों के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का काम करता है। इस दौरान बच्चों को गाय और डिब्बा बंद दूध नहीं देना चाहिए। मां का दूध बच्चों को कई रोगों से बचाता है। स्तनपान के दौरान मां को भी हरी- सब्जियां पौष्टिक आहार फल और हेल्दी फूड्स लेना चाहिए।उन्हें तेल, घी और और अधिक मिर्च मसाले वाले भोजन करने से परहेज करना चाहिए। बच्चों को कम से कम 2 साल तक मां का दूध जरूर पिलाएं। इससे प्रेगनेंसी के दौरान बढ़ा हुआ वजन आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। स्तनपान ब्रेस्ट कैंसर और गर्भाशय कैंसर होने का जोखिम कम करता है। डिलीवरी के बाद होने वाले रक्तस्त्राव और अवसाद से राहत मिलती है। स्तनपान से मां को अनचाहा गर्भ नहीं होता। वही बच्चों में एलर्जी, डायरिया, निमोनिया,अस्थमा और हृदय रोग को भी कम करता है। स्तनपान मां और शिशुओं के लिए अपनापन और प्रेम को बढ़ाता है।

# पर्यावरण के प्रति जागरूकता: 11 सूत्री संकल्प लिया गया

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। गयाजी वन प्रक्षेत्र के नगर प्रखंड के अंतर्गत मध्य विद्यालय, कोसडिहरा एवं मानपुर प्रखंड के अंतर्गत राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय मनापुर, गयाजी के बच्चों के बीच बिहार पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शशीकांत कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी, गयाजी वन प्रमंडल, गयाजी, शुभ लक्ष्मी ज्योति, सहायक वन संरक्षक, गयाजी, आरती कुमारी, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, गयाजी एवं अन्य वनकर्मी मौजूद रहे हैं। विद्यालयों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाते हुये सभी ने मिलकर 11 सूत्री संकल्प लिया है। इसके साथ ही सभी ने वृक्षों को रक्षासूत्र बांध एवं वृक्षारोपण कर पेड़, जंगल और वन्यजीवों को बचाने का संकल्प लिया गया है। सके साथ 09 अगस्त 2025 को बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर हर बच्चों कम से कम एक पौधा प्रत्येक वर्ष जरूर लगाए, आसपास के तालाब, नदी, पोखर एवं अन्य स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने, कम से कम बिजली उपयोग करने एवं प्लास्टिक, पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़े। कागज के थैलों का उपयोग करने इत्यादि का संकल्प दिलाया गया है। ऐसे समारोह हमे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराती है। और हमें बेहतर और स्वस्थ भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

# भारतीय ज्ञान विश्व की शान रटने से हटो शिक्षा से जुड़ो




- एमयू कैंपस में निकाली गई जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी, मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के परिवर्तनकारी लक्ष्यों के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास में एक जीवंत ₹एनईपी जागरूकता रैली₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम जनता को शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही सहित एनईपी के प्रमुख सिद्धांतों से जोड़ना था। रैली मानविकी संकाय से निकलकर विश्वविद्यालय परिसर में रंग-बिरंगे पोस्टरों, तख्तियों और नारों से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।रैली में बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता रैली में शामिल ₹सभी के लिए शिक्षा,नए भारत के लिए लचीली शिक्षा₹ और ₹एनईपी: समावेशी शिक्षा की ओर एक कदम , भारतीय ज्ञान विश्व की शान, रटने से हटो शिक्षा से जुडो, नारे लगाते हुए आगे बढ़े। एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह ने रैली में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं नीति कार्यान्वयन में जनभागीदारी के महत्व पर जोर दिया। सारथी समन्वयक डॉ एकता वर्मा ने अपने सम्बोधन में ₹एनईपी को न सिर्फ. एक दस्तावेज बताया, बल्कि भारत के शैक्षिक भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण बताया तथा इसके सफल क्रियान्वयन के लिए छात्रों और शिक्षकों में जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। आईक्यूएसी, समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार ने रैली को भारत के शैक्षिक परिवर्तन में समझ और भागीदारी को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय के एक बड़े अभियान का हिस्सा बताया । रैली के आयोजन में सभी सारथी मेंटर्स डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. पूनम सिंह, संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉ. ममता मेहरा, डॉ. कविता कुमारी एवं सारथी आशीष शंकर के साथ-साथ आइक्यूएसी के सहायक राज, प्रवीण सौम्या एवं संस्कृत विभाग के विकास कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# कल न्याय व्यवस्था मैं आम नागरिक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। औरंगाबाद जिला विधिज्ञ संघ के नवोदित अधिवक्ता रजनीश रघुवर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 1942 अगस्त क्रांति के अमर शहीद जगत पति कुमार पार्क में जगतपति प्रतिमा पर सुबह के 11:30 बजे दिनांक 11 अगस्त 25 सोमवार को माल्यार्पण किया जाएगा इसके पश्चात दिन के 12:00 बजे से आई एम एहॉल न्यू एरिया औरंगाबाद में आज न्याय व्यवस्था मैं आम नागरिक₹ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए युवा अधिवक्ताओं के कमेटी बनाई गई है जिसमें विनय कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता के अतिरिक्त सत्येंद्र प्रसाद अधिवक्ता रविंद्र कुमार अधिवक्ता भास्कर कुमार मिश्रा अधिवक्ता राम कुमार अधिवक्ता रखा गया है '

इस गोष्ठी को औरंगाबाद के पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह तथा वर्तमान उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा अधिवक्ता हामिद अंसारी अपने विचार रखेंगे' इसका अतिरिक्त नागरिक समाज की तरफ से समाजवादी विचार मंच के संरक्षक कभी जननायक कपूर्री ठाकुर सहित सत्येंद्र नारायण सिंह के निकटतम सहयोगी रहे राजीव रंजन सिन्हा लोक जनशक्ति पार्टी( रामविलास) प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जिले यह कमजोर एवं लाचार लोगों के उत्थान में हमेशा तत्पर रहने वाले समाजसेवी डॉक्टर प्रकाश चंद्र के अतिरिक्त पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भगवत सिंह यादव, जिला मुखिया संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह गोष्टी को संबोधित करेंगे' यह सर्व विदित है कि शाहिद जगतपति की स्मृति में होने वाले आयोजन में जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार हमेशा भाग लेते रहे हैं इस बार भी इन्होंने अपने आने की स्वीकृति दी है इनके साथ महान समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के निकटतम सहयोगी रहे पूर्व विधान पार्षद अजय सिंह अलमस्त भी शामिल होंगे' ओबरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जल स्वराज पार्टी के संस्थापक सोम प्रकाश को भी आमंत्रित किया गया है'

सभी जाति धर्म के सामान्य नागरिकों के साथ न्याय पाने में जो आज कठिनाई उत्पन्न हुई है या निराशा की स्थिति है इस पर एक सार्थक अभियान और राष्ट्रव्यापी विमर्श के लिए मध्य प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी महान समाजवादी नेता विचारक और दार्शनिक स्वर्गीय किशन पटनायक के निकटतम सहयोगी अजय खरे उत्तर प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी एवं गांधी विनोबा जयप्रकाश के रास्ते पर निरंतर चलने वाले सर्वोदय संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राम धीरज को भी आमंत्रित किया गया है और इन दोनों को आने की संभावना भी है' इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध चल समग्र विकास समिति के अध्यक्ष डॉ संजय रघुवर एवं संचालक उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद शर्मा एवं पूर्व शिक्षक अजीत कुमार करेंगे तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबुद्ध नागरिक दीपक कुमार वर्मा ज करेंगे' इस कार्यक्रम में पुनपुन बराज से पीड़ित लोग विरमानी द्विवेदी के नेतृत्व में भी शामिल होंगे'

इस कार्यक्रम में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे और सरकार के मुख्य सचिव तथा विधि विभाग के सचिव गृह विभाग के प्रधान सचिव इत्यादि को ज्ञापन भेजे जाएंगे' वहीं दूसरी जिले जिले में सबको न्याय दिलाने की दिशा में एक सार्थक पहल किया जाएगा अभियान चलाया जाएगा'।

## युवा समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ऊर्फ पमपम ने रक्षाबंधन की बधाई दी



गया जी बिहार के गयाजी शहर के केंदुई के रहने वाले युवा समाजसेवी और युवाओं की धड़कन संतोष कुमार सिंह ऊर्फ पमपम ने गया जिले वासियो को रक्षाबंधन की बधाई दी है. ।साथ ही उन्होंने कहा की रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन का पवित्र त्यौहार है और इसमें सभी भाई बहन को मिल-जुल कर माननी चाहिए. बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा है. यह भाई बहन की खुशियों का त्यौहार है. इसके लिए हम गया जिले वासियों के तमाम जनता को धन्यवाद और शुभकामनाएं देते हैं।

# क्रांति दिवस हमें राष्ट्रभक्ति, बलिदान और एकता का संदेश भी देता है: डॉ. मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। भारत छोड़ो आंदोलन की ऐतिहासिक वर्षगांठ एवं क्रांति दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा गयाजी नगर स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक (कोतवाली के पास) पहुंचकर जगन्नाथ मिश्रा,भुई राम ,कैलाश राम एवं धामी टोला में शहीद स्मारक कैलाश एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को गांधी चौक स्थित प्रतिमा पर जाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। स्मारक स्थल पर पुष्पमालाएं अर्पित कीं और पुष्प वर्षा कर उन महापुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में दिया गया ₹भारत छोड़ो₹ का नारा देश की आजादी की निर्णायक घड़ी साबित हुआ है। इस आंदोलन में देश के कोने-कोने से लाखों स्वतंत्रता सेनानी जेल गए, अनेक ने यातनाएं सहीं और अनगिनत वीरों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें केवल इतिहास को याद करने का अवसर ही नहीं देता, बल्कि यह हमें राष्ट्रभक्ति, बलिदान औरएकता का संदेश भी देता है ।डॉ. मिश्रा ने कहा कि गया जिला सहित पूरे बिहार ने स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। यहां के क्रांतिकारियों ने न केवल अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी, बल्कि जनमानस में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की है। उन्होंने स्मरण कराया कि आज जो हम स्वतंत्र व लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं, वह इन वीर सपूतों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान का परिणाम है।डॉ. मिश्रा ने कहा – इन देश के वीर शहीदों के त्याग को हम कभी नहीं भूल सकते। उनके द्वारा किए गए बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि हम सब मिलकर ईमानदारी, निष्ठा और सेवा भाव से कार्य करेंगे, तो भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा।

## नगरा चौक पर घंटों लगा महाजाम, राहगीर परेशान

छपरा। जिले के नगरा चौक पर शनिवार को भीषण जाम लग गया, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस महाजाम ने चौक से गुजरने वाले चारों ओर के मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें खड़ी कर दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े रिक्शा वाहनों और बाजार में बढ़ी भीड़ के कारण स्थिति बिगड़ गई। जाम के चलते बाइक, ऑटो, चारपहिया वाहन और पैदल चलने वाले यात्रियों को भी आवाजाही में घंटों प्रभावित रही। महाजाम में एंबुलेंस भी कुछ देर के लिए फसी रही हालांकि सूचना मिलने पर नगरा पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची ।

# तीन दिवसीय संस्कृत महोत्सव संपन्न में संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग द्वारा त्रिदिवसीय संस्कृत महोत्सव धूमधाम के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। महोत्सव में तीन दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुभारंभ में वीर कुंवर सिंह आरा विश्वविद्यालय से पधारे प्रो (डॉ) प्रकाश राय के द्वारा ' कनिष्ठिकाऽधिष्ठित कालिदासः' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने कालिदास के कृतित्व और उनकी अद्वितीय लेखन शैली की विशेषताओं को विभिन्न ग्रन्थों के आधार पर छात्रों के समक्ष उद्धृत किया। दूसरे दिन छात्रों के द्वारा आचार्य संस्कृत की आचार्य डॉ एकता वर्मा एवं डॉ ममता मेहरा के मार्गदर्शन में नई शिक्षा नीति के जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं ज्ञान-विज्ञान की आधारभूत भाषा संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन एवं जन-जन तक प्रसार को प्रोत्साहित करना था। श्रावण मास के मद्देनजर संस्कृत विभाग में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के द्वारा हाथों पर मेहंदी के कलात्मक डिजाइन रचाई गई। प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी प्रथम,सुरुचि कुमारी को द्वितीय तथा अलका कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीसरे दिन संस्कृत श्लोक वाचन में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 10 अगस्त, 2025






# हरदीप पुरी बोले- भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा

## लेकिन आयात अब भी महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को स्वच्छ ऊर्जा और घरेलू ईंधन उत्पादन में भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि देश अब भी अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। पेट्रोलियम मंत्री ने जैव ऊर्जा और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की प्रगति पर कहा, हमारे पास पहले से ही 113 संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र कार्यरत हैं और 73 निर्माणाधीन हैं। मंत्री ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में पायनियर बायोफ्यूल्स 360 शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, यदि आप बाजार में आने वाले कार मॉडलों को देखें, तो पाएंगे कि उनमें से कई नए मॉडल सीएनजी-संगत हैं। इसलिए यह एक सफलता की कहानी है। पुरी ने ऊर्जा पहुंच में प्रगति के एक अन्य उदाहरण के रूप में भारत के लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वितरण की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, आज हम सभी आंकड़ों से उलट चल रहे हैं। देश में 33.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना के तहत 10.5 करोड़ कनेक्शन शामिल हैं, फिर भी हम अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करते हैं। आयात पर निर्भरता को स्वीकार करते हुए, पुरी ने दोहराया कि देश घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी रिफाइनरियां अधिक उत्पादन करने जा रही हैं। हम अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) में और अधिक काम करने जा रहे हैं। प्राकृतिक गैस के बारे मंत्री पुरी ने कहा कि घरेलू उत्पादन में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा, हां, हमारा उत्पादन प्रति वर्ष 18 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी हम अब भी लगभग 50 प्रतिशत आयात कर रहे हैं। मंत्री पुरी ने आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# देसी में है दम... तभी तो यह शख्स कर रहा करोड़ों रुपये की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन कहता है कि देसी चीजों में दम नहीं है एक बार आप उसे करिए तो सही, पैसा आना अपने आप शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ किया है कोयंबटूर के रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास कुमार ने। विकास कुमार केमिकल फ्री स्विमिंग पूल बनाते हैं। इसके जरिए वह आज करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं। विकास कुमार अपने छोटे बेटे के लिए केमिकल-फ्री स्विमिंग पूल खोज रहे थे। उन्होंने देखा कि शहर के ज्यादातर पूल में क्लोरीन होता है। क्लोरीन त्वचा, बालों और फेफड़ों के लिए हानिकारक होता है। विकास को अपने बचपन के गांव के नेचुरल



तालाबों से प्रेरणा मिली। उन्होंने बिना सीमेंट और केमिकल के नेचुरल चीजों से स्विमिंग पूल बनाने का फैसला किया।

**कैसे लिया फैसला-** विकास ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं नहीं चाहता था कि मेरा बेटा हर बार तैरने के बाद चश्मा पहने, उसकी आंखें लाल हों और उसमें से ब्लीच की गंध आए। इसलिए विकास ने साधारण पूल से अलग कुछ करने का सोचा। उन्होंने तमिलनाडु के पोल्लाची में अपने फार्महाउस पर बिना सीमेंट, क्लोरीन या सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल किए नेचुरल, सेल्फ-क्लीनिंग स्विमिंग तालाब बनाया।

## कंपनी बनाकर शुरू किया काम

सीए होने के बावजूद विकास को रिस्क पता थे। लेकिन उन्हें पर्यावरण और आर्थिक दोनों तरह से यह सही लगा। उन्होंने बायोस्फीयर नाम से एक कंपनी शुरू की। यह कंपनी इंडियन क्लाइमेट, मटेरियल और लाइफस्टाइल के हिसाब से बायो स्विमिंग पूल डिजाइन और बनाती है। उनके पूल पूरी तरह से नेचुरल और लोकल मटेरियल से बने होते हैं। एक कम एनर्जी वाला पंप हर समय चलता रहता है। यह पानी को बजरी, जलीय पौधों और फायदेमंद बैक्टीरिया की परतों से होकर गुजारता है। ये बैक्टीरिया और पौधे नेचुरल फिल्टर की तरह काम करते हैं। वे पानी से गंदगी निकालते हैं और उसे बैलेंस रखते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के केमिकल या हर साल पानी बदलने की जरूरत नहीं होती है।

**कितनी हो रही कमाई-** आज बायोस्फीयर सिर्फ एक आदमी की कंपनी नहीं है। यह एक बढ़ता हुआ बिजनेस है। यह पूरे भारत में इको-फ्रेंडली घर मालिकों, रिसॉर्ट और फार्महाउस को सर्विस देता है। एक नेचुरल स्विमिंग तालाब बनाने में लगभग 45 दिन लगते हैं। इसे कस्टमाइज भी किया जा सकता है। इसमें कोई तालाब, झरने और नेचुरल स्ट्रीम भी बनाए जा सकते हैं। इन पूल को ज्यादा मेंटेनेंस की जरूरत नहीं होती है। इनमें कंक्रीट या प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं होता है।

# रूस से खरीद बंद होने पर दुनिया में 10 फीसदी बढ़ेंगे क्रूड के दाम

- यहीं से हो रहा 10 प्रतिशत कच्चा तेल आपूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च टैरिफ के दबाव में आकर अगर सभी देशों ने रूस से कच्चे तेल की खरीदारी बंद कर दी, तो इससे वैश्विक स्तर पर क्रूड के दाम 10 फीसदी बढ़ जाएंगे। एसबीआई ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, कच्चे



तेल की वैश्विक आपूर्ति में रूस की हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। रूस से तेल खरीदारी बंद करने पर दुनियाभर में क्रूड की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। ऐसा तब तक होगा, जब तक कोई अन्य तेल उत्पादक देश इस कमी को पूरा करने के लिए आगे न आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से न सिर्फ देशों का आयात बिल बढ़ेगा, बल्कि लागत और महंगाई के मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना होगा। कुल मिलाकर, अनिश्चितताओं और अस्थिरता के इस दौर में इन सबका नकारात्मक असर वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर पर पड़ेगा।

## ट्रंप पर पनगढ़िया का कटाक्ष

# लाशें चलती ही होंगी.. तभी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले कटाक्ष पर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। डॉलर के संदर्भ में तो यह इससे भी अधिक है। ट्रंप के बयान पर तो यही कहा जा सकता है कि हो सकता है लाशें चलती हों। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने शुक्रवार को कहा, यदि अर्थव्यवस्था मृत है तो आप 7 प्रतिशत से अधिक की दर से विकास नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि इस परिभाषा का क्या अर्थ है। ट्रंप ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मुझे इसकी परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे मिलकर अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को नीचे गिरा सकते हैं, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पनगढ़िया ने कहा, भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। भूमि और श्रम बाजार सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए। विकास की गति तेज करने के लिए नियमों में ढील देना चाहिए। निर्यात पर उच्च शुल्क के बाद निर्णायक मोड़ का सामना कर रहे भारत को सुधार एजेंडे पर तेजी लानी चाहिए।

**एक बाजार बंद होने पर हमें दूसरे को खोलने की जरूरत-** पनगढ़िया ने कहा, एक बाजार लगभग बंद होता दिख रहा है। इसलिए हमें दूसरे बाजार को बड़े पैमाने पर खोलने की जरूरत है।

# भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा

## टैरिफ पर अमेरिका के साथ बढ़ रहे तनाव पर बोले केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एलान के बाद बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने पीयूष गोयल ने भारत का स्टैंड साफ किया है। केंद्रीय मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा कि भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा।

वैश्विक व्यापार समूहों के साथ भारत के भविष्य के जुड़ाव के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि आज देश बहुत अधिक मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह सालाना साढ़े छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसमें तेजी आने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री इस विचार को नकारते हुए कि दुनिया विभूमंडलीकरण का सामना कर रही है, तर्क दिया कि देश अब अपने लिए व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत इस साल पिछले साल की तुलना में ज्यादा निर्यात करेगा। उन्होंने आगे कहा कि व्यापार बाधाओं से निपटने के लिए पहले से ही उपाय किए जा रहे हैं।

भविष्य के मुक्त व्यापार समझौतों पर, गोयल ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण केवल शुल्क रियायतों की मांग से आगे बढ़ चुका है। चार देशों के ईएफटीए समूह के साथ हुई बातचीत को याद करते हुए, उन्होंने उनसे कहा, हम 4 ट्रिलियन



अमेरिकी डॉलर की और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारे पास युवाओं की शक्ति है, जबकि आपकी आबादी बूढ़ी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ईएफटीए के सदस्य देश भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर सहमत हुए हैं, जिससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोज़गार और कुल मिलाकर लगभग 50 लाख नौकरियाँ पैदा होंगी। उन्होंने आगे कहा, 1 अक्तूबर से ईएफटीए समझौता लागू हो जाएगा और इसके लाभ दिखाई देने लगेंगे।

गोयल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहने के लिए कांग्रेस सांसद की भी आलोचना की और कहा कि देश कांग्रेस के उत्तराधिकारी को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता की ओर से नकारात्मक कहानी को दोहराना शर्म की बात है। मैं इसके लिए उनकी निंदा करता हूं और स्पष्ट रूप से कहूं तो, देश राहुल गांधी को भारत की ओर से दुनिया के सामने रखी जा रही इन अपमानजनक टिप्पणियों के लिए कभी माफ नहीं करेगा।

भारत की आर्थिक मजबूती के बारे में बताते हुए गोयल ने कहा कि देश की मुद्रा, विदेशी मुद्रा भंडार, शेयर बाजार और बुनियादी बातें मजबूत बनी हुई हैं और महंगाई अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में दुनिया में सबसे कम है। गोयल ने कहा, पूरी दुनिया हमें सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मानती है, जो वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत के 1.4 अरब युवा, कुशल और महत्वाकांक्षी नागरिक वैश्विक साझेदारों के लिए एक शक्तिशाली आकर्षण हैं।

उन्होंने वर्ष 2000 के बाद से भारत में हुए बदलावों का भी जिक्र किया और हजारों नौकरियां पैदा करने का श्रेय आईटी उद्योग को दिया। केंद्रीय मंत्री ने याद दिलाया कि कैसे देश ने कोविड-19 संकट को एक अवसर में बदल दिया।

# सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने का अंतिम मौका

## आपका आइडिया बन सकता है अगला बड़ा समाधान




**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली की गलियों से लेकर कोल्हापुर की कक्षाओं तक, हजारों छात्रों ने एक साहसी विश्वास के साथ कदम बढ़ाया है — मैं कल के लिए समाधान खोज सकता हूं। अब, जैसे ही सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोडशो अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, भारत के युवा चेंजमेकर्स के लिए अपने आइडियाज़ को हकीकत में बदलने की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 30 जून 2025 इस राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगितासैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो में आवेदन करने का आखिरी दिन है। यह चैलेंज 14 से 22 वर्ष की उम्र के युवाओं के लिए है, जिसने पूरे देश में एक नई सोच और बदलाव की लहर पैदा की है। 29 अप्रैल 2025 को शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को मिलते हैं — डिज़ाइन थिंकिंग टूल्स, सैमसंग और आईआईटीदिल्लीके विशेषज्ञों से मेंटरशिप, निवेशकों से संपर्क के अवसर, प्रोटोटाइप बनाने की सहायता और 1 करोड़ रुपये जीतने का मौका।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर, रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त होने वाले हफ्ते के दौरान 9.322 अरब डॉलर कम होकर 688.871 अरब डॉलर रह गया। यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। आरबीआई ने शुक्रवार को फॉरेक्स रिजर्व से जुड़े आंकड़े जारी किए। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 2.703 बिलियन डॉलर बढ़कर 698.192 बिलियन डॉलर हो गया था। केंद्रीय बैंक ने अपने आंकड़ों में बताया कि एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.319 अरब डॉलर घटकर 581.607 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.706 अरब डॉलर घटकर 83.998 अरब डॉलर रह गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 237 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 18.572 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गए। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति भी 59 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.694 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

# कहीं अमेरिका पर ही भारी न पड़ जाए टैरिफ

## विश्लेषकों की राय, ट्रंप के रवैये से बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**वाशिंगटन/लंदन, एजेंसी।** रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जुर्माने से लेकर दर्द निवारक दवा का बेजा इस्तेमाल रोकने के लिए फेंटेनाइल के आयात पर रोक लगाने तक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को अपनी विदेश नीति का पसंदीदा हथियार बना लिया है। भारी-भरकम टैरिफ लगातार दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा देने वाले ट्रंप अब इसी के बलबूते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घुटनों पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि इससे पुतिन के तेवरों में कोई कमी आने के आसार नहीं हैं। ट्रंप ने रूस को धमकाने के लिए एकदम नायाब तरीका निकाला है। उन्होंने रूस से कहा है कि या तो वह एक दिन के भीतर यूक्रेन के साथ जंग रोके या फिर उसका तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक टैरिफ के तौर पर जुर्माना लगाए जाने के लिए तैयार रहे। ट्रंप का मानना है कि द्वितीयक शुल्क (भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ की तरह) से बचने के लिए संबंधित देश रूस से कच्चा तेल आयात करना बंद कर देंगे। इससे एक प्रमुख वित्तीय स्रोत बंद होने से रूस के लिए जंग लड़ना मुश्किल हो जाएगा।

## एक साल में 93.21 फीसदी बढ़ी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

# ई-दोपहिया वाहनों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीतिगत समर्थन और चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार से इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (ई-कारों) की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में सालाना आधार पर 93.21 फीसदी बढ़कर 15,528 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 8,037 ई-यात्री वाहन बिके थे। कुल बिक्री में टाटा मोटर्स का योगदान सर्वाधिक रहा।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 6,047 ई-यात्री वाहनों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। यह संख्या जुलाई, 2024 में बेचे गए 5,100 इकाइयों से 18.57 फीसदी अधिक है। दूसरे स्थान पर काबिज एमजी मोटर इंडिया ने 5,089 ई-यात्री वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 214.91 फीसदी की वृद्धि है।



- **ई-वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री-** ई-तिपहिया वाहनों की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 69,146 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 63,675 ई-तिपहिया वाहन बिके थे। महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा।
- **बाजार हिस्सा बढ़ा, त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद-** विक्री बढ़ने से ई-वाहनों की बाजार हिस्सेदारी में भी तेजी देखने को मिली है। ई-यात्री वाहनों की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में बढ़कर 4.7 फीसदी पहुंच गई, जो जुलाई, 2024 में 2.4 फीसदी रही थी। ई-दोपहिया वाहनों की बाजार हिस्सेदारी 7.4 फीसदी से बढ़कर 7.5 फीसदी, ई-तिपहिया की 57.6 फीसदी से बढ़कर 62.1 फीसदी और ई-वाणिज्यिक वाहनों की हिस्सेदारी 1.07 फीसदी से बढ़कर 1.63 फीसदी पहुंच गई।

# क्रिकेटरों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। क्रिकेट जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और आकाश दीप जैसे भारतीय खिलाड़ी भी इस पावन पर्व को बड़े ही धूम-धाम से मना रहे थे।





# न्यूजीलैंड की टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत

## जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से हराया; डेवोन कॉन्वे प्लेयर ऑफ द मैच बने

बुलवायो (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने टेस्ट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत अपने नाम कर ली। टीम ने दूसरे टेस्ट में जिम्बाब्वे को एक पारी और 359 रन से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 2-0 से कीवियों के नाम रही। शनिवार को बुलवायो में जिम्बाब्वे अपनी दूसरी पारी में मात्र 28.1 ओवर में 117 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

डेब्यू कर रहे जकरी फॉल्क्स ने मैच में 9 विकेट लिए और टीम को सबसे बड़ी टेस्ट जीत दिलाई। शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 476 रन की बढ़त के बाद ओवर नाइट पारी घोषित कर दी। टीम ने (रचिन रवींद्र 165*, डेवोन कॉन्वे 153 और हेनरी निकोल्स 150*) की बदौलत 3 विकेट खोकर 601 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने लगातार अपना छठा टेस्ट गंवाया और इस सीरीज की सभी चार पारियों में 170 से कम रन बनाए।

न्यूजीलैंड का जिम्बाब्वे दौरा अजेय रहा। उन्होंने टी-20 ट्राई-सीरीज के सभी मैच, फाइनल और दोनों टेस्ट जीते।

### न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी जीत

न्यूजीलैंड ने टेस्ट इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले 2012 में कीवियों ने नेपियर में जिम्बाब्वे को ही इनिंग और 301 रन से हराया था।

### जिम्बाब्वे की पहली पारी 125 रन पर सिमटी

जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पूरी टीम 125 रन पर ऑलआउट हो गई। मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। फॉल्क्स के खाते में 4 विकेट आए। जवाब में डेवोन कॉन्वे (153 रन), हेनरी निकोल्स (150* रन) और रचिन



रविंद्र (165* रन) की पारियों से 601 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। जिम्बाब्वे का कोई भी गेंदबाज अपनी छाप नहीं छोड़ पाया। जिम्बाब्वे की दूसरी पारी 117 ओवर में ही समाप्त हो गई।ब्रैंडन टेलर 42 महीने बैन के बाद टेस्ट खेलने उतरे। उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ओपनिंग बल्लेबाजी की।

### हेनरी ने टेस्ट में छठी बार 5 विकेट हॉल लिया

हेनरी ने 15 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 40 रन देते हुए ये 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का छठा 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ-साथ उन्होंने दूसरी बार इस टीम के विरुद्ध 5 या अधिक विकेट लेने में सफलता हासिल की। यह सीरीज में उनका दूसरा 5 विकेट हॉल था। पहले टेस्ट में उन्होंने कुल 9 विकेट (6/39 और 3/51) हासिल किए थे। दूसरी पारी में हेनरी ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए। हेनरी सीरीज में 16 विकेट लेने की वजह से प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने।

### रचिन का तीसरा शतक

रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में 139 गेंदों का सामना किया और 165 रन बनाए। उनके बल्ले से 21 चौके और 2 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का तीसरा और जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला शतक रहा। उन्होंने अब तक 17 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 32 पारियों में 42.20 की औसत से 1,224 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 240 रन रहा है। उन्होंने यह पारी साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली थी।

### हेनरी निकोल्स के बल्ले से निकला 10वां शतक

निकोल्स ने 245 गेंदों का सामना किया और 150 रन बनाए। उनके बल्ले से 15 चौके निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 10वां और जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला शतक रहा। रविंद्र और निकोल्स के बीच 285 गेंदों में नाबाद 256 रन की साझेदारी हुई। अब तक इस खिलाड़ी ने 58 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 90 पारियों में 39.02 की औसत से 3,161 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200* रन रहा है।

### कॉन्वे के 2 हजार रन पूरे

कॉन्वे ने इसी टेस्ट में अपने करियर के 2000 रन पूरे किए और करीब ढाई साल बाद पांचवां शतक लगाया। उन्होंने 153 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए शुक्रवार का दिन बेहद कठिन रहा। उनके तीन गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी, ट्रेवर ग्वांडू और विन्सेंट मसकेसा सभी ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए। यही तीनों इस मैच में अब तक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे, हालांकि ग्वांडू का विकेट पहले दिन आया था।

### निकोल्स और रवींद्र के बीच 256 रन की नाबाद साझेदारी हुई

मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हेनरी निकोल्स और रचिन रवींद्र ने चौथे विकेट के लिए 256 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। दोनों ने शतक लगा दिए और जिम्बाब्वे? के बॉलर्स की बॉल पर मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए।निकोल्स 245 बॉल पर 150 रन बनाकर नाबाद लौटे। पारी में हेनरी ने 15 चौके लगाए।

# कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की तैयारी शुरू की



लंदन (एजेंसी)। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 5 महीने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की तैयारी शुरू कर दी है। वे लंदन में गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच नईम अमीन से ट्रेनिंग ले रहे हैं। कोहली अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे सीरीज के मैच खेलेंगे।36 साल के भारतीय बल्लेबाज ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रैक्टिस का फोटो पोस्ट किया, जिसमें वे नईम अमीन के साथ दिख रहे हैं। नईम के हाथ में कोहली का बल्ला भी है। विराट ने लिखा- तैयारी में मदद करने के लिए शुक्रिया भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है। विराट कोहली ने 9 मार्च 2025 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। आखिरी बार वे न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे। उस मुकाबले को भारतीय टीम ने 4 विकेट से जीता था। विराट कोहली अक्टूबर महीने में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते दिखेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लेंगे। टीम इंडिया यह सीरीज 19 से 25 अक्टूबर के बीच खेलेगी। इस दौरे पर 5 टी-20 मैच भी खेले जाएंगे, लेकिन विराट कोहली टी-20 मैचों का हिस्सा नहीं होंगे।

# बेंगलुरु में देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनेगा



बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था। इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जैसा बन सकता है।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

## सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई, नवाज-रिजवान के अर्धशतक

त्रिनिदाद (एजेंसी)। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में 281 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 49वें ओवर में जीत दर्ज की।

वनडे डेब्यू कर रहे हसन नवाज जीत के हीरो रहे। उन्होंने नाबाद अर्धशतक (63*) लगाया। वहीं, अपने करियर का दूसरा मैच खेल रहे हुसैन तलत नाबाद 41 रन बनाए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 104 रनों की नाबाद साझेदारी हुई और पाकिस्तान ने 7 गेंदें शेष रहते टारगेट हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज की ओर से तीन अर्धशतक लगे

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग कर रही वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 4 रन के स्कोर पर कैरिबियाई टीम का पहला विकेट गिरा। ब्रैंडन किंग 5 गेंदों का सामना कर 4 रन बना कर आउट हो गए।उसके बाद वेस्टइंडीज की ओर से तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े और पारी को संभालते हुए स्कोर 280 तक पहुंचाया। जिसमें एविन लुईस (60), शाई होप (55) और रोस्टन चेज (53) शामिल हैं। इनके अलावा केसी कार्टी ने 30 और गुकेश मोती ने 31 रन बनाए।



### वेस्टइंडीज की ओर से दो 50+ साझेदारियां हुई

दूसरे विकेट के एविन लुईस और केसी कार्टी ने 82 गेंदों पर 77 रन की साझेदारी की। उसके बाद चौथे विकेट के लिए शाई होप और रदरफोर्ड ने 39 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप की। वहीं, पांचवें विकेट के लिए रोस्टन चेज ने 89 गेंदों पर 64 रन की पार्टनरशिप की।

वेस्टइंडीज की पूरी टीम 49वें ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने 51 रन देकर 4 विकेट और नसीम शाह ने 55 रन देकर 3 विकेट लिए।

### रिजवान-नवाज के अर्धशतक

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 16 रन के स्कोर पर आउट हो गए। उसके बाद अब्दुल्ला शफीक (29) और बाबर आजम के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 गेंदों पर 47 रन की साझेदारी हुई।उसके बाद बाबर (47) ने मोहम्मद रिजवान (53) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 गेंदों पर 55 की साझेदारी। उसके बाद रिजवान ने चौथे विकेट के लिए आगा सलमान के साथ 43 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी की। वहीं पांचवे विकेट के लिए रिजवान और हसन नवाज के बीच 41 गेंदों पर 22 रन की साझेदारी हुइ।

### हसन और तलत ने संभाला मोर्चा

रिजवान के आउट होने के बाद पाकिस्तान मुश्किल में था, क्योंकि 101 रन अभी बाकी थे। हसन नवाज और हुसैन तलत ने मोर्चा संभाला। हसन ने शुरुआत में 12 गेंदों में सिर्फ 3 रन बनाए और स्पिन के खिलाफ कमजोर दिखे। वेस्टइंडीज ने उनके दो बार कैच छोड़े, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने पारी को संभाला।

# 'वापसी का बेसब्री से इंतजार', सूर्यकुमार यादव एशिया कप की तैयारी में लगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले रिकवरी के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। जून में सूर्यकुमार ने जर्मनी के म्यूनिख में अपनी सफल स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बारे में इंस्टाग्राम पर एक अपडेट साझा किया था। शुक्रवार को सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे थे और अपनी फिटनेस वापस पाने के लिए अलग-अलग एक्सरसाइज कर रहे थे। उन्होंने अपने पोस्ट का कैप्शन दिया, जो मुझे पसंद है उसे करने के लिए वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में बताया गया था कि यह तेजतर्रार बल्लेबाज सर्जरी से उबरने के दौरान बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में है। अगले कुछ हफ्तों में सूर्यकुमार का कार्यभार काफी बढ़ने की उम्मीद है और माना जा रहा है कि वह अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसकी शुरुआत 9 सितंबर से होनी है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के सितंबर के पहले हफ्ते में यूएई जाने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में अपना खिताब बचाने के लिए भारत की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक होगा। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी श्रीलंका के साथ करेगा।सूर्यकुमार को जून 2024 में विश्व कप जीतने के बाद भारत की टी20आई टीम की कमान सौंपी गई थी, जब रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को आखिरी बार जून में मुंबई टी20 लीग के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट का प्रतिनिधित्व किया था।



# सीएसके बड़े बदलाव की तैयारी में, कई प्लेयर्स रिलीज होंगे

## नीलामी में 40 करोड़ के पर्स के साथ उतर सकती हैं; धोनी खेल सकते हैं

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए अपनी टीम में और आक्रामकता लाने की योजना बना रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीएसके अपने पर्स को बढ़ाने के लिए कुछ खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है, ताकि नीलामी में बड़े खिलाड़ियों को शामिल किया जा सके। अगले सीजन से पहले सीएसके मैनेजमेंट का टारगेट एक संतुलित और मजबूत टीम बनाना है।

टीम का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। ष्टस्य ने 14 में से केवल 4 मैच जीते और पॉइंट्स टेबल में सबसे आखिरी 10वें स्थान पर रही थी। इसके साथ ही फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि महेंद्र सिंह धोनी के अगले सीजन में भी खेलने की संभावना है।

भारत के ऑफ स्पिनर आर अश्विन (9.75 करोड़ रुपए) की टीम से विदाई तय लग रही है। वहीं, डेवोन कॉन्वे (6.25 करोड़ रुपए), रचिन रवींद्र (4 करोड़ रुपए), राहुल त्रिपाठी (3.4 करोड़ रुपए), सैम करन (2.4 करोड़ रुपए), गुरजपनीत सिंह (2.2 करोड़ रुपए), नाथन एलिस (2 करोड़ रुपए), दीपक हुड्डा (1.75 करोड़ रुपए), जेमी एवरटन (1.5 करोड़ रुपए) और विजय शंकर (1.2 करोड़ रुपए) जैसे खिलाड़ियों के भविष्य पर भी सवालिया निशान है। अगर टीम इन खिलाड़ियों को रिलीज करती है तो टीम के पास 34.45 करोड़ रुपए की राशि हो सकती है और कुछ अतिरिक्त राशि के साथ सीएसके नीलामी में लगभग 40 करोड़ रुपए के साथ उतर सकती है।

दूसरी ओर, कप्तान संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से मिनी ऑक्शन से पहले खुद को ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। संजू को अपने साथ जोड़ने के लिए सीएसके, केकेआर और डीसी रुचि दिखा रही हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स सैमसन को अपनी टीम में शामिल करना चाहती है। 2025 के खत्म होने के बाद ही सैमसन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में ष्टस्य मैनेजमेंट और उनके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग से मुलाकात भी की थी। समझा जाता है कि चेन्नई 30 साल के खिलाड़ी को ट्रेड डील के जरिए चेपॉक लाने के लिए तैयार है। हालांकि टीम के लिए यह आसान नहीं है।एमएस धोनी की ओर से अभी तक इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि वह अगले सीजन में नहीं खेलेंगे। पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था और फ्रैंचाइजी का मानना है कि उनके पूर्व कप्तान एक और सीजन के लिए टीम में बने रहेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बांदा में शराब के नशे में बेटे ने चाकू से हमलाकर बुजुर्ग पिता की हत्या की, गिरफ्तार

**बांदा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर शराब के नशे में एक युवक ने चाकू व फरसे से हमलाकर अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस सिलसिले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि कुलकुमारी गांव में शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे गोरेलाल (35) ने शराब के नशे में चाकू और फरसे से हमलाकर अपने पिता नंदलाल कुशवाहा (60) को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत में धान की रोपाई के लिए गए हुए थे, चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और परिजनों को घटना की सूचना दी। दुबे ने बताया कि कुशवाह को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, ''गोरेलाल शराब पीने का आदी है और शराब के नशे में पिता से उसकी कहासुनी हुई, जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया।'' थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोरेलाल को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है और आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### यूपी पंचायत चुनावः 25 अगस्त तक घर-घर जाएंगे बीएलओ, जिलाधिकारी का निर्देश

**प्रयागराज , एजेंसी।**यूपी में अगले वर्ष प्रस्तावित पंचायत चुनाव को तैयारियां तेजी चल रही हैं। पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम 18 अगस्त से शुरू होगा जो कि 25 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाएंगे और मतदाताओं के नाम जोड़ेंगे। जिलाधिकारी ने संबंध में निर्देश जारी किया है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रयागराज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को पंचायत चुनाव के लिए अधिकारियों की बैठक की। प्रयागराज जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि अगर 25 अगस्त तक बीएलओ ग्राम पंचायत में न पहुंचे या फिर किसी को कोई शिकायत है तो वह जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत, प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय से व्यक्तिगत रूप से मिलकर या फिर फोन पर बात करके शिकायत कर सकता है। ऐसे लोग जिनकी आयु एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है वह अपने निवास से संबंधित ग्राम पंचायत में मतदान करने के योग्य माने जाएंगे। जिला अधिकारी ने सभी से अपील की है कि अगर उनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। आपको बता दें कि अगले साल यूपी पंचायत चुनाव होना हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार 504 ग्राम पंचायतें कम हो चुकी हैं। अब 57696 ग्राम पंचायतों में चुनाव होगा। वहीं नगरीय सीमा विस्तार होने की वजह से ग्राम पंचायत के वार्ड भी कम हो जाएंगे।

### महाराष्ट्र को मिलेगी देश की सबसे लंबी दूरी वाली वंदे भारत एक्सप्रेस

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लिए खुशखबरी है। राज्य को जल्द ही अपनी 12वीं वंदे भारत एक्सप्रेस मिलने जा रही है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को करेंगे। यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन अजनी (नागपुर) से पुणे के बीच चलाई जाएगी और इसका संचालन व रखरखाव सेंट्रल रेलवे जोन द्वारा किया जाएगा। अजनी (नागपुर)-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस देश की सबसे लंबी चलने वाली वंदे भारत ट्रेन होगी, जो कि 881 किमी की दूरी तय करेगी। यह नागपुर से पुणे के बीच की सबसे तेज ट्रेन होगी, जिसकी औसत रफ्तार 73 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रेन में 10 इंटरमीडिएट स्टॉप होंगे और यह वार्धा-अकोला-शेगांव-भुसावल-जलगांव-मनमाड़ होते हुए पुंटांबा-डौंड के मार्ग से गुजरेगी। यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 26101/26102 के रूप में चलेगी। पुणे से नियमित सेवा 11 अगस्त से और अजनी से 12 अगस्त से शुरू होगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।यह सेवा दोनों शहरों और बीच के कस्बों में काम, व्यापार, पढ़ाई और पर्यटन के लिए यात्रियों को बड़ी सुविधा देगी। व्यापारी, छात्र, कर्मचारी और पर्यटक सभी को तेज़ और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापार और वाणिज्य के नए अवसर भी खुलेंगे।

# उदयपुर फाइल्सः कन्हैयालाल की आत्मा के लिए भी खाली रखी एक सीट

**उदयपुर, एजेंसी।**
चर्चित कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्सः आज रिलीज हो गई है। फिल्म की रिलीज के मौके पर कन्हैयालाल के बेटे यश साहू ने भावुक अपील करते हुए कहा कि यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि देश के लोगों के लिए एक संदेश है कि 28 जून को उनके पिता के साथ क्या हुआ और किस तरह देश में आतंकवाद की जड़ें काम कर रही हैं।

यश साहू ने कहा, मैं देश के लोगों से अपील करता हूं कि वे यह फिल्म जरूर देखें और सच्चाई जानें। यह फिल्म किसी भी धर्म का विरोध करने या किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और आतंकवाद के खतरनाक चेहरे को उजागर करना है। उन्होंने बताया कि फिल्म के विशेष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और फिल्म को भरपूर समर्थन दिया। मेरी मां यह फिल्म नहीं देख पाएंगी, लेकिन थिएटर में मेरे पिता की आत्मा के लिए एक सीट खाली रखी गई और उस पर उनका फोटो लगाया गया, ताकि उनकी मौजूदगी का अहसास बना रहे, यश ने कहा।

यश साहू ने आगे बताया कि इस फिल्म को बनाने और रिलीज करने में कई हिंदू संगठनों ने सहयोग दिया, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भी पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि यह समर्थन उनके परिवार के लिए हौसला बढ़ाने वाला है और उन्हें न्याय की लड़ाई जारी रखने की ताकत देता है।

कन्हैयालाल हत्याकांड 28 जून 2022 को उदयपुर में हुआ था, जब दो हमलावरों ने उनके दुकान में घुसकर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था और इसके बाद पूरे देशभर



में कड़ी निंदा हुई थी। जांच एजेंसियों ने इस मामले को आतंकी साजिश से जुड़ा मानते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म इसी घटना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे कट्टरपंथी सोच के चलते निर्दोष लोगों की जानें जाती हैं और समाज में भय का माहौल फैलता है। फिल्म का उद्देश्य न केवल घटना की सच्चाई सामने लाना है, बल्कि लोगों को यह समझाना भी है कि आतंकवाद की जड़ें किस तरह पनपती हैं और उन्हें खत्म करने के लिए समाज को एकजुट होना कितना जरूरी है। फिल्म की रिलीज पर यश साहू के बयान ने दर्शकों के बीच भावनात्मक माहौल बना दिया। कई लोगों ने थिएटर में उनके पिता की तस्वीर के सामने श्रद्धांजलि दी और उनके साहस को सलाम किया। यश ने कहा, यह फिल्म मेरे पिता के न्याय की लड़ाई का हिस्सा है। हम चाहते हैं कि देश का हर नागरिक जाने कि उनके साथ क्या हुआ और यह समझे कि आतंकवाद किसी भी देश और समाज के लिए कितना बड़ा खतरा है। हिंदू संगठनों और आम लोगों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कई यूजर्स ने फिल्म देखने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए इसे आंखें खोल देने वाली और सच्चाई से रूबरू कराने वाली फिल्म बताया।

# फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेसः खड़गे

**बेंगलुरु , एजेंसी।**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की वोट अधिकार रैली को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव फर्जी वोटों के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हुए चुनावों में, एक विधानसभा ने 6,60,000 वोटों का सत्यापन किया है। पिछला चुनाव विश्वासघात का चुनाव था। मोदी की कोशिश है कि



अगर लोग वोट न भी दें, तो मोदी और अमित शाह चुनाव आयोग को आदेश दें कि वह तय करे कि कहाँ कम वोट देना है और कहाँ ज़्यादा। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कांग्रेस और अन्य दलों को डराकर बहुमत हासिल कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव अवैध रूप से जीते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी उन्होंने यही चाल चली है। मोदी एंड कंपनी 2024 का चुनाव नहीं जीत पाई। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक के सांसद 11 अगस्त को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार नहीं बचेगी, हम तुम्हें जनता से दूर कर देंगे। हम उन्हें सिर्फ़ गिराएँगे ही नहीं, बल्कि उन्हें सबक भी सिखाएँगे; वे ख़राब आर्थिक नीतियों से हमारे देश को बर्बाद कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि सोमवार को सभी सांसद दिल्ली में चुनाव आयोग जाएँगे और आयोग से अपील करेंगे। हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन के नेताओं की एक बैठक बुलाई है। हम सभी को एकजुट होना चाहिए, वरना प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही सत्ता में आ जाते। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भाषण को याद करते हुए, खड़गे ने कहा, संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो। कांग्रेस नेता ने कहा, उस समय उन्होंने 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन किया था। उसी तरह, हम भी संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो का रास्ता अपनाएँगे। मैं राहुल गांधी का धन्यवाद करता हूँ। वह लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। वह किसी भी चीज़ के लिए तैयार हैं। भले ही उनके ख़िलाफ़ 40-50 मामले दर्ज हों, फिर भी वह अपना अच्छा काम जारी रखे हुए हैं।

# राहुल की डिनर मीटिंग में उद्धव को मिली अंतिम पंक्ति में जगह, भाजपा ने पूछा- कहां गया आत्मसम्मान?

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। बीजेपी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) आमने-सामने हैं। वजह है हाल ही में राहुल गांधी द्वारा आयोजित डिनर मीटिंग में उद्धव ठाकरे का पिछली पंक्ति में बैठना। बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद संजय राउत को अंतिम पंक्ति में बैठे देखा गया। इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चुनाव आयोग पर कथित मतदाता धोखाधड़ी का प्रेजेंटेशन दे रहे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तंज कसते हुए कहा कि जब शिवसेना (एकीकृत) एनडीए का हिस्सा थी, तब उद्धव हमेशा पहली पंक्ति में बैठते थे। उन्होंने कहा, हमारे लिए उनका सम्मान हमेशा हमारे सम्मान से ऊपर था। अब हमें पता चला कि इंडिया ब्लॉक में उन्हें कैसा सम्मान मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे पहले कहा करते थे



कि वे दिल्ली के आगे नहीं झुकेंगे।

फडणवीस ने तंज कसते हुए कहा, देखिए आज हालात कैसे हैं, जबकि वे सत्ता में भी नहीं हैं। जब वो हमारे साथ थे, तब हमेशा फ्रंट रो में बैठते थे। वहीं, महाराष्ट्र बीजेपी ने बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा, इस तस्वीर में आत्मसम्मान खोजिए!

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी चुटकी ली। उन्होंने कहा, जिन्होंने आत्मसम्मान गिरवी रखकर बाल ठाकरे की विचारधारा छोड़ी, उन्हें इस अपमान से फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस ने उन्हें उनकी औकात दिखा दी। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बीजेपी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हम पहले पंक्ति में बैठे थे, लेकिन टीवी स्क्रीन पास होने से आंखों में तकलीफ हो रही थी, इसलिए पीछे चले गए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने उद्धव जी और उनके परिवार का घर जैसा स्वागत किया।

राउत ने तंज कसते हुए कहा, बीजेपी बेकार की बातों में उलझी है कि कौन कहां बैठा था।

# ट्रंप के टैरिफ वार के बीच रूस में डोभाल की मैराथन बैठक, टॉप-3 नेताओं से मिले

**रूस , एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को मास्को में रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात की। यह दो दिनों में उनकी तीसरी उच्चस्तरीय बैठक थी। गुरुवार को डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगू से बातचीत की और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी भेंट की थी।

रूसी सरकार के बयान के मुताबिक, डोभाल और मांतुरोव ने सैन्य-तकनीकी सहयोग के साथ-साथ नागरिक विमानन और रासायनिक उद्योग जैसे अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। मांतुरोव ने नवंबर 2024 में मुंबई में हुई पिछली भारत-रूस की बैठक में सह-अध्यक्षता की थी। डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव तेज हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की रूस से तेल खरीद जारी रखने के कारण भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25त्न शुल्क लगा दिया है, जो पहले से लागू 25प्रतिशत टैरिफ के साथ मिलकर कुल 50प्रतिशत हो गया है।

### पुतिन की भारत यात्रा पर भी चर्चा

डोभाल और रूसी नेताओं के बीच बातचीत में इस साल के अंत में होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन की नई दिल्ली यात्रा भी एजेंडे में रही।

गुरुवार को डोभाल ने कहा था कि ये वार्षिक बैठकें हमेशा मील का पत्थर साबित हुई हैं और रिश्तों को नई दिशा देती रही हैं। शुक्रवार को पुतिन



ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रयासों की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पुतिन के इस साल के अंत में नई दिल्ली आने की उम्मीद है, जहां वे वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

# 8 घायल, 1500 लोगों को रेस्क्यू किया



**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में लांढी के एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 8 लोग घायल हो गए और इमारत पूरी तरह ढह गई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, आग सुबह लगी और करीब चार घंटे से अधिक समय तक बेकाबू रही। आग बुझाने के लिए 12 फायर टेंडर तैनात किए गए, लेकिन आग तेजी से फैल गई। पास की चार अन्य फैक्ट्रियों तक भी आग पहुंच गई। फैक्ट्री में पुराने कपड़ों की रीसाइकलिंग होती थी और वहां केमिकल भी रखे थे, जिससे आग और तेज हो गई। रेस्क्यू अधिकारी आबिद जिलाल ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में 1,200 से 1,500 लोग मौजूद थे। सभी मजदूरों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया और आसपास की इमारतों को भी खाली कराया गया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने घटना का संज्ञान लिया और बचाव कार्यों में लगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुहम्मद हुमायूं ने बताया कि आग पहली मंजिल से शुरू हुई और तेजी से फैल गई। आग का कारण अभी पता नहीं चल सका है। मलबा हटाने में तीन से चार दिन लग सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की फैक्ट्रियों को सुरक्षा सर्वे फॉर्म भेजे गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जियो न्यूज के अनुसार, जून में लांढी में एक दूसरी फैक्ट्री में आग लगने से पांच कर्मी घायल हुए थे।

### हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने दूसरे सौरमंडल से आए धूमकेतु की सबसे साफ तस्वीर ली

**वाशिंगटन, डीसी, एजेंसी।**
हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने एक ऐसे धूमकेतु की अब तक की सबसे साफ तस्वीर खींची है, जो हमारे सौरमंडल के बाहर के किसी तारे से आ रहा है। यह धूमकेतु बहुत तेजी से यात्रा कर रहा है। यह तस्वीरें नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को साझा कीं। इस धूमकेतु का नाम 3आई-एटलस है। इसे पिछले महीने चिली में एक जमीन पर लगी दूरबीन से खोजा गया था। यह अब तक पाया गया तीसरा ऐसा अंतरतारकीय (दूसरे तारे से आया हुआ) पिंड है, जो हमारे सौरमंडल से होकर गुजरेगा। अच्छी बात यह है कि इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने सोचा था कि इसके बीच का बर्फीला हिस्सा (जिसे नाभिक कहते हैं) बहुत बड़ा होगा। लेकिन हबल की ली गई तस्वीरों से पता चला कि इसका आकार ज्यादा से ज्यादा 5.6 किलोमीटर है, और हो सकता है कि यह सिर्फ 320 मीटर ही हो। यह धूमकेतु करीब 2 लाख 9 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमारी दिशा में आ रहा है। लेकिन यह पृथ्वी के बजाय मंगल ग्रह के ज्यादा पास से गुजरेगा, इसलिए इससे हमें कोई खतरा नहीं है।नासा के अंतरिम प्रशासक सीन डफी ने 2030 तक चंद्रमा की सतह पर एक परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की योजना की घोषणा की है।

# 11000 की जनसंख्या वाले देश पर मंडरा रहा है डूबने का खतरा

### ऑस्ट्रेलिया ने खोले दरवाजे

**तुवालु, एजेंसी।**
समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण दुनिया के कई देश डूबने की कगार पर हैं। प्रशांत महासागर में मौजूद तुवालु भी इन्हीं में से एक है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, तुवालु अगले 25 साल में डूब जाएगा। ऐसे में तुवालु के लोगों ने अभी से पलायन करना शुरू कर दिया है।

9 कोरल आईलैंड और अटॉल्स से बने तुवालु देश की जनसंख्या महज 11,000 है। यह द्वीप समुद्रतल से महज 2 मीटर ऊंचा है। ऐसे में तुवालु से लोगों का पलायन दुनिया का पहला योजनाबद्ध प्रवास माना जा रहा है।

समुद्रतल से कम ऊंचाई के कारण तुलावु में अक्सर बाढ़ और समुद्री तूफान



जैसे खतरे बने रहते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तुवालु के 9 में से 2 आईलैंड पहले ही डूब चुके हैं और बाकी आईलैंड भी डूबने की कगार पर हैं। 15 सालें की तुलना में 2023 में तुवालु के आसपास का समुद्रीस्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया था। ऐसे में संभावना है कि अगले 25 सालों यानी 2050 तक तुवालु पूरी तरह से डूब जाए। 2023 में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया ने फॉलेपिली समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत हर साल 280 तुवालु नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया की स्थायी नागरिकता प्रदान की जाएगी। 16 जुलाई से 18 जुलाई के बीच आवेदन का पहला फेज देखने को मिला।

ऑस्ट्रेलियन हाई कमिशन के अनुसार, 8,750 लोगों ने आवेदन किया था। जिनमें से बैलट के जरिए 280 लोगों का चयन किया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129